* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

11 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 53

12 करोड़ के फ्लैट के लिए बेटे ने बैट से पीट पीट कर टीवी एक्ट्रेस वीणा कपूर मार डाला, नदी में फेंकी लाश



M.Sc. Nursing 2 Years
FLORENCE
Group Of Institutions
A Unit Haji Abdur Razzaque Educational Society
Direct Admission Open - 2023-24
PARAMEDICAL
◆ DMLT/ECG/X-RAY
◆ DRESSERS
◆ OPHTHALMIC ASST.
◆ OT ASSISTANT
Courses Offered:
GNM ANM
B.SC. Nursing
Post Basic B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
Mob. No. : 9031231082
6205145470, 9334645053
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
fsnirba@gmail.com
www.florencinstirba.com

ट्रेड फ्रेण्ड्स
एनएच-33 (चकला ओरमांझी)
BMW शोरूम के नजदीक, रांची
मो. : 9204951600
गोंदा टाउन, कांके रोड, रिलायंस मार्ट, रांची
मो. : 7360027795
मुर्गा छाप
कोरोनेशन छाप
लगन के रंग-बिरंगे पटाखों का विशाल संग्रह
40 वर्षों का विश्वास
खुशियां पटाखों से पटाखे हमसे...

समस्या है तो.... समाधान भी है



आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न, गोल्ड मेडलिस्ट, एम.ए. (ज्योति विज्ञान) टॉपर 2012 एवं. (Ph.D) रांची विश्वविद्यालय, रांची
8210075897, 9031249105
विवाह, व्यापार, परिवार, करियर आदि ऊपरी बाधा संबंधी किसी भी समस्या से परेशान हैं तो शीघ्र समाधान के लिए संपर्क करें।
प्रधान कार्यालय - कृष्णा ज्वेलर्स सोनार गली, ऊपर बाजार, रांची
आवास- आचार्यकुलम बहाबीर नगर, अरगोड़ा, रांची

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

# बांग्लादेश पर कहर बनकर टूटे ईशान किशन, रचा इतिहास और तोड़े रिकॉर्ड

- वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज बने
- सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बने ईशान किशन




**आजाद सिपाही संवाददाता**


**नयी दिल्ली।** भारत ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में बांग्लादेश को 227 रन से हरा दिया। इस मैच में बांग्लादेश के खिलाफ विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने 210 रनों की विस्फोटक पारी खेल कर सनसनी मचा दी है। ईशान भारत के लिए दोहरा शतक जड़ने वाले चौथे और सबसे युवा बल्लेबाज बने हैं। इसके साथ ही उनके नाम कई बड़े रिकॉर्ड भी दर्ज हो गये। अपनी इस पारी में उन्होंने 131 गेंदों का सामना किया, जिसमें उन्होंने 24 चौके और 10 गगनचुंबी छक्के भी लगाये।


ईशान ने बांग्लादेश के खिलाफ 210 रनों की पारी खेलकर कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिये। ईशान का वनडे करियर में यह पहला शतक था और ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी बल्लेबाज ने अपने पहले शतक को ही दोहरे शतक में बदला है।

इसके अलावा ईशान दोहरा शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज भी बने हैं। ईशान ने यह उपलब्धि 24 साल की उम्र में हासिल कर ली है। इससे पहले रोहित शर्मा ने 26 साल की उम्र में दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया था। सिर्फ इतना ही नहीं ईशान किशन वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं। ईशान ने सिर्फ 126 गेंद में इस आंकड़े को छू लिया। ईशान से पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल के नाम था। इसके साथ ही ईशान वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज भी बने हैं। ईशान से पहले यह कारनामा सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और रोहित शर्मा कर चुके हैं। 24 साल के ईशान किशन ने क्रिस गेल (138 बॉल पर) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। गेल ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ यह कारनामा किया था।

# गुजरात के भूपेंद्र पटेल और हिमाचल के सुखविंदर सुक्खू होंगे मुख्यमंत्री

- भूपेंद्र पटेल को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया
- कांग्रेस आलाकमान ने सुक्खू के नाम पर लगायी मुहर





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अहमदाबाद/ शिमला।** गुजरात के मुख्यमंत्री पद के लिए एक बार फिर से भूपेंद्र पटेल को चुना गया है। शनिवार को गांधीनगर स्थित कमलम ऑफिस में भाजपा विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से उनके नाम पर मुहर लग गयी। वहीं, हिमाचल में सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री पद के लिए चुना गया। शुक्रवार देर रात तक कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद मामले को आलाकमान पर छोड़ दिया गया था। आलाकमान ने उनके नाम पर मुहर लगा दी है।

## पटेल दूसरी बार बनेंगे मुख्यमंत्री 12 को लेंगे शपथ

गुजरात के गांधीनगर में शनिवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से भूपेंद्र पटेल के नाम पर मुहर लग गयी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में विधायक की दल की बैठक बुलायी गयी थी। बैठक में कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बतौर निरीक्षक शामिल हुए थे। भूपेंद्र पटेल 12 दिसंबर को गांधीनगर के हेलीपैड मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। गौरतलब है कि गुजरात की 182 विधानसभा सीट में से 156 सीट पर विजय हासिल करके भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भूपेंद्र पटेल का विधायक दल का नेता चुना जाना महज औपचारिकता थी, क्योंकि पार्टी चुनाव से पहले ही पटेल के राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा कर चुकी थी। वह दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे।

## हिमाचल में सुक्खू का नाम हुआ तय आज लेंगे शपथ

हिमाचल में 8 दिंसबर को चुनाव नतीजे आने के बाद से ही मुख्यमंत्री को लेकर घमासान जारी था। 40 सीटें जीतकर बहुमत हासिल करने वाली कांग्रेस में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह सीएम पद की दावेदार थीं। हालांकि, विधायकों से रायशुमारी के बाद सुखविंदर सिंह सुक्खू इस दौड़ में आगे निकल गये। कांग्रेस हाइकमान ने उनके नाम पर मुहर लगा दी। सुखविंदर सिंह सुक्खू राज्य के नये सीएम होंगे। उनके साथ प्रतिभा सिंह के खेमे से मुकेश अग्निहोत्री को डिप्टी सीएम बनाया जायेगा। इससे पहले सुक्खू का नाम आगे बढ़ने पर प्रतिभा सिंह गुट के लोगों ने सड़क पर धरना दिया और हाइकमान के खिलाफ नारेबाजी की।

कांग्रेस हाइकमान ने छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला को ऑब्जर्वर बना कर शिमला भेजा था। इन तीनों को जिम्मेदारी दी गयी कि वे विधायक दल की मीटिंग बुलाकर सीएम का नाम तय करें। शिमला में शुक्रवार देर रात तक चली कांग्रेस विधायक दल की बैठक में कोई नतीजा नहीं निकल पाया। किसी नाम पर सर्वसम्मति नहीं बनने पर मुख्यमंत्री चेहरा फाइनल करने के सारे अधिकार कांग्रेस हाइकमान को दे दिये गये थे। अंततः शनिवार शाम को हाइकमान ने सुखविंदर सिंह सुक्खू के नाम पर मुहर लगा दी। नये मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम रविवार यानी आज दोपहर 1.30 बजे शपथ लेंगे।

एक्शन : बेबी कुमारी ने कहा था मैं पढ़ना चाहती हूं सीएम सर

# 48 घंटे में पूरे परिवार को मिली मदद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पढ़ाई हेतु मदद की गुहार लगाने वाली गढ़वा की तिलदाग पंचायत निवासी बेबी कुमारी एवं उसके पूरे परिवार को सरकार की विभिन्न योजनाओं से आच्छादित कर दिया गया। बेबी कुमारी को सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना एवं उसकी बहनों को कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना, मां ललिता देवी को बकरी पालन हेतु मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से जोड़ा गया। बेबी के पिता इंद्रेश राम को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 5 लाख रुपये स्वीकृत किये गये। बेबी कुमारी की बहन रिमझिम कुमारी का नामांकन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कराया गया। साथ ही, मनरेगा से 1.30 लाख की लागत का पशु शेड भी स्वीकृत किया गया है।

**मुख्यमंत्री के प्रति बेबी ने जताया आभार :** मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए बेबी कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी से परसों मैंने पढ़ने के लिए मदद की गुहार लगायी थी। आज मुझे और मेरी बहनों को कई योजनाओं से आच्छादित किया गया। मां-पिताजी को भी स्वरोजगार से जोड़ा है। मेरी बहनों का पढ़ने का सपना अब साकार होगा। मैं पढ़कर शिक्षक बनूंगी। मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद।

**यह है मामला :** गढ़वा की तिलदाग पंचायत में लोक संवाद के दौरान मुख्यमंत्री से बेबी कुमारी ने कहा कि मैं पढ़ना चाहती हूं सर। मेरी मदद करें। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त गढ़वा को बेबी और उसके पूरे परिवार को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के उपरांत 48 घंटे के अंदर पूरे परिवार को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया।

इडी ने पुलिस मुख्यालय और सरकार से की सिफारिश

# पूजा सिंघल के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून में मामला दर्ज हो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में साहिबगंज अवैध खनन और मनरेगा घोटाले के अलावा मनी लांड्रिंग मामलों की जांच कर रही इडी ने निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की सिफारिश की है। इडी ने राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय को पत्र भेज कर पूजा सिंघल के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून (प्रीवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट) के तहत मामला दर्ज करने की सिफारिश की है। पूजा सिंघल मनरेगा घोटाले और मनी लांड्रिंग की आरोपी हैं और फिलहाल जेल में बंद हैं।

इडी ने अपने पत्र में कहा है कि हाल ही में पूजा सिंघल की 82.77 करोड़ की चल-अचल संपत्ति जब्त की गयी है। यह संपत्ति उन्होंने और उनके परिजनों ने कैसे अर्जित की है, यह जांच का विषय है। इडी ने खूंटी में पूजा सिंघल के डीसी रहते 18.60 करोड़ के मनरेगा घोटाले की जांच के दौरान पाया कि उन्होंने पद का दुरुपयोग करते हुए अकूत संपत्ति अर्जित की है। बाद में पूजा सिंघल एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाले में भी शामिल हो गयीं। इसमें इंजीनियर राम विनोद सिन्हा, सीए सुमन कुमार सिंह और अन्य लोग भी शामिल हैं।

पूजा सिंघल ने अपने प्रभाव का पूरा दुरुपयोग किया और अकूत संपत्ति अर्जित की। यदि पुलिस मुख्यालय इडी के पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं करेगा, तो इडी हाइकोर्ट से आगे की कार्रवाई के बारे में निर्देश देने का अनुरोध करेगा। बता दें कि इसके पहले भी इडी की ओर से साहिबगंज इलाके में एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाले के मामले में कई जिलों के खनन पदाधिकारियों (डीएमओ) और अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की अनुशंसा की गयी है। इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बीच पूजा सिंघल ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली है। उन्होंने यह कदम हाइकोर्ट से जमानत की अर्जी खारिज होने के बाद उठाया है। इस याचिका पर 12 दिसंबर को सुनवाई होगी।

NILAAI
EDUCATIONAL TRUSTS GROUP OF INSTITUTION
(Approved by AICTE New Delhi, Ministry of HRD, Govt. of India)
(Govt. of Jharkhand, Affiliated to JUT, Jharkhand)
AICTE APPROVED · MINISTRY OF HRD GOVT.OF INDIA · Jharkhand University of Technology · GOVT. OF JHARKHAND
Estd : 2010



1st INTEGRATED CAMPUS IN JHARKHAND & BIHAR
SPOT ADMISSION FOR 2022-23 AGAINST VACANT SEATS AFTER JCECEB COUNSELLING
LAST DATE 12.12.2022

B.TECH.
Courses: Mechanical Engg., Civil Engg., Computer Science Engg., Electronics & Communication Engg., Electrical & Electronics Engg.
Duration: 4 Years
Eligibility: 12th Pass 45%
*Lateral Admission in 2nd Year Also Available

POLYTECHNIC
Courses: Mechanical Engg., Civil Engg., Electrical & Electronics Engg.
Duration: 3 Years
Eligibility: 10th Pass 35%
*Lateral Admission in 2nd Year Also Available

M.B.A.
Courses: Human Resource Management, Financial Management, Marketing Management, General Management
Duration: 2 Years
Eligibility: Graduation 50%

B.Voc. (Degree)
Courses: Banking, Financial Services & Insurance (BFSI), Automobile Servicing, Refrigeration & Air Conditioning
Duration: 3 Years
Eligibility: 12th Pass 45%
(Industries Ready Job Courses)

100 % Placement* ST/SC/OBC No Tution fee*
मंदी में भी आयी बहार, 80 को मिला रोजगार
झारखंड-बिहार का नंबर वन कॉलेज बना निलय
निलय इंस्टीट्यूट में 80 छात्र चयनित
*T&C Apply
Scholarship & Bank Loan Available in Campus
NILAI CAMPUS : Thakurgaon, Ranchi- 835205, Jharkhand, India.
Mobile : +91-93347-25896, +91-94701-93176
e-mail : info@nilai.in +91-93347-25896 website : www.nilai.in

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

## 50 साल में पहली बार भाजपा उम्मीदवार जीता, इस चुनावी पराजय के क्या हैं राजनीतिक मायने

# रामपुर में कैसे ढह गया आजम खान का किला

**आजाद सिपाही विशेष**

**उत्तरप्रदेश का रामपुर यदि पूरी दुनिया में रामपुरी चाकू के लिए चर्चित है, तो दो दिन पहले इसकी चर्चा विधानसभा उप चुनाव में 50 साल में पहली बार भाजपा विधायक चुने जाने को लेकर हो रही है। इस उपचुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके चाणक्य कहे जानेवाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति ने आखिरकार समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान का अभेद्य माने जानेवाले किले को ढाह दिया और 50 साल में पहली बार भाजपा उम्मीदवार आकाश सक्सेना को विधानसभा में पहुंचा दिया। रामपुर वैसे तो महज एक विधानसभा सीट है, लेकिन यहां आजम खान के वर्चस्व को टूटने के सियासी मायने देशव्यापी हैं। वैसे रामपुर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा के घनश्याम लोधी जीत हासिल कर चुके हैं, और राजनीतिक दृष्टिकोण से इस जीत के अपने मायने थे। लेकिन रामपुर विधानसभा सीट पर भाजपा की जीत बहुत कहानी कहने को आतुर है। क्योंकि भाजपा ने इस बार से पहले वहां कभी कब्जा नहीं जमाया था। रामपुर में भाजपा की जीत इसलिए भी ऐतिहासिक है, क्योंकि यह आजम खान की हार है। वह 1980 से लगातार इस सीट से विधायक रहे हैं और आज भी कहा जाता है कि रामपुर में आजम खान का सिक्का चलता है। रामपुर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी की जीत और आजम खान की हार के क्या हैं कारण और इस चुनाव परिणाम का राजनीतिक संदेश क्या है, इस बारे में विस्तार से बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

रामपुर में समाजवादी पार्टी और आजम खान के वर्चस्व को खत्म करने का जो संकल्प भाजपा ने लिया है, उसमें एक आहुति 8 दिसंबर को और दी गयी। आजम खान को हेट स्पीच मामले में सजा सुनाये जाने के बाद रामपुर सदर सीट से खत्म हुई विधानसभा सदस्यता के बाद इस सीट पर उपचुनाव का एलान हुआ था। जिस सीट पर 50 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम मतदाता हैं और जहां आजम खान की तूती बोलती है, उस सीट पर भाजपा ने कैसे कब्जा किया, यह जानना दिलचस्प है। वास्तव में इस परिणाम की पटकथा इस चुनाव में नहीं लिखी गयी थी। इसकी शुरूआत तब हो गयी थी, जब 2017 में सत्ता परिवर्तन हुआ और आजम खान पर एक के बाद एक मुकदमे होने शुरू हो गये। जैसे-जैसे समय बीतता गया, इन मुकदमों की संख्या और आजम खान की फजीहत बढ़ती ही गयी। अब तक उनके खिलाफ 87 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हो चुके हैं और इसमें कई मुकदमे इनके चिर-प्रतिद्वंद्वी भाजपा के आकाश सक्सेना ही ने करवाये हैं। गिरती सेहत के बीच आजम खान ने दो साल से ज्यादा का वक्त जेल में गुजारा है। करीब 27 महीने जेल में काटने के बाद वह इसी साल मई में सर्वोच्च न्यायालय की दखल के बाद रिहा हुए थे। वहीं रामपुर में आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी भी जांच के घेरे में आ गयी। एक के बाद एक हो रही प्रशासनिक कार्यवाही से आजम खान के अभेद्य दुर्ग में धीरे-धीरे चोट पहुंचना शुरू हो गया।

यही कारण है कि जिस रामपुर में कहा जाता था कि वहां पत्ता हिलने से पहले आजम खान की इजाजत लेता है, उसी रामपुर में आजम का किला ताश के पत्तों की तरह ढहने लगा। समाजवादी पार्टी और आजम खान के कमजोर पड़ते वर्चस्व की बानगी इसी साल रामपुर में हुए लोकसभा उपचुनाव में देखने को भी मिली, जहां भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने जीत दर्ज की थी। समाजवादी पार्टी नेताओं ने तब आरोप लगाये थे कि सत्ता पक्ष ने प्रशासन के दम पर उनके वोटरों को धमकाया।

### फिर से भाजपा ने गढ़ भेद दिया

अभी साल बीता भी नहीं था कि रामपुर एक बार फिर कुरुक्षेत्र बन गया। आजम खान की विधानसभा सदस्यता रद्द होने के बाद रामपुर में चुनाव की घोषणा हुई। रामपुर विधानसभा सीट पर अब तक 18 बार चुनाव और दो बार उपचुनाव हुए हैं। यह उपचुनाव रामपुर सीट का 20वां चुनाव था। इन चुनावों में 10 बार आजम खान ने और एक उपचुनाव में उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा ने जीत हासिल कर चुकी थीं। वर्ष 2002 के बाद यह पहला मौका है, जब इस सीट पर चुनाव में आजम खान या उनके परिवार से कोई उम्मीदवार नहीं है। अदालत से सजा के बाद चुनाव लड़ने और वोट डालने पर पाबंदी के नियम के चलते आजम खान के करीबी आसिम राजा को सपा का उम्मीदवार बनाया गया था। इस सीट पर आजम खान ने 1980 से 1993 तक लगातार पांच बार चुनाव जीते। 1996 के विधानसभा चुनाव में आजम खान को दूसरी बार हार का सामना करना पड़ा था। इससे पूर्व 1977 के अपने पहले चुनाव में भी उन्हें हार मिली थी। वर्ष 2002 से 2022 के पांच विधानसभा चुनावों में आजम खान ने फिर लगातार पांच बार जीत हासिल की थी। 2019 में आजम खान रामपुर लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हुए थे। इसके बाद उन्होंने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में उनकी पत्नी डॉ तजीन फात्मा ने जीत हासिल की थी। 2022 के विधानसभा चुनाव में जेल रहते हुए आजम खान ने चुनाव लड़ा था और लगभग 55 हजार वोटों से जीत हासिल की थी। इस चुनाव में उनके मुकाबले पर भाजपा से आकाश सक्सेना थे। वह हार गये। लेकिन समय का पहिया घुमा और उसी आकाश सक्सेना ने रामपुर सदर विधानसभा के उपचुनाव में जीत दर्ज कर ली। चुनाव प्रचार के दौरान आजम खान ने अपने भाषणों में भाजपा और प्रशासन के खिलाफ जम कर मोर्चा खोला। अपने ऊपर हुए अत्याचार को उन्होंने लोगों के सामने खुल कर रखा और कई मौकों पर तो वह स्थानीय पुलिस पर भी तंज कसते नजर आये। वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने भी पूरी ताकत झोंक दी थी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत प्रदेश के दर्जनों स्टार प्रचारक मैदान में उतारे गये। जहां तक रामपुर सदर विधानसभा सीट का सवाल है, तो यहां 50 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। हालांकि मतगणना के दिन पासा पलटा हुआ नजर आया। मतगणना के 20 राउंड तक सपा के असीम रजा अपने प्रतिद्वंद्वी आकाश सक्सेना पर बढ़त बनाये हुए थे। 21वें राउंड की शुरूआत में सपा ने ट्वीट कर आरोप लगाये कि मतगणना स्थल पर जानकारी मिलनी बंद हो गयी है। इसी राउंड से धीरे-धीरे पासा पलटना शुरू हुआ और भाजपा के आकाश सक्सेना ने बढ़त बनायी। यह बढ़त अंतिम राउंड तक बनी रही और भाजपा ने यह मुकाबला 34 हजार से ज्यादा मतों से जीत लिया। उतार-चढ़ाव से भरे इस मुकाबले में समाजवादी पार्टी ने प्रशासन पर कुछ गंभीर आरोप लगाये। इतना ही नहीं, वोटिंग के दिन स्थानीय पुलिस के एक आला अधिकारी द्वारा कथित तौर पर मुस्लिम मतदाताओं को बूथ से वापस भेजने का वीडियो काफी चर्चा में रहा। समाजवादी पार्टी ने वीडियो को ट्वीट कर आरोप लगाया था कि पुलिस अधिकारी द्वारा मुस्लिम मतदाताओं को बिना वोटिंग के वापस भेजा जा रहा है। आरोप लगे कि पुलिस ने मतदाताओं के साथ बदसलूकी की और उन्हें डरा-धमका कर वोटिंग से दूर रखा गया।




लेकिन इन तमाम आरोपों-प्रत्यारोपों के बीच सबसे बड़ी बात यह है कि आजम खान का किला आखिरकार ढह गया है। दरअसल यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति की बदौलत संभव हुआ। भाजपा ने रामपुर लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने के बाद से ही रामपुर सदर सीट पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया था। पार्टी ने विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ पर प्रभारी नियुक्त किया, जो हर दिन सीधे पार्टी के केंद्रीय कार्यालय को रिपोर्ट भेजते थे। इसमें मतदाताओं से संपर्क करना और उनकी मदद करना था। रामपुर के लोगों के लिए सरकार का हर दरवाजा खुला रखा गया और आजम खान के गुर्गों द्वारा सताये गये लोगों को इंसाफ दिलाने की पहल की गयी। इसका सकारात्मक परिणाम निकला और लोग धार्मिक नजरिये से आगे निकल गये। यहां तक कि जिस जौहर यूनिवर्सिटी के लिए कभी रामपुर के लोग जान देने की बात कहते थे, उस पर बुलडोजर चलते समय कोई सामने नहीं आया। यह पुलिस-प्रशासन का असर कम, रामपुर के लोगों में पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रति बढ़ा विश्वास था।

कुल मिला कर रामपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत का राजनीतिक संदेश यही है कि किसी क्षेत्र को अपना किला बनाने का दौर अब खत्म हो गया है। यह संदेश वैसे 2019 में अमेठी ने दे दिया था, जब राहुल गांधी चुनाव हार गये थे, लेकिन इस बार भाजपा ने बता दिया है कि उसकी राजनीति के नये स्टाइल से किसी भी सीट पर जनता का वर्चस्व कायम हो गया है।

---

## नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता

# गोइलकेरा में सर्च ऑपरेशन के दौरान10 आइइडी बम बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र की कुइड़ा पंचायत अंतर्गत गीतीलिपि गांव में सीआरपीएफ 60 बटालियन और झारखंड पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा बिछाये गये 10 आइइडी बम को बरामद कर लिया है। सुरक्षा बलों ने बम को डिफ्यूज कर दिया और सर्च अभियान जारी है।

### आइइडी ब्लास्ट से एक जवान घायल

बता दें कि शनिवार की सुबह रेंगड़ा जंगल में आइइडी ब्लास्ट हुआ था, जिसमें सीआरपीएफ कोबरा का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया।

**घायल जवान का मेडिका में हो रहा इलाज**

यहां उसे मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा बलों के द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध पिछले एक माह से टोंटो थाना क्षेत्र के रेंगड़ाहातू, अंगदबेड़ा, जंबाइहातू आदि क्षेत्रों में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। पिछले दिनों ही नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में कोबरा बटालियन के पांच जवान घायल हुए थे।

### विपरीत परिस्थिति में भी लगातार अभियान चल रहा

इस क्षेत्र में बड़े नक्सलियों के जमा होने के कारण सुरक्षा बल विपरीत परिस्थिति में भी लगातार अभियान चला रहे हैं। उसी दौरान शनिवार सुबह में नक्सलियों द्वारा लगाये गये आइइडी की चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया। हालांकि, जवान खतरे से बाहर बताया जा रहा है। इसको लेकर सुरक्षा बल पूरे क्षेत्र में सर्च अभियान चला रहे हैं। सुरक्षा बलों ने भी पिछले दिनों अभियान के दौरान कई नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त किया, जिसमें बड़ी मात्रा में आइइडी, नक्सली साहित्य, पोस्टर, बैनर बरामद किया गया था। रेंगड़ाहातू, अंगदबेड़ा, जंबाइहातू क्षेत्र में सुरक्षा बलों के लगातार बढ़ते दबाव को देखते हुए नक्सलियों ने जगह-जगह आइइडी लगा कर रखा है, जिससे सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाया जा सके।

---

# पूर्व मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती की तबीयत खराब, रिम्स में भर्ती






आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही के पिता हेमेंद्र प्रताप देहाती रिम्स में भर्ती हैं। सांस लेने में तकलीफ और पेशाब में समस्या होने के बाद उन्हें रिम्स के न्यू ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी में एडमिट किया गया है। मेडिसिन विभाग के डॉ संजय कुमार सिंह उनका इलाज कर रहे हैं।

**भानुप्रताप के जेल जाने के बाद बने थे स्वास्थ्य मंत्री**

बता दें कि हेमेंद्र प्रताप देहाती 1969 में पहली बार बिहार विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। वहीं मधु कोड़ा के शासन काल में भानुप्रताप शाही के जेल जाने के बाद हेमेंद्र प्रताप ने स्वास्थ्य मंत्री की कमान भी संभाली थी।

**स्वांस नली में हुआ संक्रमण: डॉ राजीव रंजन**

रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती को स्वांस की नली में संक्रमण हुआ है। उनका इलाज किया जा रहा है।

---

# नयी दिल्ली से चोरी की गयी कार झारखंड में बेची जाती है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में दिल्ली से चोरी की गयी कार बेची जाती है। झारखंड के जमशेदपुर सहित कई अन्य शहरों में चोरी की कार बेची जाती है। झारखंड के जमशेदपुर में फराज नामक व्यक्ति दिल्ली से चोरी की कार खरीदता है। यह खुलासा तब हुआ, जब दिल्ली पुलिस जाहित अंसारी और शैलेंद्र चौहान नामक दो आरोपी से पूछताछ की। दोनों आरोपी चोरी की कार ले जा रहे थे, इसी क्रम में पुवायां निगोही मार्ग पर पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की दो कार बरामद किया।

**पकड़े गये आरोपी ने किया खुलासा**

आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उनके गिरोह में झारखंड सहित अन्य राज्य के लोग शामिल हैं। पूछताछ में दोनों ने बताया कि अलग-अलग राज्यों में ग्राहक तलाशते हैं। जिस रंग की कार को चुराते हैं, उसी रंग की दूसरी कार का नंबर चुरायी गयी कार पर लिख देते हैं। उसी का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ग्राहक देते हैं, जिससे उसको शक नहीं होता है। आरोपी जमशेदपुर में कई कार बेच चुके हैं।

### एक वर्ष पूर्व पकड़ी गयी थी वाहन चोर गिरोह की सरगना लवली सिंह

रांची पुलिस ने बीते साल दिसंबर में वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गैंग की महिला सरगना लवली सिंह, फरदीन खान, शिवकुमार अशफाक अंसारी, मोहम्मद अजहर और मुश्ताक आलम नामक आरोपी को गिरफ्तार किया था। इस गिरोह के लोग दिल्ली सहित कई राज्यों में वाहन चोरी की घटना को अंजाम देते थे। दिल्ली से दो चार पहिया वाहनों को नंबर बदल कर हजारीबाग में चलवाया जा रहा था, जिसे रांची पुलिस ने पकड़ा था। गिरोह के उद्भेदन के लिए रांची पुलिस ग्राहक बन कर लवली से फोन पर गाड़ी खरीदने की बातचीत की। गाड़ी की डील के लिए पुलिस को हजारीबाग के एक होटल में बुलाया गया। सरगना लवली सिंह गाड़ी बेचने के लिए खुद होटल पहुंची, जहां उसे दबोच लिया गया। कई वर्षों से इस गिरोह का संचालन पटना निवासी लवली सिंह कर रही थी। गिरोह द्वारा झारखंड के भी कई शहरों में वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस गिरोह में रांची से लेकर दिल्ली तक के चोर शामिल थे।

---

## कार्रवाई : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एसीबी को दिया था जांच का आदेश

# पथ निर्माण में इंजीनियर रहते रासबिहारी सिंह ने 3 साल में 8 प्लॉट खरीदे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पथ निर्माण विभाग के रिटायर्ड अभियंता प्रमुख रासबिहारी सिंह के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने जांच तेज कर दी है। एसीबी फिलहाल उनकी कुंडली और उनके द्वारा खरीदी गयी संपत्ति का ब्यौरा इकट्ठा कर रही है। यह जानकारी भी जुटा रही है कि उन्होंने रिटायरमेंट से पहले अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर कहां-कहां और कितनी चल और अचल संपत्ति खरीदी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रास बिहारी सिंह ने पथ निर्माण विभाग में रहते रांची के अलग-अलग इलाकों में फ्लैट और जमीन में इनवेस्ट किया है। सिर्फ रातू रोड इलाके में उन्होंने 5 अलग-अलग जमीन की रजिस्ट्री करवाई है। सभी रजिस्ट्री अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर करवायी है, जिसका मार्केट वैल्यू करोड़ों रुपये है। इतना ही नहीं रांची के ग्रामीण इलाकों में भी 3 बड़े भूखंड खरीदे हैं।

**रातू रोड इलाके में खरीदी गयी जमीन का विवरण**

- वर्ष 2011 में डीड संख्या 2359 के माध्यम से बजरा में लगभग 11.50 लाख रुपये सरकारी दर की भूमि वर्ष 2010 में डीड संख्या 6934 के माध्यम से काजू बागान में लगभग 15 लाख रुपये सरकारी दर की भूमि
- वर्ष 2010 में डीड संख्या 6938 के माध्यम से काजू बागान में 6 लाख रुपये से ज्यादा की सरकारी दर की भूमि
- वर्ष 2010 में डीड संख्या 6943 के माध्यम से हेहल में लगभग 33 लाख रुपये की सरकारी दर की भूमि
- वर्ष 2013 में ही डीड संख्या 4321 के माध्यम से हेहल में करीब 15 लाख रुपये से ज्यादा की सरकारी दर की भूमि



### सीएम ने दिया था जांच का आदेश

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख रहे रासबिहारी सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से जांच कराने का आदेश दिया था। इससे पहले भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा दर्ज आइआर संख्या-06/17 में आरोपी के विरुद्ध आय की तुलना में 199 प्रतिशत अधिक संपत्ति पायी गयी थी। एसीबी द्वारा पीइ दर्ज करने के बिंदु पर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के प्रस्ताव पर सीएम ने अनुमोदन कर दिया था। पथ निर्माण विभाग के तत्कालीन अभियंता प्रमुख को राज्य सरकार ने जनवरी 2020 में निलंबित कर दिया था। इसके अलावा रास बिहारी सिंह पर एक फर्जी कंपनी को 51.62 करोड़ रुपये के टेंडर के लिए भी जिम्मेदार बताया गया था।

---

## अधिवक्ता रिश्वत कांड

# पुलिस अफसरों से भी पूछताछ करेगी सीबीआइ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार द्वारा केस मैनेज करने के नाम पर 50 लाख रुपये रिश्वत लेने के मामले में षडयंत्र पहलू की जांच का जिम्मा अदालत ने सीबीआइ को दिया है। जांच के क्रम में सीबीआइ अधिवक्ता राजीव कुमार और जेल में बंद कारोबारी अमित अग्रवाल से पूछताछ कर चुकी है। अब सीबीआइ कोलकाता पुलिस के हेयर स्ट्रीट थाने के केस के अनुसंधानक और अमित अग्रवाल के करीबी सोनू अग्रवाल समेत अन्य लोगों से पूछताछ करेगी।

**कोलकाता पुलिस ने किया था गिरफ्तार**

अमित अग्रवाल की शिकायत पर राजीव कुमार को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बाद में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के क्रम में इडी ने अमित अग्रवाल को भी गिरफ्तार कर लिया। इडी ने प्रारंभिक जांच में इस मामले में दोनों को समान रूप से दोषी पाया है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.4 °c | 13.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.19 बजे |



## छह साल बाद झारखंड कांग्रेस की जंबोजेट कमेटी घोषित

# 11 उपाध्यक्ष, 35 महासचिव और 82 सचिव बनाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की जंबोजेट कमेटी शनिवार को घोषित हो गयी है। महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसका आदेश जारी किया है। इसमें पदाधिकारियों के रूप में लगभग सवा सौ नेताओं को जगह मिली है। इन कमेटियों में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष के तौर पर 11 लोगों को शामिल किया गया है। वहीं पार्टी ने 35 महासचिव सेक्रेटरी, 82 सचिव बनाये हैं। प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति में 33 नेताओं को जगह मिली है। इसके अलावा 36 लोगों को आमंत्रित सदस्य के रूप में स्थान दिया गया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा समेत 35 लोगों को महासचिव पद पर जगह मिली है। बता दें कि प्रदेश कांग्रेस की जंबो जेट कमेटी की घोषणा छह साल बाद हुई है।

### कार्यसमिति में आलमगीर आलम, मंत्री रामेश्वर उरांव और मधु कोड़ा भी

झारखंड कांग्रेस कमेटी की कमिटी में कांग्रेस कोटे से बने चारों मंत्री को भी जगह मिली है। कार्यसमिति में विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, सुखदेव भगत, अजय कुमार और कई अन्य नेता शामिल हैं।

### सारी कमेटियां तत्काल प्रभाव से प्रभावी होंगी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से स्वीकृति मिलने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सूची जारी की है। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि गठित विभिन्न कमेटियां तत्काल प्रभाव से प्रभावी होंगी।

पार्टी में प्रदेश प्रवक्ता रहे राकेश सिन्हा समेत कई लोगों को प्रमोशन मिला है। महासचिव की सूची में नवगठित कमेटी में उपाध्यक्ष के रूप में डीएन चांपिया, केएन झा, कालीचरण मुंडा, प्रदीप तुलस्यान, अजय दुबे, सुल्तान अहमद, भीम कुमार, ब्रजेंद्र सिंह, अनवर अंसारी, मणिशंकर और अनादि ब्रह्म शामिल है।

**ये बने महासचिव :** आलोक कुमार दुबे, मानस सिन्हा, रवींद्र कुमार वर्मा, मदन मोहन शर्मा, अमूल्य निरज खलको, सत्यानारायान सिंह, तनवीर आलम, राकेश सिन्हा, जवाहर महता, अजय नाथ शाहदेव, कुमर गौरव, संजीव श्रीवास्तव, स्वेता सिंह, विजय खां, राजेश गुप्ता छोटू, विनय सिन्हा दीपू, आशिक अंसारी, चंद्रशेखर शुक्ला, उदय लक्ष्मणि, शिव कुमार भगत, डॉ मंजू कुमारी, प्रवींद्र सिंह, अजय सिंह, बलजीत सिंह बेदी, राजेश रंजन, पुष्पा कुल्लू, डॉ सुशील मंराडी, सुरेंद्र सिंह, रंजन बोईपाई,



विनोद कुशवाहा, विजय चौबे, संजय पांडे, सुरेश बैठा, मदन महतो और विजय सिंह।

**इन्हें मिली सचिव की जिम्मेवारी :** सीपी संतन, राजेंद्र दास, फैयाज कैशर, मनोज कुमार, इश्वर आनंद, पंकज मिश्रा, अशोक कुमार सिंह, रामाशीश पांडे, धर्मराज राम, शशि मोहन सिंह, दीनानाथ पांडे, गोपाल प्रसाद, खगेन महतो, केके शुक्ला, समांतो कुमार, विनोद सिंह, कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, जगदीप भगत, महेंद्र मिश्रा, पीटर मुंडू, नमिता बा, अजय सिन्हा, सन्नी टोपो, शमशेर आलम, रमाकांत आनंद, दुर्गा दास, सुरेशधारी राम, कमल आर्या, समीमुल इस्लाम, लक्ष्मीनारायण तिवारी, अकिल रहमान, सुनील सिंह, अवधेश प्रजापति, शाहबाज अहमद, देवी लाल मुर्मू, निजाम अंसारी, ऋषिकेश मिश्रा, अफसरफुल होदा, नरेश वर्मा, शांतनू मिश्रा, अवधेश सिंह, नारायन वरनवाल, मनोज सहाय पिंकू, राकेश तिवारी, रौशन बारवा, अरविंद्र कुमार तूफानी, धनजय तिवारी, छोटराय किस्कू, अनिल किनर ओझा, मुक्ता मंडल, पप्पू पासवान, देबू चटर्जी, आलोक तिवारी, अनुप केशरी, प्रमोद सिंह, साधु शरण गोप, रवि रंजन, व्रेद प्रकाश मिश्रा, राम प्रीत प्रसाद, वैभव प्रसाद सिन्हा, अमरेंद्र सिंह, बेलस तिर्की, प्रभात कुमार दुबे, परितोष सिंह, श्रीकांत तिवारी, मयूर शेखर झा, रमेश चिन्नी, जेबा खान, सीमा सीता एक्का, पिंकी सिंह, चंद्रकला देवी, आभा ओझा, पूर्णिमा पांडेय, प्रिंस सिंह, इंदिरा तुरी, सरत चक्रवर्ती, नागेश्वर प्रसाद सिंह, इसराफिल अंसारी, कमलेश कुमार पांडेय, शबाना खातून और अरबी खातून शामिल है।

### वर्ष 2016 से नहीं हुआ था कमेटी का विस्तार

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का विस्तार वर्ष 2016 से नहीं हो पाया था। प्रदेश प्रभारी का दौरा होता रहा। अध्यक्ष बदलते रहे पर कमेटी नहीं बन पायी। प्रदेश कांग्रेस में 2016 में सुखदेव भगत जब अध्यक्ष बने थे, उनके कार्यकाल में ही प्रदेश कार्यसमिति का गठन हुआ था। उसके बाद डॉ अजय कुमार, डॉ रामेश्वर उरांव अध्यक्ष पद पर रहे, लेकिन प्रदेश कार्यसमिति का गठन नहीं हुआ। पूरा संगठन, प्रभारी और को-ऑर्डिनेटर के भरोसे चल रहा था। बता दें कि अभी हाल ही में पार्टी ने जिलाध्यक्षों की सूची जारी की थी।

# कुरमी समाज का 12 को संसद का घेराव

**रांची (आजाद सिपाही)।** कुरमी समाज के लोग झारखंड और अन्य राज्यों से पहुंचकर 12 दिसंबर को संसद का घेराव करेंगे। प्रदर्शन में 2500 लोग झारखंड से शामिल होंगे। कुरमी समाज के अध्यक्ष शीतल ओहदार ने शनिवार को बताया कि हमारी मांग है कि टोटेमिक कुरमी/कुड़मी जनजाति अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाये। पूर्व में 1950 से पहले हम आदिम जनजाति थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हम इसके लिए प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे।

RANCHI UNIVERSITY, RANCHI

झारखण्ड के बी.एड. कॉलेजों में नामांकन के लिए काउन्सिलिंग सम्बंधित आवश्यक सूचना

झारखण्ड राज्य के सभी मान्यता प्राप्त बी.एड. कॉलेजों व संस्थानों में सत्र 2022-24 में नामांकन के लिए Counselling का कार्य रांची वि.वि., रांची द्वारा दिनांक 11.12.2022 से शुरू किया जा रहा है। यह प्रक्रिया ऑनलाईन होगी जिसका लिंक https://rubedcounselling.in/ है। इसी लिंक के माध्यम से आवेदन किया जाएगा। Counselling Fee 600/- रू इसी लिंक के माध्यम से जमा होगा। प्रथम राउण्ड में आवेदक दस बी.एड. संस्थान का चयन कर सकते है। प्रथम राउण्ड में केवल वही अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है जिन्हें JCECEB के द्वारा वर्ष 2022 में इस Counselling में सम्मिलित होने के लिए 01 से 13500 तक CML Rank प्राप्त हुआ है।

कुलसचिव
रांची विश्वविद्यालय, रांची

# राज्य सरकार में रोज नये कारनामे उजागर हो रहे : दीपक प्रकाश

**मंत्री आलमगीर आलम को बर्खास्त करने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शनिवार को राज्य सरकार पर निशाना साधा। प्रकाश ने कहा कि भ्रष्टाचार और घोटालों में आकंठ में डूबी राज्य सरकार में रोज नये कारनामे उजागर हो रहे। अब सरकार में भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की हेमंत सरकार है। उन्होंने कहा कि अब सरकार के मंत्री विकास की जिम्मेदारी नहीं संभाल रहे, बल्कि ठेका पट्टा, टेंडर मैनेज करने में ही अपनी सारी ताकत लगा रहे। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने



जिस प्रकार से राज्य सरकार के मंत्री के खिलाफ कड़ी टिप्पणी दी है उससे राज्य सरकार का असली चेहरा उजागर हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री में अगर थोड़ी भी नैतिकता बची है तो ऐसे मंत्री को बर्खास्त करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को भी अपने मंत्री से अविलंब इस्तीफा दिलाने की मांग की। दीपक प्रकाश ने विगत दस जून को रांची मेन रोड हिंसा की धीमी जांच पर उच्च न्यायालय की टिप्पणी को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया दी और राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राजनीतिक साजिश के तहत ऐसा जानबूझकर कर रही है। अगर राज्य सरकार ईमानदार होती तो अबतक दोषियों को कड़ी सजा मिल गयी होती लेकिन राज्य सरकार की मंशा साफ नहीं है। वह लीपापोती कर मामले को रफा-दफा कर देना चाहती है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** दैनिक कार्य अव्यवस्थित रहेगा, नौकरी-व्यापार में अवरोध, विविध उलझनों का सामना होगा।

**वृष** रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी।

**कर्क** कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**सिंह** रुका हुआ काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, दुर्घटना की आशंका।

**कन्या** महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार।

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य बाधा, दिमागी तनाव, परिश्रम-प्रयास से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

लोकसभा में उठेगी आवाज

# गो तस्करी पर राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति स्वीकार नहीं: सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने शनिवार को राज्य सरकार पर हमला बोला। सांसद कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य सरकार ने अपने खतियानी यात्रा के दौरान कहा है कि पशुधन, गो तस्करी के कारोबार में अब पुलिस हस्तक्षेप नहीं करेगी। यह अस्वीकार्य है। इससे राज्य में गो तस्करी का बांग्लादेश समेत दूसरी जगहों पर कारोबार बढ़ेगा। गाय माता समान हैं, उसकी तस्करी और हत्या हम सब यूं नहीं देख सकते। पशु तस्करों ने ही पिछले दिनों तुपुदाना, रांची में एक पुलिसकर्मी की जान ले ली थी। ऐसी कई हत्याएं हो रही हैं। ऐसे में अब तुष्टिकरण की नीति बर्दाश्त नहीं। निश्चित तौर पर इसका विरोध होगा। लोकसभा में भी वे इसके लिए आवाज उठायेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व विधायक जीतू चरण राम, वार्ड पार्षद ओमप्रकाश (रांची नगर निगम) भी उपस्थित थे।

### हाइकोर्ट सरकार से नाराज

सांसद सेठ ने कहा कि राज्य सरकार हमेशा चुनावी मोड में ही



रहती है। जनसरोकार, जनकल्याण के कामों पर उसका ध्यान नहीं है। हाइकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सरकार के रवैये पर नाराजगी जाहिर कर रहा है। बावजूद सरकार जग नहीं रही है। बिजली की विकट समस्या पर गांव-गांव से आवाज आने के बाद अब सीएम विभाग के साथ बैठकर इसका समाधान ढूंढने में लगे हैं। पिछले दिनों मेन रोड, रांची में 10-15 हजार की भीड़ सड़कों पर उतर आयी थी। रांची को दंगे की आग में जलाने की साज़िश थी। सरकार ने इसकी जांच कर दोषियों को दंडित करने की बजाये फाइल ही बंद कर दी। यह भी तुष्टिकरण की नीति को दिखाता है। अंततः हाइकोर्ट ने भी इस कांड के सीबीआइ जांच को कह दिया। सांसद के मुताबिक वे खुद भी पूर्व में इस जांच की मांग कर चुके हैं। राज्य सरकार के मंत्री टेंडर मैनेज करने में लगे दिखते हैं। कोर्ट इस पर भी चिंता जाहिर कर चुका है।

सांसद ने सरकार पर नाराजगी जाहिर करते कहा कि ट्रैफिक पुलिस कचहरी चौक से सर्जना चौक तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाती है। अतिक्रमण तो सर्जना चौक से सुजाता चौक तक भी जबरदस्त रहता है पर जगह विशेष से अतिक्रमण हटाने की मंशा संदिग्ध है।

लाइट हाउस प्रोजेक्ट में सरकार के स्तर से धांधली बरते जाने की भी शिकायत की। पहले कोरोना का बहाना, बालू की किल्लत के चलते इस प्रोजेक्ट पर असर पड़ता आ रहा है। सरकार बेघरों को घर का सपना पूरा करने में सहयोग करे।

सांसद ने केंद्र सरकार को धन्यवाद देते कहा कि रांची लोकसभा में पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत 216 किमी की सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिल गयी है। इससे रांची लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों में सड़क निर्माण का काम हो सकेगा।

### धनबाद डीपीएस की प्रिंसिपल के खिलाफ हाइकोर्ट में पीआइएल

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल धनबाद की प्रिंसिपल सरिता सिन्हा के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की जांच की मांग को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गयी है। जनहित याचिका युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज ने दायर की है, जिसमें डीपीएस की प्राचार्य, बीसीसीएल के सीएमडी और बिल्डर अमित सुल्तानिया एवं डीपीएस सोसाइटी के चेयरमैन समेत एक दर्जन लोगों को पार्टी बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली पब्लिक स्कूल धनबाद के जूनियर विंग जगजीवन नगर के भवन निर्माण में घोर अनियमितता हुई है। याचिका में यह भी कहा गया है कि एक ऑडियो वायरल हुआ है, जिसमें प्राचार्य सरिता सिन्हा एवं संवेदक अभिजीत सुल्तानिया के बीच करोड़ों रुपये की लेन-देन का जिक्र है।

# झारखंड सचिवालय सेवा संघ का चुनाव 17 दिसंबर को, 44 प्रत्याशी मैदान में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ का चुनाव 17 दिसंबर 2022 को होगा। अध्यक्ष, महासचिव, सचिव, संयुक्त सचिव सहित संघ के 20 पदों के लिए 44 प्रत्याशियों की अंतिम सूची चुनाव समिति ने जारी कर दी है। इसके लिए 2 दिसंबर तक नामांकन लिया गया था। 7 दिसंबर तक नामांकन वापस लेने के लिए अंतिम समय था, लेकिन एक भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। अध्यक्ष पद के लिए इस बार संघ के पूर्व में महासचिव रहे ध्रुव प्रसाद, अनुराग रवि कुजूर, रजनीश कुमार, सुरेंद्र कुमार और महासचिव के लिए भी अनुज कुमार रजक सहित पांच प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। संघ के चुनाव के लिए विभिन्न प्रत्याशी सचिवालय सहित अन्य संलग्न कार्यालयों में चुनावी अभियान भी चला रहे हैं। बता दें कि सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष विवेक कुमार बास्के और महासचिव सहित अन्य पदों के लिए कार्यकाल समाप्त होने के बाद नये सिरे से चुनाव हो रहा है। चुनाव का सारा कार्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बजेंद्र हेंब्रम व उप निर्वाचन पदाधिकारी ब्रजेश कुमार की देखरेख में हो रहा है।

**अध्यक्ष पद के प्रत्याशी-** अनुराग रवि कुजूर, एसओ,



जलसंसाधन विभाग, ध्रुव प्रसाद-उप सचिव, स्वास्थ्य विभाग, रजनीश कुमार-प्रशाखा पदाधिकारी, स्कूली शिक्षा विभाग, सुरेंद्र कुमार-प्रशाखा पदाधिकारी, वित्त विभाग।

**महासचिव पद के प्रत्याशी-पदों की संख्या-01**

अनुज कुमार रजक-प्रशाखा पदाधिकारी, राज्य सूचना आयोग, अमित कुमार-प्रशाखा पदाधिकारी, जलसंसाधन विभाग, धर्मेंद्र कुमार सिंह-प्रशाखा पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राजेश कुमार सिंह-प्रशाखा पदाधिकारी, विधि विभाग, सिद्धार्थ शंकर बेसरा-प्रशाखा पदाधिकारी, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग।

**उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी-पदों की संख्या-05**

अनिल सरदार-प्रशाखा पदाधिकारी, वन-पर्यावरण विभाग, कृष्ण कुमार हांसदा-प्रशाखा पदाधिकारी, जलसंसाधन विभाग, जितेंद्र मुर्मू-सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, जलसंसाधन विभाग, धर्मेंद्र कुमार-प्रशाखा पदाधिकारी, गृह कारा विभाग, निधि स्मिता टोपनो-प्रशाखा पदाधिकारी, आइपीआरडी, नीलम श्वेता इंदवार-प्रशाखा पदाधिकारी, कार्मिक, पार्थ भांडारी-सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, पथ निर्माण, प्रेम कुमार-प्रशाखा पदाधिकारी, राज्य कर्मचारी चयन आयोग, रितेश कुमार-प्रशाखा पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, विनय कुमार बरनवाल-अवर सचिव, जलसंसाधन विभाग, सुदीप कुमार-प्रशाखा पदाधिकारी, आयुक्त कार्यालय हजारीबाग, संजय कुमार-प्रशाखा पदाधिकारी, कार्मिक।

**सचिव,पदों की संख्या-2**

**प्रत्याशी:** चंद्रदीप एक्का-प्रशाखा पदाधिकारी,स्कूली शिक्षा,प्रदीप कुमार पासवान-अवर सचिव, डीजीपी कार्यालय, पीयुष कुमार-प्रशाखा पदाधिकारी, वित्त विभाग, सीमा कुमारी-प्रशाखा पदाधिकारी, आइपीआरडी।

**संगठन सचिव, पांच पद**

अष्टमी बानरा-प्रशाखा पदाधिकारी, स्वास्थ्य,धर्मवीर कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, जलसंसाधन विभाग, रजनीश कुमार शुक्ला- सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, उद्योग विभाग, राजा हांसदा- प्रशाखा पदाधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग,प्रणव कुमार पंडा-प्रशाखा पदाधिकारी, स्वास्थ्य, संध्या खलखो-प्रशाखा पदाधिकारी,वन एवं पर्यावरण।

**संयुक्त सचिव, पदों की संख्या 6**

अमिता लकड़ा-अवर सचिव, उद्योग विभाग, आनंद प्रसाद-एसओ, स्वास्थ्य, इरशाद आलम-एसओ, वन, उमाशंकर मुंडा-एसओ, गृह, कारा कुमार अमिताभ-प्रशाखा पदाधिकारी, कृषि, पशुपालन, जयकांत पंडित-प्रशाखा पदाधिकारी, नगर विकास, देवाशीष सिन्हा-सहायक प्रशाखा पदाधिकारी-पेयजल एवं स्वच्छता, नितिन कुमार-एएसओ, श्रम विभाग, निर्मल कुमार-एसओ, वित्त विभाग, मनीषकांत-एएसओ, जलसंसाधन विभाग, श्याम सागर मुंडा-एसओ, वन, पर्यावरण।

**कोषाध्यक्ष-पदों की संख्या-01**

हेम नारायण सिंह, प्रशाखा पदाधिकारी, कृषि, पशुपालन विभाग।

# बिरला मैदान से प्रारंभ होगी बजरंग दल की भव्य शौर्य यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल रांची महानगर की बैठक गौतम बुद्ध नगर में पहाड़ी मंदिर के निकट मां त्रिशक्ति मंदिर में शनिवार को हुई। महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बैठक में आगामी 18 दिसंबर को रातू रोड स्थित बिरला मैदान में बजरंग दल का केंद्रीय कार्यक्रम गीता जयंती पखवाड़ा के तहत भव्य शौर्य यात्रा निकालने की योजना बनी। साथ ही यात्रा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में सभी 16 नगरों में छोटी-छोटी बैठक कर शौर्य यात्रा में शामिल होने के लिए हिंदू युवाओं से आग्रह करने की योजना बनी। शहर के सभी छात्रावास, लॉज, व्यायामशाला, धार्मिक आध्यात्मिक अनुषांगिक हिंदू संगठनों से संपर्क कर यात्रा में शामिल होने के लिए आग्रह करने की भी बातें हुईं। बैठक को विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि बजरंग दल का यह कार्यक्रम विगत 30 वर्षों से होता आ रहा है। इसके नाम और स्वरूप में थोड़ा परिवर्तन अवश्य हुआ है। उन्होंने कहा छह दिसंबर 1992 को जिस दिन बाबरी नामक ढांचा ध्वस्त हुआ, उस दिन गीता जयंती थी। उस दिन से विहिप की युवा इकाई बजरंग दल के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष संपूर्ण देश भर में शौर्य संचलन-शौर्य यात्रा निकाली जाती है।

# पीएम आज करेंगे महाराष्ट्र में 75000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

## नागपुर और बिलासपुर को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायेंगे और नागपुर में एम्स को देश को समर्पित करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 दिसंबर को महाराष्ट्र और गोवा को दौरे पर जा रहे हैं। महाराष्ट्र में पीएम मोदी 75000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। वह नागपुर और बिलासपुर को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायेंगे और नागपुर में एम्स को देश को समर्पित करेंगे। इसके अलावा गोवा के मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भी उद्घाटन करेंगे।

- मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का होगा उद्घाटन
- गोवा के मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का करेंगे उद्घाटन



प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग (सुपर कम्युनिकेशन एक्सप्रेसवे) के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। वह नये रास्ते का जायजा लेंगे।

520 किलोमीटर लंबा पहला चरण राज्य की राजधानी मुंबई को नागपुर से जोड़ने वाली कुल 701 किलोमीटर सुपर एक्सप्रेसवे परियोजना का हिस्सा है, जो 10 जिलों से होकर गुजरता है। लगभग 55,000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित, यह एक्सप्रेसवे देश के सबसे लंबे ग्रीनफील्ड सिक्स-लेन एक्सप्रेसवे में से एक है। प्रधानमंत्री नागपुर मेट्रो के पहले चरण को भी समर्पित करेंगे। वह फ्रीडम पार्क मेट्रो स्टेशन से खपरी मेट्रो स्टेशन तक यात्रा करेंगे। साथ ही, लगभग 15,000 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना के दूसरे चरण की नींव रखेंगे। इसके बाद, वह नागपुर रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस की नागपुर-बिलासपुर सेवा को हरी झंडी दिखायेंगे और लगभग 1,500 करोड़ रुपये की अन्य रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

प्रधानमंत्री 1,575 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने अत्याधुनिक एम्स नागपुर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और 110 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वन हेल्थ नागपुर की आधारशिला रखेंगे। वह हीमोग्लोबिनोपैथी के अनुसंधान प्रबंधन और नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन करेंगे और चंद्रपुर में केंद्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान को समर्पित करेंगे। इसके अलावा, वह राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत नागपुर में 1,925 करोड़ रुपये की नदी प्रदूषण उपशमन परियोजना की नींव रखेंगे। पीएम मोदी गोवा के मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भी उद्घाटन करेंगे। इस एयरपोर्ट के निर्माण पर लगभग 2,870 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। इस पर परिचालन 5 जनवरी से शुरू होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# डीएमयू में जल्द रिसर्च जर्नल का प्रकाशन : डॉ तपन कुमार



**कुलपति ने विज्ञान संकाय के शिक्षकों के साथ बैठक की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन में विज्ञान संकाय के डीन, विभिन्न विभागाध्यक्ष और शिक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में विभिन्न विज्ञान विभागों की आधारभूत संरचनाओं एवं अन्य शैक्षिक समस्याओं पर संवाद किया गया। इस दौरान मौजूद सभी शिक्षकों ने विज्ञान संकायों के प्रयोगशालाओं को अपग्रेड करने, लैब टेक्नीशियन, प्रयोगशाला सहायकों की नियुक्ति संबंधी बातों को रखा, ताकि विश्वविद्यालय के प्रायोगिक शिक्षण में गुणवत्ता आये। इस आपसी संवाद के क्रम में ही यह सर्वमान्य सहमति बनी कि विश्वविद्यालय की प्राथमिकताओं में एक अत्याधुनिक केंद्रीय प्रयोगशाला का निर्माण होना अति आवश्यक है। इसके अलावा विज्ञान के विभिन्न विभागों के लिए अलग एवं गुणवत्तापूर्ण विशिष्ट प्रयोगशाला की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। कुलपति ने बैठक में एक वृहत पुस्तकालय एवं विज्ञान के रिसर्च जर्नल के प्रकाशन पर सहमति जतायी। तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि विश्वविद्यालय सरकारी सहयोग के अलावा अपने स्तर से इन सभी मसलों पर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही उनकी योजना विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर बायो टेक्नोलॉजी की पढ़ाई को प्रारंभ करना है। उन्होंने इस पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए अति उपयोगी बताते हुए इसे अतिशीघ्र प्रारंभ करने की बात कही। इस मौके पर विज्ञान संकाय के डीन, विभिन्न विभागीय अध्यक्ष और शिक्षकों की मौजूदगी रही। यह जानकारी विश्वविद्यालय के पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## सेना और बजरा मौजा की जमीन का मामला

# रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन के खिलाफ जांच का आदेश

**एक साथ 83 साल की लगान रसीद कटवा दी थी**

**रात के अंधेरे में पुलिस की मौजूदगी में जमीन की घेराबंदी करवायी थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सरकार ने इनके खिलाफ दो मामलों की जांच का आदेश दिया है। रांची की दो जमीन के मामले में कार्मिक, प्रशासनिक विभाग ने तत्कालीन छवि रंजन के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। छवि रंजन के विरुद्ध रांची की दो जमीन, बड़गाईं में सेना के कब्जेवाली जमीन और दूसरा हेहल अंचल के बाजरा मौजा की जमीन का मामला है।

### एक साथ 83 साल की लगान रसीद काटी गयी

छवि रंजन पर आरोप है कि उनके डीसी रहते बड़गाईं अंचल के मोरहाबादी मौजा की सेना के कब्जेवाली एमएस प्लॉट संख्या 557 की 4.5 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री हुई। दूसरा मामला हेहल अंचल के बजरा मौजा के खाता नंबर 140 की 7.16 एकड़ जमीन से जुड़ा है। इस जमीन की रजिस्ट्री से पहले आइएएस छवि रंजन के निर्देश पर एक साथ 83 सालकी लगान रसीद काटी गयी थी। इस जमीन पर हूल दिवस के दिन रात के अंधेरे में पुलिस की मौजूदगी में बाउंड्री करवायी गयी थी। बाउंड्री करने के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने के लिए तत्कालीन डीसी



छवि रंजन के गोपनीय कार्यालय से आदेश जारी किया गया था। बतातें चलें कि वर्तमान में छवि रंजन समाज कल्याण निदेशालय में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

### इन आरोपों की सरकार करा रही है जांच

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हेहल अंचल के बजरा मौजा की जमीन के मामले में कहा गया है कि उपायुक्त रहते छवि रंजन द्वारा पारित आदेश पूरी तरह से गैरकानूनी, संदेहजनक और आपराधिक साजिश का मामला प्रतीत होता है। आरोप को लेकर पूर्व में भी प्रमुख सचिव राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड से मंतव्य मांगा गया था, जो अब तक नहीं मिला है। वहीं बड़गाईं अंचल के मोरहाबादी मौजा की जमीन सेना की कब्जे में है। इस जमीन के मामले में कहा गया है कि उपायुक्त रहते हुए छवि रंजन द्वारा अनियमितता बरती गयी और रजिस्ट्री करा दी गयी, जो कि एक दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। किसी निजी व्यक्ति को आर्थिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जमीन के मामले में हेराफेरी और आपराधिक साजिश की गयी है।

# शारदा ग्लोबल के छात्र का आइआइटी मुंबई के ओलंपियाड में चयन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल के छात्र ओम कुमार उज्जवल को इ सेल आइआइटी मुंबई द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय उद्यमी ओलिंपियाड के दूसरे चरण के लिए चयनित किया गया है। दूसरे चरण की प्रतियोगिता आइआइटी मुंबई में आयोजित होगी। ओम ने इस प्रतियोगिता में चयनित होकर पूरे विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय की डाइरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ रंजना स्वरूप तथा प्राचार्या जसमीत कौर ने बधाई दी है।

# श्री श्याम मंदिर में भव्य भंडारा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 40 वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि श्री श्याम भंडारे में केसरिया खीर वेजिटेबल पुलाव आलू सब्जी का प्रसाद निर्मित किया गया था। श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवता को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया गया। प्रसाद अर्पित के समय पूरा श्री श्याम मंदिर खाटू नरेश की जय जयकारों से गूंज उठा। आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी जैसे सुमधुर भजन गायन करके ठाकुर की मनोहर की गयी। लगभग 3100 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। रातू रोड निवासी मोहनलाल खुटेटा, गीता देवी खुटेटा, अरुण खुटेटा, यश खुटेटा अपने परिवार के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण व अन्य व्यवस्था में सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नर्सरिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्रवण जी, गौरव अग्रवाल, मोनू, अनिल नारनौल, पंकज गाड़ोदिया, पूर्व सांसद अजय मारू, अमित सरावगी, उषा श्री, मोहनलाल सहित कई अन्य का सहयोग रहा।

# जर्जर स्कूल कैंपस को खेल मैदान के रूप में विकसित करने का निर्णय



**मुखिया सोमा उरांव के नेतृत्व में विशेष ग्राम सभा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके के बोड़या स्थित मीडिल स्कूल कैंपस को खेल मैदान एवं स्पोर्ट्स सेंटर के रूप में विकसित करने का निर्णय विशेष ग्राम सभा में लिया गया। शनिवार को बोड़या, अरसंडे चौक पर अवस्थित पुराना मिडिल स्कूल बोड़या के परिसर में मुखिया सोमा उरांव के नेतृत्व में एक विशेष ग्राम सभा/ आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें पुराना मिडिल स्कूल कैंपस को खेल मैदान एवं स्पोर्ट्स सेंटर के रूप में विकसित करने और कैंपस के अंदर जर्जर भवन को समतलीकरण का प्रस्ताव ही सर्वसम्मति से पारित किया गया। बता दें कि पुराना मिडिल स्कूल कैंपस में लगभग 20 वर्षों से किसी भी तरह का कोई शैक्षणिक कार्य नहीं हो रहा है। कैंपस वीरान पड़ा हुआ था। क्योंकि बोड़या,अरसंडे ग्राम में एक भी खेल का मैदान नहीं है। इस कैंपस को खेल का मैदान एवं स्पोर्ट्स सेंटर बनने से लोगों में काफी खुशी एवं उत्साह का माहौल है। इस बैठक में मुख्य रूप से कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा एवं इस क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य किरण देवी के अलावे बोड़या एवं अरसंडे के नरगिस सुल्ताना पंचायत समिति सदस्य, लालचंद सोनी, पंचायत समिति सदस्य ,गुड्डू वार्ड सदस्य, अमर तिर्की पंचायत समिति सदस्य, संतु कुमार महतो उप मुखिया , ग्राम प्रधान अनिल उरांव, विश्वकर्मा पहान, सुकरा पहान ग्राम प्रधान अरसंडे, गोविंद नारायण तिवारी, परना उरांव, भक्तु उरांव, कलीम अंसारी, सदर रफीक अंसारी , दीपेन साहू, वीरेंद्र नारायण तिवारी, अनिल गोप, आदित्य महतो, सुशील टोप्पो, विजय टोपो, प्रकाश साहू, आकाश उरांव राष्ट्रीय गेम में पदक विजेता, राजू रजक, प्रवीण केसरी, नीरज ठाकुर, शिव मुनि ठाकुर, सुधांशु नारायण तिवारी, चांद नारायण तिवारी, तारकेश्वर नारायण तिवारी के साथ-साथ बोड़या एवं अरसंडे ग्राम के सैकड़ों प्रबुद्ध नागरिक एवं युवा खिलाड़ी, महिलाएं काफी संख्या में मौजूद थे।

# एचइसी को बचाने के लिए राजनीतिक दलों ने किया राजभवन मार्च



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एचइसी बचाने को लेकर शनिवार को गैर भाजपा राजनीतिक दलों ने राजभवन मार्च किया। इसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए। मार्च जिला स्कूल से लेकर राजभवन तक निकाला गया। जहां राजभवन जाकर मार्च सभा में तब्दील हो गयी। सभा की अध्यक्षता भाकपा के जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने की। सभा को राज्य सचिव महेंद्र पाठक, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, भाकपा माले के जिला सचिव भुनेश्वर केवट, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नेता कुमार राजा, माकपा के सुखनाथ लोहरा समेत अन्य नेताओं ने संबोधित किया। नेताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एक साजिश के तहत एचइसी को बेचने की कोशिश कर रही है। इसीलिए 13 महीने से मजदूरों का मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। एचइसी में 36 इंजीनियर भी धरना पर बैठे हुए हैं। नेताओं ने एचइसी को बचाने के लिए राज्यपाल के द्वारा प्रधानमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया कि किसी को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराये जाने के लिए भारी उद्योग मंत्रालय को निर्देश दिया जाये। कारखाने के आधुनिकीकरण के लिए आगामी यूनियन बजट में केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा एक विशेष पैकेज की घोषणा की जायें। संयंत्र को बैंक गारंटी दी जायें समेत अन्य मांग की गयी।

## बीएयू के आठ छात्र-छात्राओं का हुआ प्लेसमेंट

# पांच से छह लाख का मिला पैकेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कैंपस में शनविार को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बीएयू के आठ छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। जिसमें रांची वेटनरी कॉलेज के छह, एग्रीकल्चर कॉलेज के एक और कृषि संकाय के अधीन संचालित सेंटर ऑफ एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के एक छात्र का चयन किया गया। सभी छात्र-छात्राओं का चयन पांच से छह लाख के पैकेज पर किया गया है। इसकी जानकारी यूनिवर्सिटी के को-ऑर्डिनेटर डॉ बीके झा ने दी। उन्होंने बताया कि सभी चयनित छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय के फ्रेश ग्रेजुएट/ पोस्ट ग्रेजुएट हैं। शिविर का आयोजन स्टूडेंट काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट कोषांग द्वारा रांची एग्रीकल्चर कॉलेज, रांची वेटनरी कॉलेज एवं सेंटर ऑफ एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के छात्र-छात्राओं के लिए किया गया। शिविर में कुल 26 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। शिविर का आयोजन यूनिवर्सिटी को-ऑर्डिनेटर डॉ बीके झा के मार्गदर्शन में तथा संचालन प्लेसमेंट प्रभारी (कृषि) डॉ एचसी लाल तथा प्लेसमेंट प्रभारी (पशु चिकित्सा) डॉ प्रवीण कुमार ने किया।

### पांच सदस्यीय टीम ने चयन किया

शिविर में शामिलि छात्र-छात्राओं का बिहार रूरल लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी बीआरएलपीएस-जीविका, पटना की पांच सदस्यीय चयन समिति ने इंटरव्यू लिया। समिति ने यंग प्रोफेशनल के सात एवं लाइवलीहुड स्पेशलिस्ट के रूप में एक अभ्यर्थी का चयन किया। चयनित अभ्यर्थियों की सूची समिति ने यूनिवर्सिटी को-ऑर्डिनेटर को सौंप दी है। इस सूची में रांची वेटनरी कॉलेज के छह छात्रों में अनल बोस, उज्ज्वल सिंह, पल्लवी घोष, प्रकाश कुमार, श्रेया सुमन एवं शिवांगी अनंत एवं रांची एग्रीकल्चर कॉलेज के एक छात्र मनीष कुमार शामिल हैं, जबकि लाइवलीहुड स्पेशलिस्ट कृषि संकाय के अधीन संचालित सेंटर ऑफ एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के एक छात्र राहुल राज का चयन हुआ है।

# आइरिस आइ हॉस्पिटल का स्थापना दिवस आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइरिस सुपर स्पेशलिटी आइ हॉस्पिटल का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर नेशनल सीएमइ का आयोजन किया जायेगा। डॉ सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि यह एक प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रम है। इसमें एम्स के प्रतिष्ठित डॉ एवं अनुभवी वक्ता अपना अनुभव स्थानीय डॉक्टरों एवं वक्ताओं को साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि आइरिस आइ हॉस्पिटल रेटिना मोतियाबिंद भेंगापन, आंखों का ट्यूमर और काला मोतियाबिंद सहित आंखों के रोगों पर भी अपना अनुभव साझा करेंगे। आइरिस आइ हॉस्पिटल ना सिर्फ आंखों के मरीजों को सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज कर रहा है। बल्कि यह मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च पर भी काम कर रहा है। डॉ सुबोध ने कहा कि आयरिश अस्पताल में लगभग दो हजार से ज्यादा मरीजों का इलाज किया है। प्रेस वार्ता में मोतियाबिंद एवं रिफ्रैक्टिव सर्जन डॉ गोपाल सिंह एवं पार्टनर सिद्धांत जैन और अनंत जैन मौजूद थे।

## कार्यक्रम : टेडएक्स कांके के टॉक शो 'सस्टेनेबल प्लानेट' पर साझा हुआ विचार

# मूक पर्यावरणविद होते हैं कचरा चुनने वाले लोग

**जीवाश्म ईंधन के बजाय ऊर्जा के नये स्रोतों पर शिफ्ट होने पर जोर**

**वनों के विनाश को बताया गया प्रदूषण का प्रमुख कारण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेडएक्स कांके के तत्वावधान में शनिवार को मेकॉन रांची स्थित सेल एमटीआइ ऑडिटोरियम में 'द सस्टेनेबल प्लानेट' पर टॉक शो का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। टेडेक्स कांके के क्यूरेटर राजीव गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि टेडएक्स कांके विश्व स्तर पर होने वाली घटनाओं पर विचारों को साझा करने का मंच प्रदान देता है। हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा, तभी हमारी पृथ्वी रहने के लिए एक बेहतर और खुशहाल जगह बन सकती है। हसिरु डाला इनोवेशन की संस्थापक नलिनी शेखर ने कहा कि जब हम सतत विकास की बात करते हैं, तो अपशिष्ट प्रबंधन को कम नहीं आंक सकते। कूड़ा बीनने में लगे लोग पर्यावरण को साफ करने वाले मूक पर्यावरणविद होते हैं।

इडी एचआरडी, सेल संजीव कुमार ने कहा कि अब जीवाश्म ईंधन की उपयोगिता को कम करते हुए ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों की ओर शिफ्ट होने की जरूरत है। हमारी पृथ्वी और पर्यावरण की स्थिरता के लिए ऐसा किया जाना जरूरी हो गया है। तजना शिलेक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर




रोशन लाल शर्मा ने कहा कि वनों का विनाश प्रदूषण का प्रमुख कारण है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाना और पर्यावरण सुरक्षा के लिए अन्य जरूरी कदम उठाना आवश्यक है।

फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रिसर्च असोसिएट हिमाद्रि विश्वास ने कहा कि किसी एक चीज का अत्यधिक दोहन पारिस्थितिकी तंत्र पर व्यापक प्रभाव डालता है। यदि हम बदलाव और स्थिरता चाहते हैं तो सभी को एक साथ मिलकर इसकी बेहतरी के काम करना होगा। एसओएएस, लंदन के एमेरिटस प्रोफेसर वेर्नर मेंस्की ने कहा कि एक अच्छे सिद्धांत को व्यवहारिक तौर पर अच्छा होना चाहिए। महत्वपूर्ण यह नहीं कि हम चीजों के बारे में कैसे बात करते हैं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि हम इसे कैसे करते हैं।

सिब्रोस यूएसए के वीपी शिवालिक प्रसाद ने कहा कि मनुष्य को चलने की इच्छा होती है। हमारा भविष्य सौर ऊर्जा से संचालित वाहन है। इस दिशा में हम अधिक से अधिक इलेक्ट्रॉनिक वाहन की ओर स्विच कर रहे हैं। गोआ की स्कूबा प्रशिक्षक शौर्य तारिणी ने कहा कि हम केवल उसी की रक्षा की बात करते है, जिससे हम प्यार करते हैं। लेकिन आपकी कोशिश और कारगर तब हो जाती है, जब आप उस चीज से प्यार करने की कोशिश करने लगते है, जिसे आप संरक्षित करना चाहते हैं।

टॉक शो का संचालन 92.7 बिग एफएम की आरजे राशी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सीएम चुग ने किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भी भेंट किया गया। आयोजन को सफल बनाने में कनिष्क पोद्दार, शमीक चक्रवर्ती, हितेश भगत, आलोक कुमार, अमित कुमार, प्रवीण राजगढ़िया, सीएम चुग, अनूप प्रसाद, नितेश स्वरूप समेत एक्सआइएसएस के 20 वोलेंटियर छात्रों का योगदान रहा।

# त्रिपुरा में मनाया गया झारखंड दिवस

**सरकार कर रही है श्रमिकों के लिए कल्याणकारी काम : समीर उरांव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस सरकार ने हमेशा झारखंड के लोगों के साथ धोखा किया। केंद्र में जब तक कांग्रेस की सरकार रही तब तक उनकी अलग झारखंड की मांग को नहीं सुना गया। जबकि जब भाजपा की सरकार सत्ता में आयी तो उनकी मांग पूरी हुई। इसके बाद अलग झारखंड की दशकों पुरानी मांग पूरी हुई और अलग राज्य बना।

उक्त बातें त्रिपुरा सिमना विधानसभा क्षेत्र में आयोजित झारखंड दिवस के मौके पर एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कही। उन्होंने आगे कहा कि इतना ही नहीं जब से भाजपा सरकार बनी है, तबसे त्रिपुरा में भी श्रमिकों के हित में लगातार काम कर रही है। श्रमिकों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो, उसका ध्यान सरकार रख रही है। त्रिपुरा सरकार आदिवासियों और श्रमिकों को लेकर कितना सोचती है, इसका पता इसी बात से लगता है कि सरकार यहां पर झारखंड दिवस मना रही है। उरांव ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झारखंड के लोगों को छला है। उनकी मांग की तरफ ध्यान नहीं दिया। जब केंद्र में भाजपा की सरकार आयी तो उन्होंने 2000 में झारखंड की मांग अमली जामा पहनाया। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा सरकार भी श्रमिकों के लिए लगातार कार्य कर रही है। किसी तरह की दिक्कत होने नहीं दे रही है। इस अवसर पर त्रिपुरा प्रदेशाध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर त्रिपुरा में झारखंड दिवस मनाया जा रहा है।

# रंगदारी के लिए पांडे गिरोह के गुर्गों ने की थी पतरातू और सौंदा बी में फायरिंग, छह गिरफ्तार

## सभी अपराधियों का पांडे गिरोह से जुड़ा है तार : पीयूष पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के व्यापारियों से रंगदारी वसूलने के लिए पांडे गिरोह गुर्गों ने पतरातू और सौंदा बी में हवाई फायरिंग किया था। घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ़्तार के लिए रामगढ़ एसपी के निर्देश पर बनी एसआइटी ने पांडे गिरोह के छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि रामगढ़ में अपराधियों को किसी भी स्तर पर प्रश्रय नहीं मिलेगा। उनके हर मंसूबे को विफल करने के लिए पुलिस एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। शनिवार को रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि छह दिसंबर को पतरातु क्षेत्र में हरदेव कंस्ट्रक्शन साइट पर मोटरसाइकिल पर सवार 7-8 अपराध कर्मियों ने गोलीबारी की थी। इस मामले में पुलिस कुछ कार्रवाई करती तब तक उन अपराधियों ने अगले ही दिन 7 दिसंबर को भुरकुंडा सेंट्रल साइडिंग बी पर शशि इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के साइडिंग पर धावा बोल दिया। जिसके बाद पुलिस की कार्यवाई तेज कर दी। जिसके कारण पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी।



### अपराधियों के पास से बरामद हुई तीन बाइक

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि अपराधियों ने आतंक मचाने के लिए तीन मोटरसाइकिल का उपयोग किया था। वह सभी मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट के थे। नंबर प्लेट को बदलने के लिए इस्तेमाल में लाए गए औजार भी पुलिस ने जप्त कर लिया है। इसके अलावा घटनास्थल से फायरिंग की हुई बुलेट और खोखा पुलिस को मिला है।

### गिरफ्तार अपराधियों में ये हैं शामिल

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि इन दोनों मामलों में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 6 अपराधियों को पकड़ा। इनमें से पतरातू स्टेशन रोड निवासी मोनू कुमार सोनी, स्टीम कॉलोनी निवासी धर्मवीर कुमार पटेल, जय नगर निवासी राजू कुमार, न्यू मार्केट पतरातू निवासी दीपक रजक, पतरातू बस्ती निवासी अमित कुमार साहू और भुरकुंडा निवासी रंजीत पांडे शामिल हैं।

### गिरफ्तार लोगों का रहा है आपराधिक इतिहास

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि गिरफ्तार छह सभी पांडे गिरोह के अपराधियों का एक बड़ा आपराधिक इतिहास भी है। यह सभी लोग रंगदारी वसूलने के लिए ठेकेदारों और कंपनियों के मालिकों को निशाना बनाते हैं। यह लोग कंस्ट्रक्शन साइट और सीसीएल क्षेत्र में फायरिंग कर दबदबा बनाते हैं, ताकि आसानी से रंगदारी वसूली जा सके। एसपी ने बताया कि इन लोगों का किन-किन स्थानों पर लिंक है इसका पता किया जा रहा है। रामगढ़ शहर में भी एक व्यापारी पर गोली चली थी। उस मामले में भी इनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।

### टीम में ये थे शामिल

पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे, बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार, सब इंस्पेक्टर मयंक प्रसाद, अमित कुमार, सोनू कुमार साहू, निर्मल उरांव सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

---

**महत्वपूर्ण न्यूज**

### आज बैंक ऑफ इंडिया पेंसनर्स एंड रिटायर एसोसिएशन का सम्मेलन





**रांची (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया पेंसनर्स एंड रिटायर एसोसिएशन के महासचिव देवाशीष सेन गुप्ता ने बताया कि बैंकिंग उद्योग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास समाज के आर्थिक रूप से अत्यंत पिछड़े नागरिकों के आर्थिक उन्नति के लिए सार्थक कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त हुए बैंक अधिकारियों एवं कर्मियों के आंदोलनों में ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कनफेडरेशन द्वारा संबधित ऑल इंडिया बैंक पेंशन एंड रिटायरस कनफेडरेशन अग्रणी रहा है। औद्योगिक स्तर पर बैंक उद्योग में सेवानिवृत्त पेंशन भोगियों की दशा एवं दिशा में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। ऑल इंडिया बैंक पेंशनस एंड रिटायरस कन्फडरेशन एक प्रमुख संगटन है। इसकी स्थापना वर्ष 2012 में की गयी। इस दौरान विभिन्न चुनौतियों एवं बाधाओं को पार करते हुए संप्रति पूरे देश में 1.50 लाख सदस्य बनाये हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य इकाई की 6वीं वार्षिक आम सदस्यों की बैठक गुरुनानक हाई स्कूल परिसर में 11 दिसंबर को आयोजित होगी।

### नो फॉर श्योर क्विज में डीएवी पब्लिक स्कूल की टीम विजयी



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के डीपीएस पब्लिक स्कूल में शनिवार को इंडिनिका लर्निंग द्वारा क्विज ( नो फॉर श्योर ) प्रतियोगिता कराया गया जिसमे बीस विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया । इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु की टीम विजयी हुई। चैम्पियन टीम में सातवीं कक्षा की अंकना सेनगुप्ता और आठवीं कक्षा के शौर्य सिन्हा थे। दूसरे स्थान पर ब्रिजफोर्ड स्कूल, और तीसरे स्थान पर जेवीएम श्यामली की टीम रही। प्राचार्य विनय कुमार पाण्डेय ने अंकना और शौर्य को इस जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता को जीतने का आनंद और उससे प्राप्त सीख हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण होती है। प्रतिभागिता के अनुभव भी हमारे काम आते हैं। विद्यार्थियों को प्रतिभागिता के प्रयास सदैव करते रहने चाहिए।

### संत जॉन स्कूल रांची ने जीता सीबीएससी क्लस्टर 3 फुटबॉल मैच



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रारंभिका स्कूल दानापुर में आयोजित क्लस्टर 3 सीबीएससी फुटबॉल प्रतियोगिता में संत जॉन स्कूल ने फाइनल मैच में एसडीएमएस स्कूल जमशेदपुर को 1-0 से हरा कर खिताब पर अपना कब्जा बना लिया। मैच काफी रोमांचक भरा था। मैच समाप्ति के तीन मिनट पहले संत जॉन के रॉकी कुमार ने अपने गोल के द्वारा टीम को जीत हासिल करने में मदद की। संत जॉन के शिक्षक तथा विद्यार्थियों ने फूलमाला तथा बाजा के साथ सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया। प्रधानाध्यापक ने खिलाड़ियों को बधाई देकर उनका मनोबल बढ़ाया। खिलाडियों की अगुवाई विजय मनीष सांगा तथा मिस कृपा तिर्की ने की। संत जॉन स्कूल की फुटबॉल खिलाड़ी सीबीएससी नेशनल में खेलेगी।

---

# फार्मेसी और पैरामेडिकल के शोधार्थियों ने अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये

### राष्ट्रीय कांफ्रेंस का दूसरा दिन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय में नौ से 16 दिसंबर तक 8 दिवसीय राष्ट्रीय कन्फ्रेस के आयोजन शनिवार को को दूसरा दिन था। स्कूल ऑफ फामेर्सी टेक्निकल सेशन 1 और स्कूल ऑफ पैरामेडिकल टेक्निकल सेशन 2 में शोधार्थियो ने अपने शोध पत्र को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर दिग दिगंतर के विद्वत जनों, शिक्षाविद्धो, गुणी शोधाथीर्यों का साक्षी बना। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संबोधन में विश्वविद्यालय कुलपति (प्रभार) प्रो डॉ एसपी यादव ने सभी महानुभावों का आभार प्रकट करते हुए उनका आभार प्रकट किया एवं सभी शोधार्थियों को शुभकामनाएं दी।

इस राष्ट्रीय कन्फ्रेस में विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधी के रूप में फार्मेसी की तरफ से हेड युसीपीएस, पलामुरु यूनिवर्सिटी, मेंबर पीसीआइ, डॉ वी प्रभाकर रेड्डी, लीडर सेंट्रल मॉनिटर इन्नोवेडर्म रिसर्च मिस्टर अमित दस, एक्स प्रेजिडेंट रैफल्स यूनिवर्सिटी प्रोफेसर एमेरिटस आर जी यु एच एस एडिटर - आइजेपीएस प्रोफेसर दिवाकर गोली, एक्सेक्यूटिव मेंबर फामेर्सी कौंसिल ऑफ इंडिया मिस्टर धर्मेन्द्र सिंह वही पैरामेडिकल की तरफ से प्रो डॉ आनंद प्रियदर्शी प्रिंसिपल ऑफ डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी एमयू बोधगया, डॉ एमके सिंह कार्डियोलॉजिस्ट एम डी मेडिसिन, प्रो पुण्यदेव प्रशाद गड़वा डेंटल कॉलेज ने अपने बहुमूल्य व्याख्या तथा शोध अनुभवो को साझा किया।

मौके पर डीन फामेर्सी प्रोफेसर डॉ आशीष सरकार एवं एसोसिएट डीन पैरामेडिकल डॉ पी कुमार ने भी ने अपने बहुमूल्य व्याख्या तथा शोध अनुभवो को साझा किया। राष्ट्रीय कंफ्रेस के दूसरे दिन का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर कंफ्रेंस संचालक डॉ ब्रजेश कुमार सिंह, डॉ आशिष सरकार, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी इ० दीपक कुमार, प्रबंधन समिती, फैकल्टी स्टाफ सहित सभी विद्यार्थियों का प्रतिभागी बना रहा। कंफ्रेस संयोजक डॉ ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि पोस्ट ग्रेजुएट को भी रिसर्च के फील्ड में प्राइमरी डेटा पर काम करना होगा तथा सभी स्कॉलर को अपने गुरुओं का सम्मान करना हमारा नैतिक धर्म है। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के चांसलर बैद्यनाथ यादव, चेयरमैन रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ श्रीरमन दुबे, उप कुलसचिव संजय तिवारी के अलावा सभी संकाय के डीन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

# बाल विवाह पर रोक सामाजिक व्यवस्था में बदलाव से संभव

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बदलते परिवेश में विवाह से ज्यादा आत्मनिर्भर इंसान बनना जरूरी है। इसके लिए युवाओं को जागरूक होने की जरूरत है। इसमें सामाजिक पहल की भूमिका कारगर हो सकती है। छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ की ओर से शनिवार को आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला में बाल विवाह से होने वाली परेशानी पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा, दुनिया में हर मिनट में 23 बाल विवाह हो जाते हैं। बाल विवाह से उत्पन्न शिशु का शारीरिक व मानसिक विकास भी इस कारण खतरे में पड़ जाता है। बाल विवाह को केवल कानून से खत्म नहीं किया जा सकता। इसके मूल में छिपी पित्तृसत्तात्मक व्यवस्था में बदलाव जरूरी है। कार्यशाला में किशोर-किशोरियों ने अपने विचार रखे। सीआईपी की सहायक प्रोफेसर मिट्ठू मुथू वर्गिस ने कम उम्र में होने वाले विवाह के दौरान उत्पन्न मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोवैज्ञानिक पहलू से संबंधित जानाकारी दी। डॉ स्मिता गुप्ता ने विवाह व्यवस्था और परम्परा को लेकर हुए अध्ययन का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ सचि कुमारी, डॉ सबिता केसरी, नसरीन जमाल, रथिन भद्र, डॉ किरण श्रावणी, डॉ निर्मल मिंज, डॉ कर्नलयुस मिंज, कृपा खेस, अजय कुमार, मुकुट बाड़ा, स्नेह प्रतीक ने भी अपने विचार रखे।

# गरिमा, स्वतंत्रता और सभी के लिए न्याय को वास्तविक रूप से साकार करना जरूरी : डॉ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की आइक्यूएसी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन आरयूकेडीएसडब्ल्यू डॉ जीएस झा की अध्यक्षता में की गयी। जागरूकता रैली बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर से प्रारंभ की गयी । रैली को डॉ एसपी सिंह, डीएस डब्ल्यू डॉ जीएस झा, आर यूके वोकेशनल कोर्सेज की उपनिदेशक डॉ स्मृति सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर से निकल कर केंद्रीय पुस्तकालय, राजकीय अतिथिशाला, नीलाम्बर - पीतांबर पार्क, ऑक्सीजन पार्क, मान्या पैलेस होते हुए केंद्रीय पुस्तकालय में समाप्त हुआ। संगोष्ठी का आयोजन शहीद स्मृति भवन में आयोजित की गयी। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आरयूके राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ एसपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष यूएन का थीम गरिमा, स्वतंत्रता एवं न्याय सबके लिए था। इसे वास्तविक रूप से साकार करना जरूरी है। अध्यक्षीय संबोधन में डीएस डब्ल्यू डॉ जीएस झा ने कहा कि अधिकार और कर्त्तव्य एक दूसरे का पूरक है एवं इसमें संतुलन बनाकर चलने से समाज का कल्याण किया जा सकता है। वोकेशनल कोर्सेज उपनिदेशक डॉ स्मृति सिंह ने कहा कि मानवाधिकार का दुरुपयोग ना करते हुए इसे सकारात्मक रूप से लेनी चाहिए। संगोष्ठी को आरयूके भौतिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार डे, डॉ अरुण कुमार पांडेय, डॉ राजकुमार सिंह, अनुभव चक्रवर्ती, डॉ विनोद कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन दिवाकर आनंद ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएसके टीम लीडर्स क्रमशः सौरभ सोनी, अंशु कुमारी, रोहित राज, अनिल राजभर, आस्था कुमारी, अनिकेत कुमार, दीपक कुमार, कुमारी काजल गुप्ता, अमन कुमार, बॉबी कुमार, नीरज कुमार, गुड्डी कुमारी, अंकित कुमार का उल्लेखनीय योगदान रहा। संगोष्ठी का शुभारंभ एनएसएस लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें, जगे स्वराष्ट्र के लिए जागें से किया गया एवं समाप्त राष्ट्रगान से किया गया।

---

**महत्वपूर्ण न्यूज**

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस



**रांची (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची की प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। विद्यालय की कक्षा आठवीं की छात्रा स्पर्श कमल ने मानवाधिकार दिवस पर एक भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने विद्यार्थियों से अपने संबोधन में कहा कि मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को मनाया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य राजकिशोर शर्मा ने अपनी अभिव्यक्ति में कहा कि जब भी और जहां कहीं भी मानवता के मूल्यों का परित्याग किया जाता है, हम सभी को अधिक जोखिम होता है। विद्यालय के उप प्राचार्य केआर झा ने कहा कि अधिकारों का हनन सीमाओं और पीढ़ियों के पार गूंजता है। इन्हें सामूहिक रूप से दूर किया जा सकता है। दूसरों के अधिकार का सम्मान करना हमारा नैतिक उत्तरदायित्व है। जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने कहा कि हम मानव को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सतत प्रयास करना चाहिए।

### न्यू एजुकेशन पॉलिसी के संदर्भ में कार्यशाला




**रांची (आजाद सिपाही)।** एचएम पब्लिक स्कूल, चुटिया में न्यू एजुकेशन पॉलिसी के संदर्भ में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षण प्रणाली में होने वाली बदलाव के अंतर्गत क्रियान्वयन, आकलन, मूल्यांकन , क्षेत्रीय भाषा पर आधारित शिक्षा और वर्गों का चार प्रमुख भागों में बांट कर शिक्षा देने पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षा का सार्वभौमीकरण करना है तथा भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन संदीप कुमार डे, आई आई एम कोलकाता थे। कार्यशाला का आयोजन न्यू सरस्वती हाउस की ओर से किया गया था। जिसमें मुख्य रूप से राकेश कुमार मिश्रा एवं विनीत सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से सभी शिक्षक शामिल हो कर इस कार्यशाला से लाभ लेते हुए अपने शिक्षण प्रणाली में बदलाव करने की बात किये। प्राचार्य अरविंद ने स्वागत के साथ रिसोर्स पर्सन और पब्लिकेशन को धन्यवाद दिया।

### निर्मला महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी



**रांची (आजाद सिपाही)।** निर्मला महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय अंतर विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी उच्च एवं तकनीकी शिक्षा झारखंड सरकार द्वारा प्रायोजित है और इसका विषय है बदलते परिवेश में महिलाओं और युवाओं की भूमिका तथा उसका समाज पर प्रभाव। राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि कुलपति रांची विश्वविद्यालय के प्रो अजीत कुमार सिन्हा थे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कुलपति ने कहा कि युवा ही हमारा भविष्य है इन्हें अपने आने वाले समय का रोडमैप तैयार कर लेना होगा, तभी यह देश और समाज को सही दिशा में ले जा सकेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ज्योति ने अपने संबोधन में कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही गर्व का विषय है कि हम इतने महत्वपूर्ण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन कर रहे हैं। कार्यक्रम की समन्वयक डॉक्टर ज्योति प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत किया। संगोष्ठी का मुख्य वक्तव्य आइआइटी खड़कपुर के प्रोफेसर डॉ आरके प्रधान ने दिया। उन्होंने महिलाओं और युवाओं की बढ़ती हुई सार्थक भूमिका पर विस्तृत विवेचना की। उसके सभी पहलुओं पर चर्चा की। संगोष्ठी में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड, हैदराबाद विश्वविद्यालय, पुणे विश्वविद्यालय से गणमान्य अतिथि अपना विशेष व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। उद्घाटन के दौरान सुपीरियर सिस्टर सुषमा बैक, उपप्राचार्या सिस्टर शोभा, समन्वयक डॉक्टर ज्योति प्रसाद एवं संयोजन समिति के सदस्य डॉ सरवत जबीन, डॉक्टर इरा त्रिपाठी, डॉ विनीता सिन्हा उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ सरवत जबीन द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ इरा त्रिपाठी ने किया।

### कन्या उच्च विद्यालय बोड़ेया को बचाने के लिए ग्रामीणों की बैठक आज



**रांची (आजाद सिपाही)।** कन्या उच्च विद्यालय बोड़ेया में आवश्यक बैठक रखी गयी। अध्यक्षता कन्या उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल सुमित्रा कुजूर ने की। बैठक में केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फुलचंद तिर्की उपस्थित थे। कन्या उच्च विद्यालय बोडेया की प्रिंसिपल सुमित्रा टोप्पो ने बताया कि जमीन दलालों के द्वारा कन्या उच्च विद्यालय भवन को तोड़कर स्कूल का अस्तित्व मिटाने का षड्यंत्र कर रहे हैं। कन्या उच्च विद्यालय के बिगत 38 वर्षों से संचालित किया जा रहा है। पूर्व में बहुत से छात्र विद्यालय से पढ़ कर डॉक्टर और इंजीनियर बन कर समाज का सेवा कर रहे हैं। कन्या उच्च विद्यालय का उद्देश्य गांव के बच्चों को कम खर्च में अच्छी शिक्षा मिले, यहां कुछ दलालों के द्वारा इसको तोड़ने का षड्यंत्र किया जा रहा है। इस स्कूल तोड़कर फुटबॉल मैदान और मॉल बनाना चाह रहे हैं। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि किसी भी कीमत पर विद्यालय को तोड़ने नहीं दिया जायेगा। इस स्कूल को बचाने के लिए रविवार को कन्या उच्च विद्यालय में 11 बजे से ग्रामीणों की बैठक होगी। मौके पर चिंटू उरांव, संजय साहू, सुनिल कुमार साहू, राजनायक मंजर अंसारी, हुसैन अंसारी, धर्म कुमार, मुकुल कुमार, अफरोज अंसारी, शाहिद अंसारी और सम्मसाद अंसारी उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद

एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले की अगुवाई में महा विकास आघाड़ी में शामिल दलों (एनसीपी, कांग्रेस और शिवसेना) के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर कहा कि कर्नाटक और महाराष्ट्र के सीमावर्ती जिले बेलगावी की घटनाओं को देखते हुए केंद्र तत्काल दखल दे। पिछले दिनों उस इलाके से महाराष्ट्र के वाहनों पर पथराव और तोड़फोड़ की खबरें आयीं, जिससे महाराष्ट्र में खास तौर पर चिंता है। दरअसल दोनों राज्यों के बीच सीमा पर स्थित कुछ गांवों को लेकर विवाद तभी से है, जब ये दोनों राज्य अस्तित्व में भी नहीं आये थे। 1956 में राज्य पुनर्गठन अधिनियम पारित होने के वक्त ही ये मतभेद उभर आये थे, तब से अलग-अलग स्तरों पर इसे सुलझाने की कोशिशें चलती रही हैं, लेकिन उनका कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। इस बीच कर्नाटक ने 2012 में बेलगावी में विधानसभा भवन का उद्घाटन कर दिया। इसके बाद से वहां विधानसभा का शीतकालीन सत्र होने लगा। लिहाजा हर साल ठंड में किसी न किसी रूप में यह मसला गरमा जाता है। इस बार भी कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के इस बयान ने सबका ध्यान खींचा कि महाराष्ट्र की सीमावर्ती जट तहसील की पंचायतों ने प्रस्ताव पारित कर कर्नाटक में मिलने की इच्छा जतायी है। तत्काल महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान जारी कर इसका खंडन किया और कहा कि महाराष्ट्र का एक भी गांव कर्नाटक में नहीं जायेगा। मगर यह बयान राज्य के राजनीतिक तापमान को कम करने में सफल नहीं हो सका। इसमें दो राय नहीं कि सीमा के दोनों तरफ भाषा से जुड़े इस विवाद से लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। यही वजह है कि समय-समय पर राजनेता इसका इस्तेमाल करने में नहीं हिचकते। इस बार भी संयोग कहिए या कुछ और कि मामला तब भड़का है, जब कर्नाटक विधानसभा चुनाव करीब आ गये हैं। महाराष्ट्र में तत्काल विधानसभा चुनाव भले ही न हों, लेकिन जिस तरह से सत्तारूढ़ शिवसेना में दोफाड़ होने के बाद नयी सरकार बनी, उसके बाद दोनों धड़ों में खुद को असली शिवसेना दिखाने की होड़ लगी हुई है। महाराष्ट्र से जुड़े सवालों पर खुद को ज्यादा निष्ठावान और दूसरे को संदिग्ध बताना भी इस होड़ का हिस्सा है। ऐसे माहौल में स्वाभाविक ही यह विवाद ज्यादा संवेदनशील हो जाता है। मगर इससे समस्या को सुलझाने में कोई मदद नहीं मिलती। निश्चित रूप से यह एक जटिल मसला है। इसका तत्काल कोई सर्वमान्य हल निकलना मुश्किल है, लेकिन जब भी निकलेगा शांति और सौहार्द के माहौल में उदारता और लचीलेपन के साथ ही निकलेगा। इसलिए पहली जरूरत यह है कि राजनीति अपने संकीर्ण स्वार्थ के लिए इसका इस्तेमाल बंद कर दे। राहत की बात है कि केंद्र सहित दोनों राज्यों में बीजेपी सत्ता में है। इसलिए तालमेल बनाये रखना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा। विपक्ष को आश्वस्त करके शांति और व्यवस्था बनाये रखते हुए ही यह सोचा जा सकता है कि दीर्घकालिक हल का सर्वमान्य फॉम्युर्ला कैसे निकाला जाये।

**निश्चित रूप से यह एक जटिल मसला है। इसका तत्काल कोई सर्वमान्य हल निकलना मुश्किल है, लेकिन जब भी निकलेगा शांति और सौहार्द के माहौल में उदारता और लचीलेपन के साथ ही निकलेगा।**


अभिमत
आजाद सिपाही

**साल 1985 के ऐतिहासिक शाहबानो मामले सहित समान नागरिक संहिता की आवश्यकता पर सर्वोच्च न्यायालय के कई निर्णयों का जिक्र करते हुए, न्यायालय ने कहा कि, ह्यसंविधान के अनुच्छेद 44 में उम्मीद जतायी गयी है कि राज्य अपने नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता को हकीकत में बदलेगा। यह महज एक उम्मीद बन कर नहीं रहनी चाहिए।**

# नये भारत के विकास में समान नागरिक संहिता बिल



**सुखदेव वशिष्ठ**




समान नागरिक संहिता बिल संसद मे पेश होने के बाद देशभर में इस पर चर्चा शुरू हो गयी है। समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी कहा था कि आधुनिक भारतीय समाज धीरे-धीरे समरूप होता जा रहा है, धर्म, समुदाय और जाति के पारंपरिक अवरोध अब खत्म हो रहे हैं और इस प्रकार समान नागरिक संहिता अब उम्मीद भर नहीं रहनी चाहिए। आदेश में कहा गया, भारत के विभिन्न समुदायों, जनजातियों, जातियों या धर्मों के युवाओं को जो अपने विवाह को संपन्न करते हैं, उन्हें विभिन्न पर्सनल लॉ, विशेष कर विवाह और तलाक के संबंध में टकराव के कारण उत्पन्न होने वाले मुद्दों से जूझने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।

साल 1985 के ऐतिहासिक शाहबानो मामले सहित समान नागरिक संहिता की आवश्यकता पर सर्वोच्च न्यायालय के कई निर्णयों का जिक्र करते हुए, न्यायालय ने कहा कि, ह्यसंविधान के अनुच्छेद 44 में उम्मीद जतायी गयी है कि राज्य अपने नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता को हकीकत में बदलेगा। यह महज एक उम्मीद बन कर नहीं रहनी चाहिए।

**नये भारत के निर्माण में समान नागरिक संहिता मील का पत्थर साबित होगा।**

शाहबानो मामले में, शीर्ष अदालत ने कहा था कि समान नागरिक संहिता परस्पर विरोधी विचारधारा वाले कानूनों के प्रति असमान निष्ठा को हटा कर राष्ट्रीय एकता के उद्देश्य को पाने में मदद करेगी। सरकार पर देश के नागरिकों को समान नागरिक संहिता के लक्ष्य तक पहुंचाने का दायित्व है। शीर्ष अदालत ने समय-समय पर समान नागरिक संहिता की जरूरत को रेखांकित किया है, हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि इस संबंध में अब तक क्या कदम उठाये गये हैं।

**समान नागरिक संहिता का उद्देश्य महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों सहित संवेदनशील वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जबकि एकरूपता से देश में राष्ट्रीय भावना को भी बल मिलेगा। यह कानूनों का सरलीकरण, समान संहिता विवाह, विरासत और उत्तराधिकार के साथ ही विभिन्न मुद्दों से संबंधित जटिल कानूनों को सरल बनायेगी।**

## अदालत का निर्देश

अदालत ने निर्देश दिया कि आदेश की एक प्रति कानून और न्याय मंत्रालय के सचिव को उचित समझी जाने वाली आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी जाये। अदालत इस पर सुनवाई कर रही थी कि क्या मीणा समुदाय के पक्षकारों के बीच विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 (hindu marriage act) के दायरे से बाहर रखा गया है।

जब पति ने तलाक मांगा तो पत्नी ने तर्क दिया कि हिंदू विवाह अधिनियम उन पर लागू नहीं होता क्योंकि मीणा समुदाय राजस्थान में एक अधिसूचित अनुसूचित जनजाति है। अदालत ने महिला के रुख को खारिज करते हुए कहा कि वर्तमान मामले सब के लिए समान इस तरह की एक संहिता की आवश्यकता को उजागर करते हैं, जो विवाह, तलाक, उत्तराधिकार आदि जैसे पहलुओं के संबंध में समान सिद्धांतों को लागू करने में सक्षम बनाएंगे।

दोनों पक्षों ने बताया कि उनकी शादी हिंदू रीति-रिवाजों और समारोहों के अनुसार हुई थी और वे हिंदू रीति-रिवाजों का पालन करते हैं। अदालत ने कहा कि हालांकि हिंदू की कोई परिभाषा नहीं है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि अगर जनजातियों के सदस्यों का हिंदूकरण किया जाता है, तो उन पर हिंदू विवाह अधिनियम लागू होगा।

## वर्तमान स्थिति

वर्तमान में अधिकांश भारतीय कानून, सिविल मामलों में एक समान नागरिक संहिता का पालन करते हैं, जैसे- भारतीय अनुबंध अधिनियम, नागरिक प्रक्रिया संहिता, माल बिक्री अधिनियम, संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम, भागीदारी अधिनियम, साक्ष्य अधिनियम आदि। हालांकि राज्यों ने कई कानूनों में कई संशोधन किये हैं। परंतु धर्मनिरपेक्षता संबंधी कानूनों में अभी भी विविधता है। हाल ही में कई राज्यों ने एक समान रूप से मोटर वाहन अधिनियम, 2019 को लागू करने से इनकार कर दिया था।

सरला मुद्गल वाद (1995) भी इस संबंध में काफी चर्चित है, जो बहुविवाह के मामलों और इससे संबंधित कानूनों के बीच विवाद से जुड़ा हुआ था। प्रायः यह तर्क दिया जाता है ट्रिपल तलाक और बहुविवाह जैसी प्रथाएं एक महिला के सम्मान और उसके गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। केंद्र ने सवाल उठाया है कि क्या धार्मिक प्रथाओं को दी गयी संवैधानिक सुरक्षा उन प्रथाओं तक भी विस्तारित होनी चाहिए, जो मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती हैं।

## समान नागरिक संहिता

समान नागरिक संहिता का उद्देश्य महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों सहित संवेदनशील वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जबकि एकरूपता से देश में राष्ट्रीय भावना को भी बल मिलेगा। यह कानूनों का सरलीकरण, समान संहिता विवाह, विरासत और उत्तराधिकार के साथ ही विभिन्न मुद्दों से संबंधित जटिल कानूनों को सरल बनायेगी। परिणामस्वरूप समान नागरिक कानून सभी नागरिकों पर लागू होंगे, चाहे वे किसी भी धर्म में विश्वास रखते हों। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द सन्निहित है और एक धर्मनिरपेक्ष गणराज्य को धार्मिक प्रथाओं के आधार पर विभेदित नियमों के बजाय सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून बनाना चाहिए। समान नागरिक संहिता को लागू करने से वर्तमान में मौजूद सभी व्यक्तिगत कानून समाप्त हो जायेंगे, जिससे उन कानूनों में मौजूद लैंगिक पक्षपात की समस्या से भी निपटा जा सकेगा। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25, जो किसी भी धर्म को मानने और प्रचार की स्वतंत्रता को संरक्षित करता है, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित समानता की अवधारणा के विरुद्ध है। समाज के सभी वर्गों में परस्पर विश्वास निर्माण के लिए सरकार और समाजसेवियों को प्रयास करने होंगे। नये भारत के निर्माण में समान नागरिक संहिता मील का पत्थर साबित होगा।

# जमशेदपुर की खबरें

## 'नयी शिक्षा नीति-2020' आधारित संगोष्ठी आयोजित

# शिक्षा व्यवस्था और प्राथमिक स्तर पर ही बच्चों का बेस मजबूत बनाना इस नीति का उद्देश्य : डॉ शुक्ला मोहंती

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सिटिजन फोरम के तत्वावधान में श्रीकृष्ण सिन्हा संस्थान में नयी शिक्षा नीति - 2020 पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कोल्हान विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ शुक्ला मोहंती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। सबसे पहले गुलदस्ता भेंटकर उनका सम्मान किया गया । उसके बाद डॉ शुक्ला मोहंती ने ह्यनई शिक्षा नीति- 2020ह्ण तथा स्कूली स्तर पर उसकी चुनौतियां और फायदों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सभा को शिक्षा नीति की बारीकियों से अवगत कराया।

डॉ शुक्ला मोहंती ने अपने वक्तव्य में कहा कि ह्यनई शिक्षा नीतिह्ण हमारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्येश्य से लाई गई है। सरकार की कोशिश है कि प्राथमिक स्तर पर ही बच्चों का बेस मजबूत हो जाए, इसीलिए आंगनबाड़ी को किंडरगार्डन की तरह डिजाइन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में तो हमारे समक्ष अधिक चुनौतियां हैं, क्योंकि वहाँ 38% बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं । सरकार की चिंता उन तबकों के प्रति भी है, इसलिए सरकार ने शिक्षा में मातृभाषा का समावेश किया है। सरकार कोशिश में है कि भारत के भावी नागरिक सिर्फ नौकरी ही न करें बल्कि नौकरी देनेवाले भी बनें। उसके बाद जमशेदपुर सिटिजन फोरम के महासविच डॉ हरिबल्लभ सिंह आरसी ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार का यह प्रयास सराहनीय है। सरकार हमारे सिर से विदेशी भाषा का बोझ कम करने का प्रयास कर रही है। हिन्दी एक व्यापारिक भाषा के रूप में समृद्ध हुई है और यह अपनी जगह बना चुकी है। आनेवाला भारत बहुत शिक्षित और सशक्त बन रहा है । उक्त अवसर पर श्रीकृष्ण पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर प्राचार्या संगीता सिंह, उप प्राचार्या सुजाता चौरसिया, कोषाध्यक्ष डीएन सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# मानगो में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान दुकानदारों से वसूला 5500 रुपये जुर्माना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम ने शनिवार को मानगो के विभिन्न इलाकों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस अभियान डिमना रोड, न्यू पुरुलिया रोड और ओल्ड पुरुलिया रोड में चलाया गया। जिन लोगों ने सड़क पर भवन निर्माण सामग्री का ढेर लगा दिया था, उनसे जुमार्ना वसूला गया। मोटरसाइकिल वर्कशॉप चलाने वाले दुकानदारों से भी जुमार्ना वसूला। जिन लोगों ने अपनी दुकान की सीमा से आगे बढ़कर सामान रख लिये थे। उनसे भी जुर्माना वसूला गया।

सभी से 5500 रुपये जुर्माना वसूला गया। कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि अब अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत जुमार्ना वसूली का काम प्रतिदिन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मानगो में ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न हो रही है। जाम लग रहा है। इसीलिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाना जरूरी है। इस अभियान के दौरान नगर प्रबंधक जितेंद्र कुमार और दिनेश्वर यादव मौजूद थे।

# बड़ाजमुना में 5 करोड़ की लागत से बनी बिजली सब-स्टेशन का सांसद-विधायक ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** दामपाड़ा क्षेत्र के बड़ा जमुना में नवनिर्मित बिजली सब स्टेशन का उद्घाटन शनिवार को सांसद विद्युतवरण महतो और विधायक रामदास सोरेन ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बिजली विभाग के एसी दीपक कुमार भी उपस्थित थे। पुजारी सुधीर कुमार मिश्रा ने पूजा कराया। सांसद और विधायक ने नारियल फोड़कर तथा फीता काट कर सब-स्टेशन का उद्घाटन किया तथा बटन दबाकर इसे शुरू किया। सांसद विद्युतवरण महतो ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। इस क्षेत्र में बिजली की जो समस्या थी वह दूर हो जायेगी। कीताडीह के बजाये दामपाड़ा के उपभोक्ताओं को नवनिर्मित सब-स्टेशन से ही बिजली मिल सकेगी। बारिश या हल्की आंधी के बिच सप्लाई भी बंद नहीं होगा। सब-स्टेशन से 5 पंचायत के 5 हजार उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। सांसद ने कहा कि उनकी कोशिश बिजली के साथ ही सड़क एवं दूसरी जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराने की रहती है। झांटीझरना सड़क को जल्द दुरुस्त करायेंगे जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सकें। उन्होंने कहा कि टीआरडब्ल्यू के मुद्दे पर जीएम से बात हुई है, उन्होंने जल्द निर्माण का भरोसा दिया है।

**ग्रामीण इलाकों में शाम के समय बिजली कटौती बंद करे विभागः** विधायक रामदास सोरेन ने भी कहा कि आज का दिन ग्रामीणों के लिए ऐतिहासिक है। दामपाड़ा के लोगों को अब बेहतर बिजली सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि यह बीहड़ ग्रामीण क्षेत्र है जहां आजादी के बाद से किसी ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने विभाग से कहा कि शहरी क्षेत्र की तरह ग्रामीण इलाकों में भी शाम के समय बिजली कटौती नहीं की जाये, क्योंकि शाम में बच्चे पढ़ाई करते है। एसी दीपक कुमार ने कहा कि एक-डेढ़ माह के भीतर उपर पावड़ा में बिजली सब-स्टेशन के पास टीआरडब्ल्यू का भी निर्माण शुरू होगा। इसका टेंडर हो चुका है।

**ये लोग रहे उपस्थित :** उद्घाटन समारोह में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अनूप बिहारी, एसडीओ कपिल रंजन तिग्गा, जेई आनन्द कच्छप, थाना प्रभारी शंभू प्रसाद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत, कान्हू सामंत, रामदास हांसदा, जिला पार्षद देवयानी मुर्मू, प्रखंड प्रमुख सुशीला टुडू, उपप्रमुख गोपाल कृष्ण अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह पंसस विजय पांडेय, मुखिया माही हांसदा, निताई मुंडा, सत्यनारायण पुष्टि, गोपाल कोईरी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मंटू प्रजापति, ब्रजेश सिंह, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष वकील हेम्ब्रम, काजल डॉन, सिपेश शर्मा समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# एमजीएम अस्पताल में भी होमगार्डों के लिए की गयी अलाव की व्यवस्था




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर शहर में इन दिनों ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति ने शहर के विभिन्न इलाकों में अलाव जला दिये हैं। मानगो में भी मानगो चौक, डिमना चौक और पारडीह चौक पर अलाव जलाये गये हैं। इसके अलावा एमजीएम अस्पताल में भी अलाव की व्यवस्था की गई है। यहां होमगार्ड के जवान तैनात हैं। जिन्हें ठंड बढ़ने पर दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। इसे लेकर यहां भी अलाव जलाया गया है। शनिवार को अलाव जलने के बाद होमगार्डों ने राहत महसूस की और अलाव तापते नजर आये।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर अधिवक्ताओं ने की परिचर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** विश्व अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जमशेदपुर पुराना कोर्ट परिसर के लॉ ऑफिस के समीप शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के भारत जोन के चेयरमैन डॉक्टर जी जयराम दास, झारखंड के वाइस चेयरमैन बासुदेव चौधरी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन लॉयर्स डिफेंस के अध्यक्ष अधिवक्ता परमजीत कुमार श्रीवास्तव ने किया और मंच पर अधिवक्ता कुमार राजेश रंजन, योगेश शर्मा, अक्षय कुमार झा के साथ रविंद्र कुमार ठाकुर, जगन्नाथ शर्मा सर्वेश मिश्रा, यशपाल, रवि कुमार, अनूप सिंह के साथ कई अधिवक्ता उपस्थित थे। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर मुख्य रूप से मानव के अधिकार, जो संविधान में निहित है, उन पर काम किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में कुमार ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बर्मामाइंस में हुई भाजमो की बैठक महिला-पुरुषों ने मोर्चा का दामन थामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) बर्मामाइंस मंडल की एक बैठक शनिवार को मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव की अध्यक्षता में बमार्माइंस स्थित बिनोवा आश्रम में हुई। बैठक में अनेक महिलाओं एवं पुरुषों ने भाजमो की विचारधारा और पार्टी संस्थापक सह क्षेत्र के विधायक सरयू राय की कार्यशैली से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक का संचालन महामंत्री बबलू ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि बिनोवा आश्रम में पानी, बिजली, नाली एवं सड़क की सुविधाओं को सुचारू एवं सुदृढ करने का दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह विधायक सरयू राय का जनता के प्रति किया गया संकल्प को पूरा करने की दिशा में उठाया गया सकरात्मक कदम है। उन्होंने भाजमो में शामिल होने पर सभी लोगों का आभार जताया।

# पलामू के प्रथम सांसद की पुण्यतिथि मनायी




आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** खरवार एकता संघ जिला कमेटी रंका गढ़वा के तत्वाधान में पलामू के प्रथम सांसद एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जेठन सिंह खरवार की 42वीं पुण्यतिथि शनिवार को रंका चेकनाका के पास स्थित जेठन सिंह खरवार के प्रतिमा स्थल पर मनाया गया। इस अवसर पर जेठन सिंह खरवार के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए दक्षिणी जिला परिषद सदस्या प्रमिला देवी ने कहा कि जेठन सिंह खरवार को आदिवासी समाज से निकल कर पलामू के प्रथम सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेठन सिंह खरवार आदिवासी खरवार समाज के लिए गौरव हैं। उनके संघर्षों से हमें प्रेरणा मिलती है। पूर्व जिला परिषद सदस्या उमा देवी ने कहा कि जेठन सिंह खरवार ने समाज में शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए बच्चों को पढ़ाने का संदेश दिया है। क्यों कि शिक्षा ही एक ऐसा अनमोल रत्न है जो समाज को जागरूक कर सकता है। आदिवासी नेता झामुमो के कपिल देव सिंह खरवार ने कहा कि आदिवासियों के खोई हुई प्रतिष्ठा को देश के पटल पर लाने के लिए संकल्पित हैं। गौरवशाली खरवार समाज के विश्वनाथ सिंह ने कहा कि जेठन सिंह खरवार के सपनों को साकार करने के लिए समाज को संगठित रहने की जरूरत है। कार्यक्रम को बसपा जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम, भाजपा के सुनील माली, दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रतन सिंह, सुनेश्वर सिंह, कर्मदेव सिंह, संजय सिंह, उपाध्यक्ष लिलेश्वर सिंह, महामंत्री लव कुमार सिंह, सूर्यदेव सिंह सहित काफी संख्या में आदिवासी खरवार समाज के लोग उपस्थित थे।

# सांसद-विधायक ने किया सड़क और पुलिया का शिलान्यास

## 30 करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** सांसद वीडी राम, क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया ने शनिवार को भंडरिया बडगड़ प्रखंड में तीस करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास किया। इस मौके पर सांसद बीडी राम ने कहा कि भंडरिया बड़गड़ प्रखंड अति उग्रवाद प्रखंड रहा है। यहां नक्सलियों के कारण विकास नहीं हो सका था। रघुवर दास की सरकार में नक्सलियों पर काबू पाया जा सका। अब क्षेत्र में विकास हो रही है। क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि भंडरिया और बडगड प्रखंड में सड़क और पुल पुलिया का शिलान्यास किया गया है। ताकि क्षेत्र का विकास हो । उन्होंने कहा कि सड़क और पुल पुलिया बन जाने से आवागमन दुरुस्त हो जायेगा। इस दौरान भंडरिया से कुरुन सड़क 26 किलोमीटर 17 करोड़, चोटंगीया से संगाली तक 10 किलोमीटर राशि 7 करोड़, परस्वार से कुल्ही तक 9:30 किलोमीटर राशि 7 करोड़ ,कुल्ही गांव में दो पुलिया प्राक्कलित राशि ढ़ाई करोड़ शामिल है। योजनाओं के शिलान्यास के बाद भंडरिया पीडब्ल्यूडी के डाक बंगला परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लोगों समस्यायें सुनी और जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष औम प्रकाश केसरी, अलखनाथ पांडे, रघुराज पांडे, मुकेश निरंजन सिन्हा, ठाकुर प्रसाद महतो, राम करेस चौरसिया, सांसद प्रतिनिधि रुप निरंजन सिन्हा, आनंद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, बड़बड़ विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, राजेश्वर ठाकुर भूषण सिंह, ठाकुर प्रसाद महतो ने सभा को संबोधित किया। इस मौके पर ठेकेदार विनोद कुमार सिंह, मनोज सिंह प्रखंड प्रमुख रुकमणी देवी जिला परिषद सदस्य हीरवंती देवी, बबलु सिन्हा, सुशील सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।



### सांसद ने कसमार में किया सड़क का शिलान्यास

कसमार में सड़क का शिलान्यास पलामू भाजपा सांसद बीडी राम ने नारियल फोड़कर किया। सड़क का निर्माण कसमार से कुटी हरहे सिवाना तक होगा। शिलान्यास कार्यक्रम को पलामू भाजपा सांसद बीडी राम ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से लेकर एनएचआइ तक की सड़क सांसद के अनुशंसा से ही बन रहा है गढ़वा बाइपास फोर लेन सड़क बन रही है। गढ़वा का सरस्वतीया नदी का पुल भी जल्द ही बनेगी। सड़क से लेकर पुल तक का काम सांसद के प्रयास से ही बन रहा है। नल जल योजना आवास योजना शौचालय योजना सहित अन्य सैकड़ों योजना का काम केंद्र सरकार के पैसा से हो रहा है लेकिन झामुमो के लोग झूठा वाह-वाही लेने में लगे रहते हैं उन्होंने कहा कि संघीय ढांचे में बिना सांसद के अनुशंसा का किसी रोड का निर्माण नहीं हो सकता है। गढ़वा जिला में जो भी सड़कें बन रही हैं उसमें सांसद का अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में झामुमो सरकार जनहित में कोई काम नहीं कर रही है लेकिन झामुमो के लोग मोदी सरकार के काम को झामुमो का काम बताते चलते हैं जबकि गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथलेश ठाकुर का गढ़वा जिला के विकास कार्य में कोई भुमिका नहीं है वह। गलथेथरई करते हैं उन्होंने झामुमो के लोगों को नसीहत देते हुए कहा कि झूठा विकास जनता को मत दिखाइये जनता सब जानती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग काम में विश्वास करते हैं और झामुमो के लोग झुठा श्रेय लेने में लगे रहते हैं भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा सरकार ही जनहित में काम कर सकता है। झामुमो के लोग केन्द्र सरकार के काम को अपनी उपलब्धि बताते चलते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार क्षेत्र का विकास नहीं बल्कि विनाश कर रहा है। आने वाले समय ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता तैयार बैठी है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने कहा कि मोदी सरकार का योजना ही गढ़वा जिला सहीत पूरे झारखंड में चल रहा है। झामुमो सरकार का एक भी योजना जनता के हित में नहीं चल रही है। झामुमो विधायक सह मंत्री मिथलेश ठाकुर गढ़वा जिला में माफिया का सरगना बने हुए हैं बालु कोयला का अवैध कारोबार मंत्री के ईसारे पर चल रहा है इनकी सच्चाई जनता जान चुकी है आने वाले समय में झामुमो का झोला ढोने वाला कोई नहीं होगा। जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि सड़क बनने से आम जनता को काफी लाभ होगा। भाजपा ही एकमात्र ऐसा पार्टी है जो जनहित में काम करता है उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग झूठा विकास के नाम पर जनता को ठगने का काम करते हैं। गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथलेश ठाकुर गढ़वा जिला में अराजकता का माहौल बना चुके हैं। घुसखोरी लुट हत्या गुंडा राज झामुमो की प्रमुख उपलब्धी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश निरंजन सिन्हा भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, जिला सोशल मीडिया मंडल प्रभारी मंटू दुबे, विजय यादव, राजकुमार विश्वकर्मा, कमल किशोर प्रसाद, सोनू गुप्ता, अवधेश प्रसाद, पारस नाथ माली, नंदलाल राम, निरंजन यादव, नरेंद्र तिवारी, दिनेश लाल, अमित रौशन, हसा संवेदक जितेंद्र चतुर्वेदी, हरहे पंचायत मुखिया श्रवण कमलापुरी, उमेश यादव, छोटेलाल सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी राजीव राज तिवारी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। शनिवार को एक बयान जारी कर श्री तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा यह कहना कि अब पुलिस पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी। इसका मतलब हुआ कि तुष्टिकरण के लिये अब गौ तस्करों को पूरी आजादी मिल गयी है और अब राज्य में खुलेआम गौ तस्कारी की छूट दे दी गयी है। इसकी भारतीय जनता पार्टी कड़ी निंदा करती है और मुख्यमंत्री से झारखंड की जनता से माफी मांगने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि हेमंत के शासन काल में एक विशेष समुदाय को खुली छूट देना लोकतंत्र के लिये घातक है और इसके कई दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। जिसके कारण पूरे राज्य में आराजक स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। ऐसे में सरकार के रहने और नहीं रहने का कोई मतलब नहीं बच जायेगा। श्री तिवारी ने कहा कि प्रदेश की जनता हेमंत सरकार के तुष्टिकरण को अब समझ चुकी है और उनके झांसे में नहीं आनेवाली है। उन्होंने कहा कि यह तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है और झारखंडी जन मानस इसे कभी स्वीकार नहीं करेगी।

# तीन महीने के इलेक्ट्रॉनिक प्रशिक्षण के लिए छत्तीसगढ़ भेजा




**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा प्रखंड के बाहुकुदर गांव निवासी छात्र देवलाल सिंह दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत संचालित तीन महीने का इलेक्ट्रॉनिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के टेडेशेरा राजनंद गांव भेजा गया। इसके पूर्व दर्जनों छात्र छात्राओं को भेजा गया है और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण में रहना, खाना, पीना, फी, यूनिफॉर्म वगैरह सरकार के द्वारा निःशुल्क प्रावधान किया गया है। यह खासकर अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए है। इस अवसर पर जेएस एलपीएस के सीसी सुनील कुमार पांडेय, एफटीसी सुदामा कुमार रवि, जेआरपी प्रतिमा देवी, राजपति देवी, राजकिशोर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

शुद्धि पत्र

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या–26/2022.23 जिसका **PR N0.284312 Rural Development (22-23):D** है। जिसमे ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य मामले, के निबंधन वाले संवेदक भाग ले सकते है प्रकाशित है। इसमें आंशिक संशोधन करते हुए भवन निर्माण विभाग से निबंधन वाले संवेदक भी इस निविदा में भाग ले सकते है।

शेष शर्ते पूर्व की तरह यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी

PR 284749 (Rural Development)22-23*D

# ईस्ट जोन चेस प्रतियोगिता में 19वां स्थान प्राप्त किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** सीबीएसइ इंटर स्कूल स्पोर्ट्स एंड गेम कंपटीशन 2022-23 में रिकॉग्नाइज्ड बाइ द मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के द्वारा वाराणसी में 7 से 9 दिसंबर तक आयोजित ईस्ट जॉन चेस प्रतियोगिता में आरके पब्लिक स्कूल अधौरा( नगर उंटारी)के छात्रों ने 19वां स्थान प्राप्त किया। सीबीएसई ईस्ट जॉन चेस प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के 72 विद्यालयों के चेस प्रतिभागी शामिल हुये। पलामू प्रमंडल से मात्र आर के पब्लिक स्कूल, अधौरा के छात्रों ने भाग लिया-छात्रों का प्रदर्शन सफल रहा है। छह राउंड के मैच में 2 अंक प्राप्त किया तथा 72 स्कूलों में 19वां स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र पवन प्रभात, आदित्य शुक्ला तथा मयंक चौबे ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि यह विद्यालय प्रारंभ से ही बच्चों को शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान देता रहा हैं, विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता रहा हैं तथा देता रहेगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एल के ओझा ने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भी करियर बनाने की बात कही। मौके पर विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार, भावना ओझा, अमर कुमार, रूपेश गुप्ता, अभिनव कुमार, रविकांत चौबे, नवनीत रंजन तथा सभी शिक्षकों ने इस सफलता पर बच्चों की भूरी-भूरी प्रसंशा की।

# गाय पालन को रोजगार के रूप में अपनायें: जुलियस

## दस दिवसीय गाय पालन प्रशिक्षण संपन्न



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से विगत दस दिनों से चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन जेएसएलपीएस के आजीवका के प्रबंधक जुलियस तिर्की, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के फैकेल्टी मिथिलेश कुमार सिंह एवं पंकज कुमार वर्मा ने प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर किया। इस मौके पर जुलियस तिर्की ने कहा कि आप सभी समूह की महिलाओं को आर्थिक उन्नति के लिए महिला समूह से जोड़कर स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। सभी महिलाएं को दस दिनों तक गाय पालन संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान डेयरी प्रबंधन से संबंधित आपलोगो को विस्तृत जानकारी दी गई है। जिसमे पशुओं की नस्ल, पशुओं में होने वाले प्रमुख बीमारी, दुधारू पशुओं के आहार और उनके आवास एवं उनके स्वास्थ्य बेहतर कैसे हो इस संबंध आपको इसके विशेषज्ञों की ओर से जानकारी दी गई है। आप अपनी आर्थिक मजबूती के लिए गाय पालन को स्वरोजगार के रूप में अपनाते होए काम करें। सरकार की ओर से गाय पालन के लिए कई योजनायें चलायी जा रही हैं। उसमें सरकार की योजना आप समूह की महिलाओं को प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध कराने की सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर मोहम्मद रुस्तम अली एवं सुरेंद्र कुमार रवि अनिल, शंभु उपस्थित थे।

# आरा मशीन को वन विभाग ने किया जब्त

**कांडी (आजाद सिपाही)।** हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत डुमरसोता गांव में अवैध रूप से चल रहे आरा मशीन को शनिवार को वन विभाग द्वारा जब्त कर लिया गया। गुप्त सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा छापामारी किया गया। छापामारी अभियान भवनाथपुर वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से हरिहरपुर वनपाल निशांत कुमार, भवनाथपुर वनपाल ओमप्रकाश उरांव के अलावे सचित कच्छप, हेमंत कुमार, सुनील राम, दयाशंकर सिंह सहित अन्य वन कर्मी शामिल थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव के सुदामा चौधरी पिता स्वर्गीय कृष्णा चौधरी द्वारा अवैध रूप से आरा मिल का संचालन किया जा रहा था। वन विभाग की टीम ने मौके पर आरा मिल का फ्रेम, प्लेट, चकरी, चकरी वाली पाइप व सेमल का तीन बोटा लकड़ी जब्त कर लिया। वहीं भवनाथपुर वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार से मिली जानकारी के अनुसार अवैध रूप से चल रहे आरा मिल के संचालक पर एफआइआर दर्ज कर विभाग की ओर से अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

जिला खनन कार्यालय, चतरा

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिले में वृहत एवं लघु खनिज यथा कोयला, पत्थर, बालू इत्यादि अन्य के अवैध खनन, परिवहन अथवा भण्डारण से संबंधित किसी प्रकार की सूचना अथवा शिकायत दर्ज कराने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा के टेलिफोन नंबर 06541–253219 पर सम्पर्क किया जा सकता है। शिकायतकर्त्ता का नाम एवं पहचान गोपनीय रखा जायेगा।

जिला खनन पदाधिकारी
चतरा

PR 284759 Mines and Geology (22-23)_D

## महिलाओं के खिलाफ होने वाली घटनाओं पर अपनी आवाज को बुलंद किया

# पुरुषवादी सोच वाले समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव का नजरिया त्यागना होगा : मनोज

आजाद सिपाही संवाददाता



रंका। प्रखंड में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चलाई जा रही अभियान के तहत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, रंका प्रखंड के समंवयक मनोज कुमार तिर्की के अगुवाई में सिरोई खूर्द पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के विभीन्न क्षेत्र की महिलाओं ने भाग लिया। बताते चले कि 25 नवंबर 2022 से 23 दिसंबर 2022 लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चलाये जा रही अभियान के अंतर्गत आज सिरोई खुर्द पंचायत में महिलाओं के द्वारा लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान में हिस्सा लेकर महिलाओं के खिलाफ होने वाले घटनाओं पर अपनी आवाज को बुलंद किया। इस अवसर पर समन्वयक मनोज कुमार तिर्की ने कहा कि वर्तमान परिवेश में पुरुषवादी सोच वाले समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव वाला नजरिया को त्याग करना होगा एवं महिलाओं के द्वारा छुआछूत, भेदभाव एवं बाल विवाह, दहेज हत्या, जैसे गंभीर विषयों पर जीवंत नाटक कर इसे दूर करना होगा। महिलाओं से संबंधित बातों को रखते हुए कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। बस उन्हें एक अच्छा मंच और अच्छी दशा और दिशा का होना बहुत जरूरी है। आज देखा जा रहा है कि शिक्षा, रक्षा, समाजसेवा, राजनीतिक सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी काबिलियत को दिखाया है। अगर इन्हें अवसर मिलता गया तो ये महिलायें भविष्य में और बेहतर कर सकती है। जबकि नेहरू युवा केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक एवम वर्तमान समाजसेवी अमरेंद्र कुमार ने समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में महिलाओं की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद चंपा देवी, आंगनवाड़ी सेविका मणिकराज देवी, जल सहिया नागवंती देवी सहित समूह से जुड़ी काफी संख्या में महिलायें उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन जेएसएलपीएस से जुड़े राजनाथ चौधरी, एवम संतोष कुमार के द्वारा किया गया।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–अलका कुमारी, उम्र–17 वर्ष, रंग–साँवली, ऊँचाई–4 फीट, 6 ईंच, पहनावा– नीला रंग का सुट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता लड़की अलका कुमारी, पे0–स्व0 लालु सिंह, सा0–मुरमु, पोस्ट–कादु, थाना–रातु, जिला–राँची जो दिनांक 17.12.2022 को घर से बिना बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में रातु थाना सनहा संख्या–17/22 दिनांक–07.12.2022,दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक मु0–द्वि0, राँची। –9431706142
थाना प्रभारी रातु, राँची। –9431706175

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 284760 (Police) 22-23 (D)

# कालीचरण मुंडा उपाध्यक्ष, पीटर मुंडू और वेद प्रकाश बने सचिव





**प्रदेश कांग्रेस कमेटी में खूंटी के तीन नेताओं को मिली जगह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी में खूंटी के तीन नेताओं को जगह मिली है। पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि पीटर मुंडू और वेद प्रकाश मिश्रा को प्रदेश सचिव बनाया गया हैं। खूंटी के तीनों दिग्गज नेताओं को प्रदेश उपाध्यक्ष व सचिव बनाये जाने पर खूंटी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, जिला प्रवक्ता ओम प्रकाश मिश्रा, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता गुलाम गौस, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुणाल कमल कश्यप, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अरुण सांगा, जिला मीडिया प्रभारी अरकम हुसैन, सोहेल अंसारी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। जिला नेतृत्व ने इसके लिए राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल को भी बधाई दी है।

# वन विभाग की मिलीभगत से हो रही जंगलों की अवैध कटाई और पत्थरों की तस्करी

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** ढाबा राज दरबार में शनिवार को आजसू के तमाड़ विधानसभा प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुंडा ने प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया कि बुंडू वन प्रक्षेत्र में वन विभाग के बड़े कारनामे देखने को मिल रहे हैं। एक ओर वन विभाग की मिलीभगत से जंगलों का अवैध रूप से कटाई कर लकड़ी की तस्करी और पत्थरों का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जबकि सरकार जल जंगल जमीन की रक्षा की बात करती है। वहीं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी जमकर उगाही करने में लगे हैं। दूसरी ओर पत्थर-गिट्टी के खिलाफ अभियान चलाकर जबरन कार्रवाई की जा रही है, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। यह कहां का न्याय है। कहा कि पूरा पांच परगना क्षेत्र जंगली हाथियों के उत्पात से त्रस्त हैं। आए दिन छोटी-बड़ी घटनाएं होती रहती है और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उगाही में व्यस्त हैं। अगर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी नहीं चेते तो आजसू के बैनर तले उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर दिलीप साहू, शिव नाथ तिवारी आदि मौजूद थे।

# आज खूंटी में बंद रहेगी विद्युतापूर्ति

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विद्युत विभाग की ओर से बिजली लाइन की मरम्मत और तार के आसपास की डालियों की कटाई-छंटाई के कारण शहरी फीडर की विद्युतापूर्ति रविवार की सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बंद रहेगी। शनिवार को इस बात की जानकारी सहायक विद्युत अभियंता जितेंद्र कुमार ने दी।

## शशि रंजन ने की मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना की समीक्षा, दिये कई निर्देश

# किसानों के ई-केवाइसी कराने में लापरवाही क्षम्य नहीं : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में शनिवार को जिले के वरीय पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान डीसी ने सभी प्रखंडों के बीडीओ से वर्चुअल संपर्क कर मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और दिशा-निर्देश दिये। कहा कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत पात्र किसानों के ई-



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी शशि रंजन।

केवाईसी कराने के कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र भ्रमण कर किसानों के ई-केवाईसी कराने के कार्य की गति में तेजी लाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के किसानों को नजदीक के प्रज्ञा केंद्र में जाकर ई-केवाईसी कराने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत प्रति किसान परिवार को सुखाड़ राहत हेतु 35,00 रुपये राशि दी जानी है। इसके लिए किसानों को अपने नजदीक के प्रज्ञा केंद्र में जाकर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इस दौरान बैठक में डीडीसी नीतीश कुमार सिंह, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, परियोजना निर्देशक, आइटीडीए संजय भगत, भूमि सुधार उप-समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो आदि मौजूद थे।

# मजदूर विरोधी हर नीतियों का होगा विरोध : अनूप

**पिपरवार में हुई राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की रीजनल कमेटी की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** बचरा आफिसर्स क्लब में शनिवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के सीसीएल रीजनल कमेटी की बैठक हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि यूनियन के अध्यक्ष सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह शामिल हुईं। बैठक की अध्यक्षता सीसीएल अध्यक्ष गिरजा शंकर पांडेय और संचालन कासिम उर्फ मुन्ना व विद्यापति सिहं ने संयुक्त रूप से



सीसीएल रीजनल कमेटी को संबोधित करते विधायक अनूप सिंह।

किया। बैठक की शुरूआत स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक में सीसीएल के सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हुए। जहां कोयला मजदूरो की समस्या पर चर्चा की गई। साथ ही यूनियन को मजबूत बनाने और सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। विधायक अनुप सिंह ने कहा कि वर्तमान में कोल इंडिया का अस्तित्व खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र सरकार के इशारे पर कोयला खदानों का निजीकरण जोरशोर से चल रहा है। कहा कि कोल इंडिया को बचाने के लिए केंद्र में भाजपा सरकार को हटाने जरूरी हो गया है। तभी मजदूरों का भला होगा। मजदूरों के 11 वां वेतन समझौता जल्द लागू कराने को लेकर होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में आंदोलन की घोषणा करने की बात कही गई। उन्होंने सभी कोयला कामगारों से एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। इस मौके पर श्यामा सरकार, रेयाज अहमद, महेंद्र विश्वकर्मा, सीपी संतन, अंजनी त्रिपाठी, शिवनंदन सिंह सहित पिपरवार अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना, विद्यापति सिंह, नकुल प्रसाद, सलीम जावेद, मिथिलेश शर्मा, सुमन मिश्रा, कुर्बान शेख, जुबैर आलम, मोहम्मद आलम, आनंद मुंडा, संतोष दास, जयपाल दास आदि मौजूद थे।

# जनभागीदारी से बदलेंगे क्षेत्र के हालात : सुदेश महतो

**लोटा में आजसू का क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित, गूंज महोत्सव को विकास महोत्सव के रूप मनाने को लेकर चर्चा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली के लोटा उच्च विद्यालय मैदान में शनिवार को आजसू बुढ़ाआम क्षेत्र की ओर से सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें लोटा, नागेडीह, गोड़ाडीह, आदि क्षेत्रों के ग्राम प्रभारी, चूल्हा प्रमुख, सक्रिय दीदी, महिला समिति सदस्य, बुद्धिजीवी, युवा आजसू कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया योगेश्वर महतो ने की। सम्मेलन में आजसू सुप्रीमो व स्थानीय विधायक सुदेश महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सामूहिक और जनभागीदारी से हम क्षेत्र के हालात बदलेंगे। आज पढ़ाई, दवाई एवं न्याय ये तीनों चीजें आम लोगों से दूर होती जा रही है। इन मूलभूत जरूरतों में सुधार के लिए आजसू कटीबद्ध है। इस मुद्दे पर व्यापक बदलाव के लिए पार्टी ने बृहद कार्ययोजना तैयार की है। जिसका शुभारंभ सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से किया जायेगा। इसमें सिल्ली, प्रदेश ही नहीं, देश का भी मॉडल बनेगा। उन्होंने कहा कि पढ़ेगा सिल्ली तभी बढ़ेगा सिल्ली अभियान के तहत क्षेत्र के छह उच्च विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की शुरूआत की गई है। जल्द ही सभी 28 उच्च विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की शुरूआत की जाएगी। अन्य विद्यालयों को भी इस तरह के शिक्षा पद्धति से जोड़ा जाएगा जिससे सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे भी प्राइवेट विद्यालयों की तर्ज पर शिक्षा ग्रहण कर पायेंगे। उन्होंने क्षेत्र में बेहतर कोचिंग, लाइब्रेरी, एवं रांची में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए मुफ्त आवागमन की व्यवस्था के साथ ही बेहतर चिकित्सा के लिए क्षेत्र में डायलिसिस सेंटर एवं पैथोलॉजी सेंटर के लिए की जा रही तैयारी की विस्तार जानकारी दी। साथ ही 18, 19 एवं 20 दिसंबर को सिल्ली में आयोजित गूंज महोत्सव को विकास उत्सव में मनाने को लेकर चर्चा करते हुए सभी की सहभागिता की अपील की। कहा कि गूंज महोत्सव एक सास्कृतिक मंच ही नहीं, बल्कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने एवं भावी योजनाओं की कार्य योजना बनाना है। इस बार कई जन कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। केंद्रीय नेता सह क्षेत्रीय प्रभारी जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, तृलोचन महतो आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवशंकर प्रसाद ने किया। मौके पर लोटा उच्च विद्यालय परिसर में विधायक मद से बनने वाले एक अतिरिक्त कमरे के निर्माण का विधायक ने आधारशिला रखी। मौके पर जगदीश महतो, सुभाष महतो, डब्ल्यू महली आदि मौजूद थे।

# रैयतों की जमीनों का अधिग्रहण कर कंपनियां कर रही हैं शोषित: अंबा प्रसाद

**राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन में हुई शामिल, बनायी गयी उपाध्यक्ष**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** बचरा ऑफिसर्स क्लब में आयोजित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की रीजनल कमेटी की बैठक में बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद भी शामिल हुईं। उन्होंने यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। यूनियन के अध्यक्ष सह विधायक अनुप सिहं ने बुके देकर अंबा प्रसाद का संगठन में स्वागत किया। वहीं अंबा प्रसाद को यूनियन का उपाध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में विधायक अंबा प्रसाद को मगध, संघमित्रा, आम्रपाली, चंद्रगुप्त, बकरी बरवाडीह व एनटीपीसी एरिया की कमान सौंपी गयी। विधायक



कार्यक्रम को संबोधित करती कड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद।

अंबा प्रसाद ने कहा कि यूनियन के बैनर तले क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित रैयतों और कोयला मजदूरो को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए यूनियन का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सीसीएल और एनटीपीसी सहित अन्य कंपनियों द्वारा रैयतों की जमीन अधिग्रहण कर उनका शोषण किया जा रहा है। उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र आंदोलनकारियों की धरती रही है, ऐसे में यहां के विस्थापित प्रभावित रैयत और मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए यूनियन के बैनर तले उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सभी मजदूरों से एकजुट होकर यूनियन को मजबूत बनाने की बात कही।

# बुंडू के व्यवसायी संदीप ने डॉक्टर सुपर्णा दत्ता के आरोपों का नकारा

**एफआइआर के बाद भी पुलिस पर कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप बुंडू थाना तो कभी बुंडू के एसडीओ कार्यालय का चक्कर लगाकर थक चुकीं हैं डॉ सुपर्णा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बुंडू।** बुंडू की रहने वाली चिकित्सक सुपर्णा दत्ता न्याय के लिए पिछले पांच साल से भटक रही हैं। वह कभी बुंडू थाना तो कभी बुंडू एसडीओ कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं। उनके साथ परेशानी यह है कि वह विधानसभा में पदस्थापित हैं और बुंडू बराबर आ जा नहीं सकतीं। आरोप है कि संदीप जयसवाल नामक व्यक्ति इनके जमीन के कुछ हिस्सा में कब्जा कर रहा है। हालांकि व्यवसायी संदीप ने डॉ सुपर्णा द्वारा लगाए आरोपों को नकारते हुए बेबुनियाद करार दिया है। उक्त खबर आजाद सिपाही ने आठ दिसंबर के अंक में प्रकाशित किया था। बतातें चलें कि 2015 में करीब 8 डिसमिल जमीन दत्ता परिवार ने बुंडू के रहने वाले संदीप जयसवाल को बेचा था, अभी उसमें निर्माण कार्य चल रहा है आरोप है कि संदीप ने 10 डिसमिल जमीन पर कब्जा कर लिया है। विवाद 2 डिसमिल का है और इसके लिए बुंडू थाना में मामला भी दर्ज है। बुंडू पुलिस इस मामले में कुछ नहीं कर रही है। बुंडू के एसडीओ को धारा 144 लगाने के लिए आवेदन दिया गया। उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सुपर्णा दत्ता का कहना है कि अकेली महिला जानकर उन्हें दबाया जा रहा है। बुंडू थाना में कांड संख्या 86/22 भादवि की धारा 352, 354, 355, 356, 358, 379 और 509 के तहत मामला तो दर्ज है लेकिन अब तक हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

## मानवाधिकार दिवस पर डालसा ने किया जागरूकता शिविर का आयोजन

# पैतृक संपत्ति में महिला-पुरुष का समान अधिकार: जस्टिस सत्यपाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शनिवार को गिरजा टोली खूंटी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में आयोजित जागरूकता शिविर में बतौर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल ने लोगों को मिले अधिकारों से अवगत कराया। साथ ही भारतीय संविधान के अनुच्छेद, हिंदू विवाह अधिनियम, अनुसूचित जनजाति के विवाह, उनका भरण पोषण और संपत्ति पर अधिकार के




अधिकारियों की जानकारी देते सीजेएम सत्यपाल व अन्य।

अलावा महिला और पुरुष के समान अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी। सीजेएम ने कहा कि पैतृक संपत्ति में पहले सिर्फ पुरुषों का अधिकार होता था, पर कानून में संशोधन होने के बाद महिला एवं पुरुषों दोनों को समान अधिकार दिये गये हैं। वहीं, न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी ने मानवाधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1948 में मानवाधिकार दिवस को अपनाया और घोषित किया गया। तब से प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि निःशुल्क कानूनी सहायता लेने का अधिकार उसी व्यक्ति को है, जिसकी वार्षिक आमदनी तीन लाख से कम है। इस मौके पर डालसा के रीटेनर अधिवक्ता मुकुल पाठक, मिलन दास, ममता सिंह, मदन मोहन राम, डालसा सहायक अवनीश भारद्वाज, पीएलवी चंदन कुमार, अंजू कच्छप, लक्ष्मी कुमारी, नरेश कुमार, वार्ड पार्षद मेलानी सांगा आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### तमाड़ में मनाया गया स्व पद्म किशोर महतो का शहादत दिवस



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** आजसू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्व पद्म किशोर महतो का शहादत दिवस शनिवार को दुवारसिनी (गांगो) चौक में मनाया गया। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पार्टी के तमाड़ पश्चिमी जिला परिषद सदस्य विजय सिंह मानकी ने कहा कि पद्म किशोर की कार्यकुशलता को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बुंडू जिला परिषद सदस्या परमेश्वरी शांडिल, तमाड़ प्रखंड प्रभारी श्याम कुमार महतो ने कहा कि आजसू सिल्ली विधानसभा की तर्ज पर तमाड़ विधानसभा में भी योजनाओं को धरातल में उतारने का काम करेगी। इसके अलावे रांची जिला सचिव ताराचंद सिंह मुंडा, जिला उपाध्यक्ष रिंकी गुप्ता, पश्चिमी प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, महिला प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सुनीता देवी, सपना देवी, प्रकाश सिंह मुंडा, रवि पातर, प्रेम कुमार गुप्ता, धनसिंह लोहरा, मनोज कुमार महतो, दिनेश प्रमाणिक, कृष्णा महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, सिमल्या देवी, कल्पना देवी, चंदना देवी, काजल देवी, खेमनी देवी, ईश्वर महतो, नारायण महतो और फागूराम महतो आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### गतका प्रतियोगिता के लिए 13 खिलाड़ियों का दल हजारीबाग रवाना, सांसद प्रतिनिधि ने दी जर्सी




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में होनेवाली राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खूंटी के 13 खिलाड़ी शनिवार को रवाना हो गए। जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, बिरसा कॉलेज के खेल शिक्षक राजकुमार गुप्ता, कैरियर सॉल्यूशन के निदेशक गौतम नाग व जिला गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित कुमार ने बुके और शुभकामना देकर खिलाड़ियों को रवाना किया। जिला सांसद प्रतिनिधि की ओर से सभी खिलाड़ियों को जर्सी दी गई। रोहित कुमार ने बताया कि खूंटी से 13 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिन खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहेगा, उन्हें चंडीगढ़ में होनेवाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा। वहीं, हजारीबाग रवाना होनेवाले खिलाड़ियों में राहुल, प्रियंका, सावित्री, जय मंगल, फुलेश्वर, निशा, दीपिका, विधाता, कुश, प्रवीण, स्वाति आदि शामिल हैं। सचिव अमित महतो और कोच कामेश्वर महतो भी खिलाड़ियों के साथ रवाना हुए।

### अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन, 104 यूनिट रक्त संग्रह



**खलारी (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर डकरा में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एनकेएरिया महाप्रबंधक संजय कुमार ने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में खलारी की मानवाधिकार टिम ने रक्तदान के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई हैं। कोयलांचल में रक्तदान मानवाधिकार टीम की ओर से लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया गया है। जो पूरे कोयलांचल के लिए गर्व की बात है। बतातें चलें कि रक्तदान महादान टीम द्वारा इस दिवस पर हर वर्ष रक्तदान का आयोजन किया जाता हैं। इस दौरान रांची रिम्स के ब्लड बैंक के डॉक्टरों की टीम ने कुल 104 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। 2016 से रक्तदान शिविर का कर रहे आयोजन : ज्ञात हो कि वर्ष 2016 से इस टीम द्वारा नियमित रूप से रक्तदान शिविर लगा कर रक्तदान का अलख जगाया जा रहा है। संस्था के मुबारक खान ने कहा कि आज इस दिवस का विशेष महत्व है। स्वस्थ्य के प्रति सेवा सहायता मानव जीवन उसके मानवीय मूल्यों को उचित स्थान देकर लोगों की मदद कर उनका जीवन संरक्षित करने के उद्देश्य से यह रक्तदान शिविर का आयोजन हमेशा किया जाता है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक संजय कुमार, एस ओपी ज्योति कुमार, कमल गोस्वामी, कृष्णा चौहान, असरफी राम, नेत्री इंद्रा तुरी, रेणु देवी, प्रमिला कुमारी, डॉ विनोद मुंडा, रामबली चौहान, सुनील कुमार, बसीर खान, रिजवान अंसारी, रमेश चौहान, सुनील सिंह, बुटन चौहान, रामसेक प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन का आयोजन



**डकरा (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में मातृ सम्मेलन सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि अध्यक्ष बसंती देवी, सुनीता सिन्हा अवधेश सिंह, समाजसेवी रघुवंश नारायण सिंह, प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा द्वारा किया गया। विद्यार्थियों के सर्वांगिंग विकास के लिए मातृ शक्ति उपस्थित थी। उनका सम्मान पुष्प गुच्छ, स्वागत गान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही विभिन्न प्रकार के कविताओं की प्रस्तुति जैसे गद्य-पद्य के रस, हास्य, वात्सल्य, गीत, गजल, दोहा आदि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से माताओं का योगदान घर से लेकर परिवार, समाज, राष्ट्र निर्माण में क्या होती है उन विषयों पर चर्चा की गयी। अभिभावक तुल्य मातृ शक्तियों ने भी अपनी बातों को भी जोर शोर से रखा। उनके मनोरंजन के लिए म्यूजिकल चेयर को कराया गया जिसमें सभी माताएं खुश नजर आयी।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू, दोनों वर्गों में खूंटी ने जीता मैच

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिरसा कॉलेज फुटबॉल स्टेडियम में शनिवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। बालक और बालिका दोनों वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता का पहला मैच बालिका वर्ग में तोरपा और रनिया प्रखंड के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में तोरपा की टीम ने रनिया को 1-0 से पराजित कर दिया। तोरपा की ओर से एकमात्र विजयी गोल सविता भेंगरा में किया। दूसरा मैच बालक वर्ग का खूंटी व रनिया प्रखंड के बीच खेला गया। जिसमें खूंटी की टीम 2-0 से विजयी हुई। तीसरा मैच बालक वर्ग का मुरहू व तोरपा के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने से फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। जिसमें मुरहू की टीम ने 2-1 से जीत गयी।

# उपायुक्त पहुंचे हुंडरू फॉल घूमने के लिए



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा शनिवार की शाम हुंडरू फॉल घुमने पहुंचे। श्री सिन्हा ने फॉल के 745 सीढ़ियों से उतर कर हुंडरू फॉल झरना का आनंद उठायें। घूमने के क्रम मे पर्यटक मित्रों ने उपायुक्त के समक्ष हुंडरू फॉल में पेय जल हेतु जलमीनार, फॉल के मनोरंम दृश्य का आनंद उठाने हेतु भीव्यु प्वाइंट, सीढ़ीयों के बीच में विश्राम सेड, फॉल के नीचे महिला पुरूष का शौचालयल आदि निर्माण करने एवं पूरे सीढ़ियों में लाइट लगाने की बात रखे। इस पर उपायुक्त ने बहुत जल्द कार्रवाई करने का आस्वासन दिये। इसे पूर्व उपायुक्त ने चाड़ू पंचायत के रोहनडीह गांव में मनरेगा पार्क का उद्घाटन किये। इस क्रम मे उपायुक्त ने कहा कि आम बगवानी से किसानों को खेती के अलावा अतिरिक्त आय का एक मध्यम होगा। लिजिए किसानों की आय वृद्धि मे सहयोग मिलेगा। मौके ओरमांझी बीडीओ विजय कुमार सोनी, सीओ विजय केरकेट्टा, वीपीओ, जेई एवं पर्यटक मित्रों मे बालेशवर बेदिया, राजकिशोर प्रसाद, बुधराम बेदिया रंजन बेदिया सहित शामिल थे। साथ ही सिकिदिरी थाने के लोग विधि व्यवस्था संभाले हुए थे।

## रातू हुरहुरी में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर खेत में पलटी

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के काठी टांड- ठाकुर गांव मार्ग स्थित स्टार ऑटो सर्विस हुरहुरी पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियों जेएच 13 ई-7000 अनियंत्रित होकर खेत मे पलट गयी। हादसे में स्कॉर्पियो के चालक को चोट आयी है। जानकारी के मुताबिक स्कॉर्पियो ठाकुरगांव की और से काठी टांड की और जा रहा था। वाहन काफी रफ्तार में होने के कारण चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और स्कॉर्पियो खेत मे पलट गया। घटना रात 12 बजे की बतायी जा रही है।

## जंगली हाथियों के झूंड ने मतातू गांव में जम कर मचाया उत्पात

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** जंगली हाथियों का झुंड शुक्रवार की रात मतातू गांव मे जमकर उत्पात मचाया। एक दिन पूर्व में जंगली हाथियों का झूंड दो भागों में बंट गया था। शुक्रवार की रात सवैया में ठहरे हुए जंगली हाथियों का झूंड ने मतातू के किसान राजकिशोर महतो के बारी में लगे ड्रिप इरिगेशन सिस्टम को तोड़कर तहस नहस कर दिया वहीं दिलेश्वर महतो के धान को चट कर गया। नीचे कुटे के किसानों के खेत में लगे धान को रौंदते हुए खुदिया होकर रोला पहुंचे और रोला गांव निवासी राजकिशोर महतो के बारी में लगे मटर को रौंद कर बर्बाद कर दिया। दोनों समूह के जंगली हाथियों का झुंड रोला टुंगरी में जाकर मिल गया। इधर जंगली हाथियों का आतंक से कुटे, जयडीहा, चाडू एवं पांचा पंचायत में दहशत का माहौल बना हुआ है। इधर वन विभाग की ओर से जंगली हाथियों को जोबला जंगल की और भगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## ससमय कार्यों को पूरा करना और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही हम सबका प्रथम दायित्व है : बीडीओ



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय एवं पंचायत के सभी कर्मी कार्यशैली में सुधार लायें। ससमय कार्यों को पूर्ण करना और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही हम सब का प्रथम दायित्व है। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के सभागार में शनिवार को आयोजित समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डा. प्रवीण कुमार ने कही। उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाड़ी, खेल मैदान, सहित अन्य विकास योजनाओं में असंतोषजनक प्रगति पर नाराजगी का इजहार करते हुए कहा कि समय की पाबंदी और इच्छाशक्ति के बिना हम अपने कार्यों के प्रति न्याय स्थापित नहीं कर सकते हैं। मनरेगा के तहत हर गांव में कम से कम 5 योजनाओं का संचालन साथ ही पंचायत में 100 से अधिक डिमांड सुनिश्चित किये जाने का सख्त निर्देश दिया साथ ही लंबित योजनाओं को पूर्ण करने की हिदायत दी। प्रधानमंत्री आवास योजना को समय पूर्ण करने के लिए जेइ, एइ सहित 7 सदस्य टीम का गठन कर प्रगति लाने का निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह कम से कम 3 पंचायत का निरीक्षण किया जायेगा। जिसकी शुरूआत बुधवार से करकरी पंचायत से की जायेगी। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, एइ पुरुषोत्तम पटेल, फारुख नदीम, विजय यादव, जेएसएस, सद्दाम अंसारी, आशीष कोया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री जनजल योजना से बना सोलर जलमीनार सफेद हाथी

# जल संकट से जूझने को विवश हैं ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड स्थित ककरिया पंचायत के डुरु मिशन टोला में महज ढाई साल पहले मुख्यमंत्री जन जनजल योजना के तहत लाखों की लागत से बनी दो जलमिनार इन दिनों शोभा की वस्तु साबित हो रही है। जिससे ग्रामीणों को पानी के संकट को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि चार माह से दोनों जल मिनार खराब होने के कारण ग्रामीणों को दुर जाकर पानी लाना पड़ रहा है। जिसे लेकर डुरु मिशन टोला के प्रकाश खलखो, अनीमा कुजुर, संगीता खलखो, मरियम खाखा, प्यारा खलखो अलबन खाखा , जॉन खलखो, नीरल खलखो समेत दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को जल मीनार के समीप डेगची बाल्टी लेकर प्रदर्शन करते हुए जल मीनार को बनाने की मांग किया। वही ग्रामीणों ने बताया कि जल मीनार को बनाने की मांग को लेकर ठेकेदार से कई बार फोन के माध्यम से बोला गया लेकिन अनसुना कर दिया गया।



### समस्या और अधिक बढ़ गयी

वही ग्रामीणों ने बताया कहा कि सरकार द्वारा सोलर आधारित जल मीनार लगाने से हमें शुद्ध जल समेत अन्य कार्यों में सहुलियत होगी सोचा था, लेकिन समस्या और अधिक बढ़ गई । इधर ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि प्रखंड क्षेत्र के कई ऐसे गांव है जहां पर सोलर आधारित जल मीनार ठेकेदारों के द्वारा गुणवत्ता को ताक में रखकर बनाए जाने के कारण शोभा की वस्तु बनी हुई है।

### खिजरी विधायक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

## कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं: राजेश कच्छप



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने शनिवार को अपने सरकारी आवास में कांग्रेस कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के उपाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है। एक-एक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्र में आगे रहना एवं आम जनता के हर सुख दुःख में उपस्थित होकर उनका सहयोग करना होगा। हमलोगों को खिजरी विधान सभा क्षेत्र में भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिये सभी को महत्वपूर्ण सहभागिता निभानी होगी। भारत जोड़ो यात्रा में जगह-जगह पर नुकड़ सभा भी करेंगे। विशिष्ट अतिथि रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष एनुल हक अंसारी ने कहा कि जिस तरह खिजरी विधान सभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता हमेशा ही पार्टी के प्रति अपना सक्रिय भूमिका में रहते है। उसी तरह भारत जोड़ो यात्रा में अधिक से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित होना चाहिये। कहा कि संगठन को मजबूत बनाये रखना होगा। पार्टी में पद रहे चाहे ना रहे पार्टी का एक सच्चा सिपाही बन कर पार्टी को मजबूत करना होगा। मौके पर मुख्य रूप से ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा, रोशन कुजूर, रंजीत बड़ाइक, सुनील उरांव, रमेश उरांव, रमेश चंद्र उरांव, रमेश पांडेय, नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, अनगड़ा प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव, जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, रांची जिला महिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मेरी तिर्की, सुरेश साहू, धुर्वा प्रखंड अध्यक्ष रंजन यादव, हटिया प्रखंड अध्यक्ष काजल भट्‌चार्य, महादेव मुंडा, माधो कच्छप, विजय मुंडा, अशफाक आलम, करमदेव सिंह, चांद खान, परमेश्वर सिंह, विजय टोप्पो, अशोक कुमार गुप्ता, अजय करमाली, सूरज पठान, सचिन नायक, रसीद अंसारी, महेश गंजू, करण मुंडा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रखंड प्रशासन ने मैत्री क्रिकेट मैच 35 रन से जीता

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित बघवार एकेडमी कैंपस में शनिवार को प्रखंड प्रशासन एकादश और पत्रकार जनप्रतिनिधि एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। इस मैच को प्रखंड प्रशासन एकादश ने शानदार 35 रन से जीत लिया। 10-10 ओवर के इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी प्रखण्ड प्रशासन एकादश की टीम ने 6 विकेट पर 138 रनों का शानदार स्कोर बनाया। जिसे पीछा करते हुए पत्रकार जनप्रतिनिधि एकादश ने पांच विकेट पर सिर्फ 103 रन ही बना पाये। इसमें आशुतोष तिवारी ने शानदार 39 रनों की पारी खेली और मैन ऑफ द मैच घोषित किये गये। वहीं ओवर ऑल अच्छा खेल का मुजाहिरा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप भगत ने किया। विजेता टीम को कप और मैन ऑफ द मैच को मोमेंटो प्रदान किया गया। मौके पर प्रखंड, अंचल कर्मी, पत्रकार और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### रातू के बिजुलिया पंचायत में झामुमो पंचायत समिति का गठन

## मनवेल तिग्गा अध्यक्ष और सचिव बने भुनेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** प्रखंड के बिजुलिया पंचायत में शनिवार को प्रखंड झामुमो पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झामुमो पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मनवेल तिग्गा को अध्यक्ष एवं भुनेश्वर महतो को सचिव चुना गया। इसके अलावा चंद्रवीर उरांव को उपाध्यक्ष, तबरेज अंसारी को कोषाध्यक्ष, इम्तियाज अंसारी को संगठन सचिव तथा इब्राहिम अंसारी एवं अनुज उरांव को सह सचिव बनाया गया। इसके अलावा आकाश उरांव, आजाद अंसारी, शकील अहमद, आफताब आलम, पप्पू कुमार, रितेश उरांव, अनवर अंसारी एवं अब्दुल अंसारी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया कार्यक्रम में अमित तिग्ग, वरुण महतो, शकील अहमद, आजाद अंसारी, वाहिद अंसारी, सिकंदर अंसारी, इदरीस अंसारी एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### खरीदारों की जरूरतों को ध्यान में रख कर कई प्रकार के तिलकुट उपलब्ध

# तिलकुट प्रेमियों को आकर्षित कर रही सोंधी महक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो ।** महावीर चौक बेड़ो में तैयार की जा रही तिलकुट की सोंधी महक इन दिनों प्रखंड के तिलकुट प्रेमियों को काफी आकर्षित कर रहा है। हालांकि मकर संक्रांति के त्योहार में अभी 35 दिन की देर है, लेकिन तिलकुटप्रेमी कई हफ्ते पहले से ही इसकी स्वाद ले रहे हैं। स्थानीय गेंदा सिंह द्वारा 12 नवंबर से ही तिलकुट बनाने तथा बेचने का कारोबार शुरू कर देने से तिलकुट प्रेमी शुरूआत से ही तिलकुट खाकर तृप्त हो रहे हैं। जहां दुकान में इन दिनों खरीदारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर कई प्रकार के तिलकुट उपलब्ध कराये जा रहे है। इसमें साधारण तिलकुट से लेकर खोवा के तिलकुट, तिलपापड़ी तथा तिल के लड्डू के साथ-साथ चीनी से बने तिलकुट की बिक्री हो रही है। महावीर चौक में छह कारीगरों द्वारा तिलकुट बनाने का कार्य किया जा रहा है। तिलकुट की खपत को देखते हुए गया के तिलकुट कारीगरों की सेवाएं ली जा रही है।

### कारीगर भी बाहर से ही बुलाये जाते हैं

इस संबंध में स्थानीय तिलकुट कारोबारी गेंदा सिंह ने बताया कि अच्छे तिलकुट बनाने के लिए अच्छे क्वालिटी के तिल की जरूरत पड़ती है। कारीगर भी बाहर से ही बुलाये जाते है। अच्छे क्वालिटी की तिलकुट की डिमांड होने के कारण कारीगरों को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि एक दर्जन कारीगरों और मजदूरों से विभिन्न प्रकार के तिलकुट का निर्माण किया जाता है। औसतन पांच क्विंटल से अधिक तिलकुट की बिक्री होती है। डिमांड के अनुसार इसकी पूर्ति नहीं हो पाती है। हालांकि तिल, चीनी व गुड़ की कीमत में तेजी से इसका मुनाफा घटने लगा है। साधारण तिलकुट के साथ ही खोवा भरे तिलकुट की भी बिक्री हो रही है। इसके अलावा तिलपाड़ी की भी डिमांड है। उन्होंने बताया कि चीनी, गुड़ एवं खोवा के तिलकुट बाजार में अलग अलग भाव में मिल रहे हैं। चालू तिलकुट 200 रुपये एवं 240 रुपये स्पेशल तिलकुट 300 रुपये एवं खोवा का तिलकुट 400 रुपये तक में मिल रहा है।

## संसद भवन घेराव 'हुड़का जाम' के लिए दिल्ली रवाना




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** टोटेमिक कुरमी/कुड़मी महतो जाति को आदिवासी सूची में सुचीबद्ध करने की मांग को लेकर संसद भवन घेराव 'हुड़का जाम' के लिएअनगड़ा प्रखंड से सैकड़ो कार्यकर्ता शनिवार को गोंदलीपोखर से दिल्ली के लिए रवाना हुए। कुरमी विकास मोर्चा झारखण्ड के केन्द्रीय महासचिव रामपोदो महतो की अगुवाई में शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना किए गए। झारखण्ड कुरमी महासभा प्रदेश युवा कमेटी के महासचिव पंकज कु महतो एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता नीलकंठ चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। मालूम हो कि झारखंड, उड़ीसा और बंगाल के टोटेमिक कुरमी/कुड़मी महतो समाज द्वारा अपनी मांगों को लेकर आगामी 12 दिसंबर को दिल्ली में संसद भवन घेराव हुड़का जाम आंदोलन का कार्यक्रम आहुत है। इस कार्यक्रम मे करीब पांच हजार कार्यकर्ता दिल्ली पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कुरमी विकास मोर्चा के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सखीचंद महतो ने कहा कि संसद भवन घेराव के माध्यम से कुरमी समाज को आदिवासी सूची मे शामिल करने की मांग केंद्र सरकार से की जायेगी। कहा कि आजादी के पहले कुरमी जाति आदिवासी सूची मे शामिल थे पर उसके बाद एक साजिश के तहत कुरमी जाति को इस सूची से हटा दिया गया। दिल्ली रवाना होने वालों मे मुख्य रूप से राजेश महतो, कमलेश ओहदार, हेमंत महतो, अजीत महतो, दीपक चैधरी, बाबुराम महतो, लबु महतो, गबेश्वर महतो, सुप्रेश महतो, ज्योतिष महतो, दिनेश महतो, रंजन महतो, राकेश महतो, प्रीति देवी, संजू देवी, मालती देवी, बिलासो देवी, सुनीता देवी आदि शामिल हैं।

## कस्तूरबा स्कूल की बच्चियों को कढ़ाई और खाद्य प्रसंस्करण का दिया जा रहा प्रशिक्षण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जन शिक्षण संस्थान विकास भारती बिशुनपूर की ओर से कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अनगड़ा मे बच्चियों के लिए हस्त कढ़ाई एवं खाद्य प्रंसस्करण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को कपड़ों मे कशीदाकारी या कढ़ाई (एंब्रॉइडरी) बनाने तथा फुड प्रोसेसिंग के बारे मे प्रशिक्षित किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर जाहिदा परवीन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि लड़कियों को पढ़ाई के साथ-साथ स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न तरह के हुनर सिखाये जा रहे हैं ताकि विवाह के बाद वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान लड़कियों को हस्त कशीदाकारी या कढ़ाई की बारीकियों तथा खाद्य प्रसंस्करण के विभिन्न तकनीक से अवगत कराया जा रहा है। बच्चियों मे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रति काफी उत्साह है।

## बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में विश्व मानव अधिकार दिवस समारोह का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन मे शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा मे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डालसा सचिव राकेश रंजन, जेल अधीक्षक हामीद अख्तर, पीएलवी सहित अन्य उपस्थित थे। मौके पर डालसा सचिव राकेश रंजन ने बंदियों को मानव अधिकार के बारे मे विस्तार से बताया। कहा कि मानवाधिकार वह विशेषाधिकार है जो हर व्यक्ति को उसके प्रतिदिन केसामान्य जीवन के हिस्से के रूप में प्रदान किया जाना चाहिए। इन्हें उन मौलिक अधिकारों के रूप मे समझा जा सकता है। जिसका प्रत्येक व्यक्ति पूर्ण रूप से हकदार है। संस्कृति, त्वचा का रंग, धर्म या अन्य किसी भी चीज के आधार पर किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता है। मानव अधिकार सभी मनुष्यों के लिए समान रूप से लागू होते हैं। कारा अधीक्षक हामीद अख्तर ने कहा कि मानव अधिकार दिवस जैसे विशेष दिन न सिर्फ व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करते हैं बल्कि समाज को समान और निष्पक्ष बनाने मे मदद करते हैं। बाद मे डालसा सचिव ने जेल पारा लिगल वॉलिंटियर को विधिक जागरूकता कर विचाराधीन कैदियों को विधिक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया।

## उपायुक्त ने किया ओरमांझी प्रखंड का दौरा, कांप्लेक्स का किया निरीक्षण

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रांची ने ओरमांझी प्रखंड के कुल्ही स्थित टेकसटाइल मिल,ओरमांझी में नवनिर्मित मार्केटिंग कम्पलेक्स कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। मार्केटिंग कम्पलेक्स निर्माण में बिलंब होने के कारण को अधीक्षण अभियंता राहुल कुमार से पुछताछ कर निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा गया । कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चियों से स्कुल में पठन पाठन,खान पान,रहन सहन के बारे मिली जानकारी से संतुष्ट दिखे ।मनरेगा पार्क रोहिणडिह में चल रहे कार्य की प्रशंसा करते दिखे ।उपायुक्त संग प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी,अंचल पदाधिकारी विजय केरकेट्टा,जिपपू सरिता देवी,चकला मुखिया शिवनाथ मुंडा,ओरमांझी मुखिया दीपक बडाइक,पालू मुखिया बीरेन्द्र मुंडा,अधीक्षण अभियंता आदि मौजूद थे।

## सुरेश कुमार बैठा के कांग्रेस प्रदेश महासचिव बनने पर खुशियां मनायी

**कांके (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार बैठा के झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव बनाए जाने पर कांके में कांग्रेस कार्यकताओं ने मिठाइयां बांटकर और खुशी का इजहार कर खुशियां मनाई और एक दूसरे को बधाई दी। बताते चले कि सुरेश कुमार बैठा पूरे कांके विधानसभा क्षेत्र में काफी लोकप्रिय नेता है वे दो बार कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष रह चुके हैं वहीं तीन बार कांके विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं इनके प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर कांके क्षेत्र के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन कुमार महतो, गुलजार अहमद, महेश कुमार मनीष, रीता चौधरी, मनीष कुमार महतो, विनोद साहू, सीताराम मुंडा, अशोक गोप, लालचंद सोनी, गौरी शंकर महतो, पंकज कुमार, अशोक महतो, अर्जुन मुंडा, राजू दुबे, अरविंद सांगा, प्रमोद कुजुर, महताब आलम, ने प्रदेश के आला नेताओं सहित सुरेश कुमार बैठा को बधाई दी है और कहा है कि इन के प्रदेश महासचिव बनने से पूरे झारखंड में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी और संगठन भी मजबूत होगा।

## विधायक ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



**मांडर (आजाद सिपाही)।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को मांडर प्रखंड अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें मुख्य रूप से ग्राम हारिल मे समुदायिक भवन निर्माण कार्य, ग्राम नवाटांड़ मे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, बिसाहाखटगा मे ईदगाह के पास पेभर ब्लॉक लगाने का काम, बिसाहा खटंगा मे उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण, ग्राम बाजरा मे अखड़ा निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल है। साथ ही विधायक ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी गांव की समस्याओं से भी अवगत हुई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, नसीम अंसारी, आबिद अंसारी, प्रवेज आलम, सुमित उरांव, अनुप राम एवं अन्य उपस्थित रहे।

# कृषि गणना का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू समाहरणालय के ब्लॉक ए के सभागार में अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में कृषि गणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार तथा राजस्व,निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड के मार्गदर्शन में जिला सांख्यिकी शाखा द्वारा आयोजित 11वां कृषि गणना फेज वन के प्रशिक्षण में सभी अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर भाग लिए। झारखंड में 11वां कृषि गणना के लिए राजस्व,निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है जबकि एनआईसी एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा इसमें सहयोग किया जायेगा। प्रशिक्षण के प्रारंभ में अपर समाहर्ता,पलामू के द्वारा कृषि गणना के महत्त्व,इसकी प्रक्रिया,पृष्ठभूमि, कृषि गणना से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कर्त्तव्य एवं कृषि गणना अधिकारियों की प्रशासनिक ढांचा के बारे मे विस्तार से बताया गया। मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह के द्वारा सभी प्रतिभागियों को कृषि गणना का कार्य ऑनलाइन निष्पादित करने के लिए अंचलाधिकारी,राजस्व निरीक्षक एवम राजस्व उप निरीक्षक के स्तर द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। डीआईओ श्री सिंह ने कृषि गणना में किये जाने वाले सभी कार्यों को डेमो पोर्टल तथा मोबाइल एप्प पर लाइव करके दिखाया साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों के द्वारा ऑनलाइन कृषि गणना से संबंधित पूछे गये सभी तरहों के प्रश्नों का उत्तर दिया आईटी मैनेजर रेवन्यू राजेश कुमार के द्वारा तकनीकी कठिनाइयों के लिए किसी भी समय सहायता उपलब्ध कराने की बात कही गयी। सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने कृषि गणना के सामान्य जानकारी,बेसिक कांसेप्ट बताया गया,जबकि राजेश कुमार के द्वारा कमार्चारियों के लॉगिन यूजर आईडी एंड पासवर्ड के बारे मे बताया गया। यह कृषि गणना कुल तीन चरणों आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण का कार्य दिसम्बर 2022 से जून 2023 तक चलेगा। अंतिम चरण 2024 तक चलेगा। ज्ञातव्य है कि पहली बार ऑनलाइन डिजिटल रूप मे कृषि गणना हो रही है। प्रथम फेज में जिले के 100 प्रतिशत गाँवों में होगा कृषि गणना,द्वितीय चरण में तहसील के 20 प्रतिशत गाँवों में जबकि तृतीय चरण में चयनित 7 प्रतिशत गाँवों में कृषि गणना की जाएगी।



### कई प्रकार के आंकड़ों का होगा संग्रहण

कृषि क्षेत्र मे जोत का आकार,भूमि उपयोग, जोत का सांख्यिकीय ढांचा, किसानों का प्रकार,फसल पैटर्न, किसानों का सामाजिक विभाजन, लिंग,सिंचाई के साधन,अभिलेखों का मैपिंग जैसे आकंडों का संग्रहण कर इसका प्रयोग कृषि क्षेत्र मे नीति निर्माण में किया जा सकेगा.प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनिंग मेटेरियल का भी वितरण किया गया।

## एनसीपी महिला प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन को मजबूत करने का लिया गया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद** ।एनसीपी का महिला प्रकोष्ठ संगठन को धार देने की तैयारी में जुट गई है। शनिवार को हैदरनगर देवी धाम प्रांगण में हैदरनगर प्रखंड व पार्टी के हुसैनाबाद कार्यालय में हुसैनाबाद प्रखंड के महिला प्रकोष्ठ की बैठक हुई। बैठक में पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा हुई। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी प्रकोष्ठों को सशक्त बनाया जा रहा है। प्रदेश ,जिला, प्रखंड, गांव व बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती को लेकर गत 4 दिसंबर को रांची की बैठक में निर्णय लिया गया है। प्रदेश के सभी जिलों में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। लोक सभा चुनाव के पूर्व राज्य में 25 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने महिलाओं को पार्टी से जुड़कर हुसैनाबाद हरिहरगंज में विकास की राजनीति को समर्थन देने का आह्वान किया। एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने दोनो बैठकों में बारी बारी भाग लिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले हुसैनाबाद में एक लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमे कम से कम 30 हजार महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य है। उन्होंने प्रखंड व पंचायत कमेटी में शामिल महिलाओं को गांव व बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।श्री सिंह ने कहा कि पार्टी मजबूत होगी तो कार्यकर्ता और नेता भी मजबूत होंगे। उन्होंने हैदरनगर व हुसैनाबाद प्रखंड के पार्टी की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दो वर्ष के दौरान महिला प्रकोष्ठ से हजारों महिलाए जुड़ी हैं, जो महिला कार्यकताओं की निष्ठा व लगन को दशार्ता है। हुसैनाबाद की बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अंजली शर्मा व हैदरनगर में बबिता सिंह ने की। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, अश्विनी सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, बिमलेश सिंह, विनय पासवान, कुसुम देवी, सविता देवी, कांति देवी, अंजू कुँवर, सरिता देवी, रीता देवी, अनिता देवी, किरण देवी, रंभा देवी, विजय राजवंशी, मंजू देवी, शांति कुंवर, ललिता देवी, सिंधु देवी, शांति देवी, आशा देवी, पूनम देवी आदि शामिल थे।



### आरपीएस स्कूल जपला में इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद जरूरी : मनुज शर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद** । आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में शनिवार को खेलकूद प्रतियोगिता को प्रोत्साहन देने के लिए इंटर हाउस फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पहले लीग मैच का आयोजन हुआ, तत्पश्चात सेमी फाइनल एवं फाइनल प्रतियोगिता आयोजित हुई। सभी छात्र-छात्राओं ने इस फुटबॉल मैच में बढ़-चढ़कर बड़े आनंद के साथ भाग लिया। इस टूनार्मेंट में लाइन मैन के रूप में शफात , अंकू, शशिकांत शामिल थे। इस टूनार्मेंट के अंपायर ने खेल के नियमों की जानकारी दी, साथ ही टूनार्मेंट अंपायर पीटीआई संजय सिंह के साथ लेसली कुटीन्हा, राजीव मित्रा, रुपेश मिश्रा आदि के सहयोग द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। खेल के अंत मे विजेता व उप विजेता टीम और प्रतिभागी खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य श्री मनुज शर्मा ने सभी को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। शुभकामना दी कि सभी अपना सर्वोच्च प्रर्दशन दें।उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल का भी अपना अलग महत्व है।इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी ध्यान देना चाहिए। इससे ना सिर्फ शारिरिक तंदुरुस्ती रहती है बल्कि बच्चों का मानसिक बिकास भी होता है और बच्चे अनुशासन को भी सीखते हैं और उसका अनुपालन करते है। जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए फलदायी साबित होता है। बेहतर प्रदर्शन के साथ इस फुटबॉल टूनार्मेंट के परिणाम इस प्रकार रहा, विजेता टीम ज्यूस हाउस, उपविजेता टीम एयोलिया हाउस। अधिकतम गोल करने वाला प्रवीन कुमार कक्षा 5 के विधार्थी को प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट खिताब से नवाजा गया।



## पांकी विधानसभा में बह रही है विकास की गंगा : डॉ एसबीपी मेहता



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी(पलामू)** । पांकी विधानसभा के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी प्रखंड अंतर्गत सगालिम में कब्रिस्तान चहारदीवारी, सुडी में कब्रिस्तान चहारदीवारी, आसेहार में कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा व नारियल फोड़कर किया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वाश को आत्मसात कर पांकी विधानसभा क्षेत्र के विकास योजनाओ को जन जन तक पंहुचना मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कब्रिस्तान के चारो ओर से चहारदीवारी निर्माण हो जाने से गंदगी व पशुओ से बचाव होगा। इस मौके पर प्रो. बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि मनोज सिन्हा, नईम साहब, मोबिन मिया, कासिम मियां, खादिम अंसारी, सैम्बुल हुसैन, महताब आलम, मुखिया सुनील प्रजापति, विजय सिंह, संतोष चंद्रवंशी, बालकेश राम, सुरेश राम, बिरेन्द्र मेहता, शिवशंकर पासवान, कार्तिक सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## जनता ने बदलावा का मन बना लिया है : मनोज



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड में होने वाले निकाय चुनाव तो टल गए हैं, लेकिन प्रत्याशी चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं।इसमें नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह लगातार अपने जनसंपर्क कार्यक्रम आपका बेटा आपके द्वार के तहत घर–घर जाकर लोगों से मिल रहे हैं और जन समर्थन जुटाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। वार्ड 4 के गुरियाही मे लोगों से मिलने के दौरान लोगों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया व अपनी पीड़ा व्यक्त की। क्षेत्र भ्रमण के दौरान श्री सिहं कहा कि निगम में नए क्षेत्रों को तो जोड़ा गया लेकिन मूलभूत सुविधाएँ पहुँचाने में वर्तमान निगम की सरकार विफल रही। सिर्फ.जनता से टैक्स वसूला गया लेकिन सुविधाएँ नहीं दीं गईं। इस बार लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है और मेदिनीनगर को उन्नति के मार्ग पर ले जाने के लिए बदलाव होना सुनिश्चित है। श्री सिंह से लोग मुद्दों पर जुड़ रहे हैं, स्थानीय मुद्दों पर अपने चुनाव अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं ।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल जपला में मैजिक शो का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के डिवाइन पब्लिक स्कूल में मैजिक शो का आयोजन हुआ। मैजिक शो में जादूगर एनपी शर्मा ने एक से एक करतब दिखाकर छात्र–छात्राओं का भरपूर मनोरंजन किया गया । इस खेल में छात्र–छात्राओं ने भी जादू की गतिविधियों में प्रतिभाग किया। बच्चों ने जादूगर के साथ साथ मैजिक भी सीखा। दूसरे बच्चों के सामने करतब करके दिखाया। जादूगर का खेल देखकर वहां मौजूद अध्यापक भी दंग रह गए। इस अवसर पर बिद्यालय के निदेशक रवि कुमार सिंह ने कहा कि मैजिक शो का आयोजन छात्र– छात्रों के ज्ञानवर्धन व मनोरंजन के लिए किया जाता हैं। इस अवसर पर विद्यालय के मौजूद रहे।मौके पर बिद्यालय के प्राचार्य रवि कुमार गुप्ता ने कहा की इस तरह के आयोजन से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है।साथ ही बच्चों में ज्ञान और विज्ञान के बारे में जानने समझने का अवसर मिलता है। मौके पर बिद्यालय के शिक्षक बिजय मुन्ना, राजेश शर्मा,सुनीता देवी, सबाना, सुल्ताना,बिकेश कुमार,राजेश मेहता,शशिकांत मेहता,आकांक्षा कुमारी, खुशी,मशरुर आलम,ग्रिजेस कुमार समेत सैकड़ो की संख्या मे छात्र–छात्राए मौजूद थे।

## शांति प्रवक्ता प्रेम रावत का 65वां जन्म दिवस श्रद्धालुओं ने धूमधाम के साथ मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू** । हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 65वीं जन्म दिवस पर भक्तों ने धूमधाम से मनाया। इस दौरान हरिहरगंज, अररूआ खुर्द, तूरी, मझिगावां, बघना, पड़रिया, माडादाग, दुबरीडीह, निकटवर्ती संडा, सरईवार, बलूवाड़ी, इब्राहिमपुर सहित कई राज विद्या केंद्रो पर बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। अररुआ खुर्द केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने प्रेम रावत जी के चित्र पर आरती उतारा और पूजा अर्चना कर केक काटकर उनका जन्म दिन मनाया। वहीं शिक्षक सरोज चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम रावत जी एक ख्याति प्राप्त शांति का संदेश देने वाले महापुरुष हैं। इनके अनुयायी पूरे दुनिया में प्रेम का संदेश फैलाने में सहायक हैं। साथ ही राज विद्या केंद्र संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य संपूर्ण विश्व में चलाया जाता है। इनके बताए मार्ग पर चलकर हम जीवन को सफल बना सकते हैं।उक्त सभी राज विद्या केंद्रों में शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी द्वारा अंजन टीवी के माध्यम से शांति का संदेश प्रसारण किया गया। जिसमें महिला पुरुष हजारो लोगों ने संदेश सुना।इस दौरान कई केंद्रों पर भव्य भंडारा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र सहायक सह शिक्षिका मधु कुमारी, सेवा सहायक सह संवाददाता कृष्णा प्रसाद गुप्ता, प्रचार सहायक दिनेश पासवान, कृष्णा यादव, अमन गुप्ता, उपेंद्र चौधरी, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुमित्रा देवी, केदारनाथ ठाकुर, नवीन कुमार पांडेय, रामप्रसाद यादव, देवंती देवी, उमेश साव, गोपाल गुप्ता, घनश्याम शर्मा, अक्षय कुमार सिंह, राजन साव, सुनील पाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।



## सीबीएसइ रिजनल रॉउड में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शनिवार को लोयेला स्कूल पटना में सीबीएसई रिजनल रॉउड का आयोजन हो रहा है, जिसमें विद्यालय की टीम ने (बिहार और झारखण्ड) के 30 स्कूलों में से सेमीफाइनल के लिए मात्र छः विद्यालयों का चयन हुआ।

सीबीएसई हैरिटेज इंडिया क्यूज सेमीफाइनल के प्रथम छः टीमों में अपना स्थान बनाने पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामना तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



**विद्यालयों का नाम इस प्रकार है**

1.ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर – 10
2.सुरेन्द्रनाथ सेन्टेनरी विद्यालय रॉची
3.सैनिक स्कूल गोपालगंज बिहार
4.डी.ए.वी. हजारीबाग
5.डी.पी.एस. रॉची
6.एस.डी.एम.एस जमशेदपुर

## वनवासी कल्याण केंद्र ने असहाय बुजुर्गों को दिया कंबल



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** वनवासी कल्याण केन्द्र छतरपुर के द्वारा असहाय वनवासी, बुजुर्ग महिला–पुरूषों के बीच कंबल का वितरण कार्यक्रम ठाकुर बाड़ी मंदिर प्रांगण में किया गया। यह कंबल रमेशचन्द्र मेमोरियल चैरिटेबल सोसायटी ट्रस्ट दिल्ली के द्वारा उपलब्ध कराया गया था। इस कार्यक्रम में प्रांत श्रध्दा जागरण प्रमुख रामजी उरांव,जिला संगठन मंत्री अम्बिका सिंह, संच प्रमुख देवेन्द्र सिंह, छतरपुर नगर अध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह, नगर उपाध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता,सह सचिव मनोज कुमार, सह कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, जनजातीय सुरक्षा मंच छतरपुर के आयाराम उरांव, सामाजिक समरसता प्रमुख पप्पू उरांव, सुनील कुमार, रितेश कुमार कंबल वितरण समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित थे। इनके अलावे धर्म जागरण समन्वय (संस्कृति प्रमुख) पलामू बालयोगी संत विभु सुमनजी ब्रह्मचारी भी शामिल रहे।

# स्पोर्ट्स



फीफा विश्व कप से बाहर होने पर ब्राजीली दिग्गज नेमार ने कहा- यह हार उनके लिए बुरे सपने की तरह

## ब्राजील को हरा क्रोएशिया सेमीफाइनल में, पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से दी मात

**दोहा।** कतर में खेले जा रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप के पहले क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया ने उलटफेर करते हुए पांच बार के चैम्पियन ब्राजील को हरा दिया है। क्रोएशिया ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से ब्राजील को मात दी। इस जीत के साथ क्रोएशिया इस वर्ल्ड कप की पहली सेमीफाइनलिस्ट टीम बनी। वहीं फीफा वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी बार क्रोएशिया सेमीफाइनल में पहुंची है। इस मैच में ब्राजील के लिए उसके स्टार खिलाड़ी नेमार ने गोल दाग कर टीम की उम्मीदों को बढ़ाया था लेकिन आखिर में वो टीम को जीत नहीं दिला सके। ब्राजील और क्रोएशिया के बीच यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जो निर्धारित 90 मिनट तक बिना किसी गोल के बराबरी पर रहा। उसके बाद मिले आधे घंटे के एक्स्ट्रा टाइम के पहले हॉफ के एक्स्ट्रा टाइम में नेमार ने गोल कर सनसनी मचा दी। नेमार ने 106वें मिनट में गोल दागकर ब्राजील को 1-0 से बढ़त दिलाई। अपने इस 77वें इंटरनेशनल गोल से नेमार ने इतिहास रचते हुए महान फुटबॉलर पेले की बराबरी भी की। हालांकि ब्राजील की खुशी ज्यादा देर तक नहीं रही और मैच के दूसरे एक्स्ट्रा टाइम में यानि 117वें मिनट में ब्रूनो पेट्कोविच ने गोलकर क्रोएशिया को बराबरी पर ला दिया। इसी के साथ मैच अब मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंच गया। पेनल्टी शूटआउट में क्रोएशिया ने जहां अपने सभी चारों शूटआउट को गोल में परिवर्तित किया, वहीं ब्राजील ने अपना पहला शूटआउट मिस किया। इसके बाद दूसरे और तीसरे शूट को ब्राजील ने सफल बनाया लेकिन चौथे शूट को फिर मिस कर दिया। इस तरह क्रोएशिया ने दुनिया की नंबर एक टीम को पेनल्टी शूटआउट के 4-2 के नतीजे से हरा दिया। इस हार ने ब्राजील के फुटबॉल वर्ल्ड कप जीतने के 20 साल के इंतजार को और बढ़ा दिया।



### 15 वां जेड स्नूकर एवं पूल चैंपियनशिप 19 दिसंबर से आयोजित



**रांची (आजाद सिपाही)** । 15 वां जेड स्नूकर एवं पूल चैंपियनशिप, गेमर्स गैराज,बरियातू स्थित क्लब में 19 दिसंबर से आयोजित होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट डॉक्टर मोहम्मद जाकिर के जन्मदिन पर हर साल आयोजित किया जाता है। इच्छुक खिलाड़ी मास्टर स्नूकर, सिक्स रेड स्नूकर, मिनी स्नूकर, 9 बॉल्स तथा पूल में भाग ले सकते हैं। इसके लिए इच्छुक खिलाड़ी यश किंगर (91550 8000), राहुल कुमार (8210017182), इंद्र (93413 16822) और जाकिर सर (8210993266) से संपर्क कर सकते हैं। सभी इवेंट्स के विजेताओं एवं उप विजेताओं को नकद राशि तथा ट्रॉफी से पुरस्कृत किया जाएगा ।

## जिम्बाब्वे के लिए खेलते नजर आएंगे इंगलैंड के बल्लेबाज गैरी बैलेंस, किया दो साल का करार

**हरारे।** इंग्लैंड के बल्लेबाज गैरी बैलेंस अब जिम्बाब्वे के लिए खेलते नजर आएंगे। बैलेंस ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के लिए जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड से दो साल का करार किया है। बैलेंस का जन्म भी जिम्बाब्वे में ही हुआ है। देश में खेल के शासी निकाय ने एक बयान में कहा, जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि गैरी बैलेंस ने अपने जन्म के देश में और उसके लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए दो साल के अनुबंध पर सहमति जताई है।

## खेल का समापन: खेल को मनोरंजन के साथ ही बालिकाएं करियर के रूप में भी अपनाएं : नियोति

# बालिकाओं में प्रतिभा की कमी नहीं : डॉ लंबोदर

### पोंडा में आयोजित बालिका फुटबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



फुटबॉल व कबड्डी की बालिका विजेता टीमों के साथ विधायक डॉ लंबोदर महतो, कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति डे व अन्य

**कसमार/बेरमो)।** कसमार प्रखंड के पोंडा स्थित खेल मैदान में सहयोगिनी संस्था की ओर से आयोजित 16 दिवसीय अभियान का शनिवार को समापन हुआ। जिसमें कसमार प्रखंड की चार पंचायत की बालिका फुटबॉल टीमों के बीच टूर्नामेंट हुआ। साथ ही पोंडा, गर्री और सोनपुरा की टीम के बीच कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति डे, थाना प्रभारी रामाकांत गुप्ता, मुखिया हारू रजवार, पंसस रवि कुमार, नागेंद्र कुमार नायक, मंजू देवी और संस्था की सचिव कल्याणी सागर आदि शामिल हुए। सभी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गोमिया विधायक ने कहा कि आज कबड्डी हो या फुटबॉल, हर खेल में लड़कियां बाजी मार रही है। अब लड़कियां जिला, राज्य से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता के परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि किशोरियों के बीच फुटबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता की शुरूआत सहयोगिनी संस्था की बेहतरीन पहल है। इससे बालिकाओं के बीच खेल प्रतिभा में निखार आएगी। साथ ही क्षेत्र में लड़कियां खेल में बेहतर प्रदर्शन कर अपना एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। वहीं, प्रमुख नियोति डे ने कहा कि खेल को सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि कैरियर के रूप में देखने एवं नजरिया बदलने की जरूरत है। इससे बालिकाओं में खेल भावना का विकास होगा। उन्होंने कसमार प्रखंड की चारों किशोरी फुटबॉल टीम को बधाई देते हुए हरसंभव सहयोग की बात कही।

### बेटियों को भी मिले समान अधिकार : कल्याणी

वहीं, संस्था सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि समाज और परिवार में बेटियों को भी आगे बढ़ने के लिए हर क्षेत्र में समान अवसर मिलना चाहिए। टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला पोंडा और सोनपुरा की टीम के बीच हुआ, जिसमें सोनपुरा ने पोंडा की टीम को 5 गोल से पराजित किया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मंजुरा एवं गर्री टीम के बीच हुआ, जिसमें मंजुरा की टीम ने गर्री की टीम को तीन गोल से पराजित किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोनपुरा और मंजुरा की टीम के बीच हुआ। इसमें सोनपुरा की टीम ने मंजुरा को एक गोल से हराया। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में सोनपुरा की टीम ने गर्री की टीम को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट के समापन के बाद खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल व अन्य उपहार देकर संस्था ने सम्मानित किया। इस मौके पर कल्याणी सागर, निदेशक गौतम सागर, वार्ड सदस्य खीरी देवी, सूर्यमणि देवी, किरण कुमारी, शेखर शरदेंदु, मंजू देवी, सरोज अड्डी, रवि राय, हबीब नाज, प्रीतम सागर आदि उपस्थित थे।

## धरना दे रहे रैयतों व पुलिस के बीच नोकझोंक, चार हिरासत में



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** मुआवजा और नियोजन की मांग को लेकर शनिवार को बीसीसीएल एरिया 4 के भूमि आउटसोर्सिंग उत्खनन स्थल में बैठे रैयतों के साथ पुलिस की नोकझोंक हो गई। इसके बाद पुलिस ने चार रैयतों को हिरासत में ले लिया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

बतातें चले कि विगत सोमवार से बाघमारा के तेतुलमारी थाना क्षेत्र स्थित बीसीसीएल एरिया-4 में संचालित भूमि आउटसोर्सिंग कंपनी में रैयत पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मुआवजा और नियोजन की मांग को लेकर धरना दे रहे थे। सैकड़ों ग्रामीण उत्खनन स्थल पर पहुंच कर काम बंद करा रहे थे। इसकी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद रैयतों के साथ पुलिस की नोकझोंक हो गई। पुलिस चार तैयतों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। वहीं रैयत के परिजन शोभा देवी ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी बिना मुआबजा व नियोजन दिए उनकी जमीन से कोयला निकाल रही थी। जिसके विरोध में पूर्व सूचना के बाद धरना दिया जा रहा था। पुलिस, बीसीसीएल, आउटसोर्सिंग प्रबंधन मनमानी कर रहे है। पुलिस जबरन उनके पति, देवर व दो भांजों को पकड़ कर थाने ले गई है।

## राज्यस्तरीय कबड्डी में बोकारो के बालक व बालिका टीमें लेंगी हिस्सा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** धनबाद जिले के गोमो रेलवे मैदान में रविवार से सीनियर राज्यस्तरीय गोल्ड कप कबड्डी प्रतियोगिता शुरू हो रही है, जो 13 दिसंबर तक चलेगी। उक्त प्रतियोगिता में बोकारो जिला कबड्डी के बालक व बालिका टीमें हिस्सा लेंगी। उक्त जानकारी बोकारो जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव मनोज कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को लेकर बोकारो जिला कबड्डी बालक व बालिका टीम की घोषणा कर दी गई गै। जिसमें मिथिलेश कुमार, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, रोहित कुमार, मोनू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शैंपू कुमार, आयुष कुमार, पवन कुमार, प्रिंस कुमार, विकास कुमार, कोच सनी कुमार वाटी और मैनेजर चिंटू कुमार शामिल हैं, जबकि बालिका वर्ग में ईशा कुमारी, उमा कुमारी, सलोनी कुमारी, सुधा कुमारी, पूजा कुमारी, सुजाता कुमारी, रिया पटेल, नीतू कुमारी, जूही परवीन, रिया कुमारी, प्रमिला कुमारी, दुर्गा कुमारी, कोच शशि कुमारी शामिल हैं। कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए बोकारो जिला की कबड्डी टीम शनिवार को गोमो के लिए रवाना हो गई।

## पीड़ित दुकानदारों से मिले विधायक बिरंची नारायण, दिया हर संभव मदद का आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** विधायक बिरंची नारायण शनिवार को आठ पीड़ित दुकानदारों से मिले, जिनकी दुकानें शुक्रवार की रात सेक्टर 6 में लगी आग के चलते जलकर राख को गई थी। दुकानदारों ने विधायक को बताया कि बोकारो सेक्टर-6 में अचानक देर रात बारातियों द्वारा छोड़े गए पटाखों से यह आग लगी है। आग लगने की सूचना दुकानदारों ने अग्निशमन विभाग को दी। जिसके बाद तुरंत दमकल के चार इंजन मौके पर पहुंच गए और कुछ देर के अथय प्रयास से आग पर काबू पा लिया। दुकानदारों का दावा है कि आग लगने से उन्हें करीब 20 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

### ये है मामला

सेक्टर 6 स्थित एक दुकान में शुक्रवार की देर रात करीब एक बजे अचानक आग लगी गई। देखते ही देखते आग ने एक-एक कर आठ दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। यह देख दुकानदार भी मौके पर पहुंच गए। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि घटना से कुछ देर पहले ही वहां से बारात गुजरी थी। जिसमें शामिल कुछ लोग पटखा फोड़ रहे थे। पटाखे की चिंगारी से झोपड़ी नुमा दुकानों में आग लग गई। दुकानदारों ने कहा कि पूरे परिवार पर रोजी रोटी का संकट आ गया है। हमारी पूरी पूंजी ही जल गई। सरकार से आग्रह है कि हमारी मदद करें, ताकि हम अपने पैरों को फिर से खड़ा हो सकें। उधर, पीड़ितों का बयान सुनने के बाद विधायक ने बोकारो डीसी से बात की। उन्होंने दुकानदारो को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार सभी का मुआवजा मिलेगा। उधर, विधायक बिरंची नारायण के नेतृव में बोकारो डीसी से सेक्टर 1 राम मंदिर व सेक्टर सिक्स के दुकानदार का प्रतिनिधि मंडल मिलकर अपनी व्यथा सुना कर पत्र सौंपा। जीसी ने भी उन्हें यथा संभव मदद का भरोसा दिया है। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटना न हो इसे लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी देने की बात कही। इस मौके पर जिला महामंत्री संजय त्यागी, महेंद राय, विनय किशोर, राजीव मालाकार, दीपक सिंह, नीपू सिंह, रामू भाई, लालू सिंह, छोटू तिवारी, अमरनाथ दास, राष्मीना देवी और अमलु महतो उपस्थित थे।

## अपने अंदर आत्मविश्वास का दीप जलाएं, वो कभी नहीं बुझेगी: सतेंद्र



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** डीएवी ढोरी में वायु प्रदर्शन जागरूकता सह बाल कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्विच ऑफ फाउंडेशन कोलकाता की ओर से महिला कल्याण समिति ढोरी द्वारा आयोजित किया गया था। जिसकी अध्यक्षता मकस संयोजक श्याम कुंवर भारती और संचालन डीएवी ढोरी के संयोजक एसके शर्मा ने किया। बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डीएवी ढोरी के प्रधानाध्यापक सतेंद्र कुमार और पूर्व पार्षद सह सीसीएल ढोरी के कल्याण समिति सदस्य कैलाश ठाकुर आदि ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने टीडी नायक, नागेंद्र प्रताप सिंह, विनीत तिवारी और नीरज पाठक उपस्थित होकर अपनी अपनी वायु प्रदूषण पर रचनाएं पेश की। प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि आपके अंदर आत्मविश्वास का दीप जल गया तो उसे बुझाने वाला कोई नहीं है। इस कारण खुद पर विश्वास रख कर कोई कार्य करे सफलता अवश्य मिलेगी।

## पत्रकारों से दुर्व्यवहार का भाजपा, कांग्रेस और आजसू ने की निंदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह।** प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार से संबंधित खबर प्रकाशित किए जाने से नाराज नावाडीह बीडीओ संजय शांडिल्य द्वारा पत्रकारो को कार्यालय में नहीं आने का दिए गए फरमान का भाजपा, कांग्रेस और आजसू नेताओं ने कड़े शब्दों में निंदा की है। भाजपा के डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नेता सुरेंद्र कुमार ने शनिवार को बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी से फोन पर बात कर उक्त बीडीओ पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र में मीडिया को चौथा स्तंभ माना गया है। वाबजूद इसके उनके साथ अधिकारी द्वारा दुर्व्यवहार अशोभनीय है। वहीं, फुलचंद किस्कु, रणविजय सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इमरान अंसारी, सचिव तिलक तुरी, आजसू के सुरेश महतो और दीपू अग्रवाल ने भी निंदा की है।

## अमर गोप हत्याकांड की जांच में पुलिस की ढुलमुल रवैये से परिजन हताश, सपरिवार आत्महत्या की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जोड़ापोखर।** थाना क्षेत्र के जेलगोड़ा पोस्टऑफिस के निकट रहने वाले हराधन गोप के बेटे अमर गोप की हत्याकांड ने तूल पकड़ लिया है। मृतक की मां राधा देवी, भाई इंद्र कुमार और पिता हराधन गोप ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शनिवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर सपरिवार आत्महत्या की चेतावनी दी है। मृतक के पिता ने कहा कि सुदामडीह पुलिस 48 घंटे के अंदर सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करेगी तो जोड़ापोखर थाना के समीप सपरिवार आत्महत्या करेंगे। बताया कि जेलगोड़ा भूली टाइप क्नीवासी नील कमल सेन नामक युवक ने विगत नौ नवंबर की शाम अमर गोप को जन्म दिवस की पार्टी में शामिल होने के नाम पर घर से बुलाकर ले गया था। रात 11 बजे दूसरे युवक ने फोन कर अमर को गोली का छर्रा लगने की सूचना दी। हराधन गोप का आरोप है कि उनके बेटे की मौत इलाज में विलंब होने के कारण हुई है। घटना में शामिल धीरज सिंह ,उपेंद्र पांडेय और सोनू पांडेय सभी आरोपी हैं, जो चासनाला क्षेत्र में रहते हैं। घटना के एक माह बीत जाने के बाद भी सुदामडीह पुलिस किसी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

## शिक्षकों की कमी से जूझ रहा कनकनी मध्य विद्यालय, अभिभावकों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता






**लोयाबाद।** कनकनी मध्य विद्यालय में विज्ञान और गणित की पढ़ाई नहीं होने से अभिभावकों में आक्रोश है। अभिभावक राजू रविदास, बिनोद कुमार, सीताराम चौहान, भरत चौहान, राजू मिर्धा, संजय मिर्धा, सोनू मिर्धा, रवि मिर्धा, सुनील मिर्धा, अवधेश गुप्ता आदि ने नाराजगी जाहिर की है। कांग्रेस भी अभिभावकों का पक्ष लेते हुए नाराजगी को जायज ठहराया है। वरिष्ठ नेता इम्तियाज अहमद ने धनबाद डीसी व डीएसई को पत्र लिखकर कनकनी मध्य विधालय में गणित व विज्ञान के शिक्षक की जल्द नियुक्ति की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि स्कूल में 228 विद्यार्थी है। महीनों से गणित और विज्ञान की पढ़ाई नहीं हो रही है। दोनों विषय के शिक्षकों का तबादला कर दिया गया। दोबारा इस विषय के शिक्षक की यहां पदस्थापना नहीं की गई है। इस समय प्रिंसिपल सहित चार शिक्षक के भरोसे ही 228 बच्चे का भविष्य है।

### पढ़ाई नहीं हो रही तो गणित व विज्ञान की परीक्षा कैसे : इम्तियाज अहमद

कांग्रेस नेता इम्तियाज अहमद ने कहा कि जब दो विषय की पढ़ाई ही नहीं हो रही है तो बच्चे विज्ञान और गणित की परीक्षा कैसे देंगे। मामला गंभीर है। पत्र डीसी और डीएसई को दिया गया है। अविलंब यहां शिक्षक की प्रतिनियुक्ति होनी चाहिए और दोषी जिला शिक्षक प्रबंधन पर कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसा नहीं होने पर अभिभावकों संग कांग्रेस भी आंदोलन करनो को बाध्य होगा।

## सुलतान अहमद के कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओ में खुशी



**महुदा (आजाद सिपाही)।** सुलतान अहमद को झारखंड प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बाघमारा के सिजुआ में कार्यकर्ताओं ने हर्ष का माहौल है। शनिवार को जोगता मोड़ और लोयाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं सुलतान अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है, वे उसपर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगें। पार्टी को प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत करेंगें। इस मौके पर युवा कांग्रेस के कतरास नगर अध्यक्ष विकास सिंह, बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष शहजादा हुसैन, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कोऑर्डिनेटर मो मुस्तकिम अंसारी, मोनी भट्टाचार्य, बबलू सिन्हा, मुन्ना खान, स्वामी नाथ ठाकुर, अदिनाथ घोष, मुकेश गुप्ता, हलीम अंसारी, नुरू हसन, सुदर्शन सिंह, मंटु सिंह, राजीव रंजन प्रसाद आदि शामिल थे।

## गुटबाजी चरम पर : दिल्ली में ही जमे बोकारो के कई नेता-कार्यकर्ता

# बोकारो जिला कांग्रेस में अध्यक्ष मनोनयन पर असंतोष दिल्ली पहुंच कर मल्लिकार्जुन खड़गे से की शिकायत

### राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से भी मिलकर वस्तु स्थिति से कराया गया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जरीडीह बाजार/बेरमो।** बोकारो जिला कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। जिलाध्यक्ष के मनोनयन को लेकर गुटबाजी चरम पर पहुंच चुकी है। कांग्रेस के एक गुट ने जिला अध्यक्ष के मनोनयन पर सवाल उठाते हुए इसकी शिकायत दिल्ली तक कर दी है। खबर है कि एक गुट दिल्ली जाकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिलकर बोकारो जिला कांग्रेस अध्यक्ष के मनोनयन की प्रक्रिया पर असंतोष व्यक्त करते हुए वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया। कांग्रेस नेता प्रमोद कुमार सिंह और जवाहर लाल माहथा ने शीर्ष नेतृत्व को बताया कि जिला अध्यक्ष के मनोनयन प्रक्रिया में 65,000 से ज्यादा सदस्य बोकारो जिले में बनाने वाले को दरकिनार किया गया और शॉर्टलिस्ट में नाम नहीं रहने के बावजूद प्राथमिक सदस्य नहीं रहने वाले व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बना दिया गया है। निजी स्वार्थ में नेतृत्व को गुमराह किया गया है। उक्त शिष्टमंडल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पूरे मामले की शीघ्र जांच कर आवश्यक कर्रवाई का आश्वासन दिया है। इस मामले को लेकर अभी भी बोकारो से कई नेता दिल्ली में जमे हुए हैं।



कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से मिलकर शिकायत करता बोकारो जिला नेतृत्व का एक गुट।

## संत निरंकारी सत्संग भवन में हुआ युवक-युवती का विवाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली/बेरमो।** फुसरो नगर परिषद के वार्ड नंबर 13 ढोरी ग्राउंड के समीप संत निरंकारी सत्संग भवन में असमर्थ युवक और युवती का विवाह कराया गया। जिसमें निरंकारी समाज के जोनल इंचार्ज धनबाद रीजन के जीएस मित्तर उपस्थित होकर वर वधू को आशीर्वाद दिए। विवाह निरंकारी रीति रिवाज के अनुसार किया गया। इसमें एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर और वर ने वधू की मांग में सिंदूर भरकर गुरु का आशीर्वचन लिया। यह विवाह बिना किसी दहेज के हुआ। विवाह सुभाष नगर निवासी रामचंद्र घांसी की पुत्री जूली का सुभाष नगर निवासी बचन राम के बेटे सन्नी के साथ संपन्न हुआ। विवाह समारोह में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होकर वर-वधू को आशीर्वाद दिए। सभी अतिथियों के लिए संत निरंकारी परिवार के तरफ से भोजन की व्यवस्था की गई थी। आशीर्वाद देने वालों में गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, नगर परिषद फुसरो के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, वार्ड नंबर 13 के वार्ड पार्षद श्रीकांत मिश्रा, वार्ड नंबर 19 के वार्ड पार्षद कविता कुमारी, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष भाई प्रमोद सिंह, मध्य विद्यालय ढोरी के शिक्षक प्रमोद कुमार सहित कन्हैया कुमार, राजेश्वर महतो, राजेश कुमार, बाबूलाल महतो, हरिचरण दास, अजय मेहरा, संजय राम, अज्जू कुमार, मिश्रवर कुमार, शिव भूषण दास, अनमोल बावरी, दयालदास, सुदर्शन समाज महासंघ के शंकर राम आदि मौजूद थे।

# बरियातू में खुली हॉट लिप्स रेस्तरां की शाखा

● आधुनिकतम सुविधाओं से है लैस

आजाद सिपाहीसंवाददाता



**रांची।** शहरवासियों को स्वादिष्ट और लजीज व्यंजन उपलब्ध कराने में अपनी खास पहचान रखनेवाले हॉट लिप्स ग्रुप की एक और शाखा रांची के बरियातू में खुली है। शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय गोपाल साहू की स्मृति में इसका उद्घाटन बड़ी संख्या में अतिथियों के फीता काट कर किया।

बरियातू में रॉयल इनफील्ड शोरूम के नजदीक स्थित यह रेस्तरां भी आधुनिकतम सुविधाओं से लैस है। बरियातू स्थित हॉट लिप्स रेस्तरां में शाकाहारी एवं मांसाहारी दोनों तरह के व्यंजन उपलब्ध हैं। मुख्य रूप से इंडियन, चाइनीज, कॉन्टिनेंटल सहित कई प्रकार के शुद्ध स्वादिष्ट व्यंजनों को शामिल किया गया है। इस रेस्तरां में एक साथ 150 लोगों की बैठने की व्यवस्था है।

उद्घाटन के अवसर पर हॉट लिप्स के संचालक रंजन कुमार ने बताया कि जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए बरियातू में हॉट लिप्स रेस्तरां खोला गया है। यहां मुख्य रूप से आकर्षक इंटीरियर डिजाइन, हाइजीनिक किचन की व्यवस्था की गयी है। यह सुबह 10:30 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक खुला रहेगा। लोगों की सुविधा के लिए होम डिलीवरी की भी व्यवस्था की गयी है जो कि पूरी तरह निःशुल्क होगी।

बता दें कि हॉट लिप्स रेस्तरां झारखंड गठन के पूर्व 1987 से ही स्वादिष्ट व्यंजनों एवं कैटरिंग सेवा के लिए जाना जाता है। हाल ही में कांके रोड स्थित हॉट लिप्स की री- लांचिंग भी हुई है। कांके में ही इसकी एक शाखा गोकुल रेस्तरां रांची के टॉप आधुनिक रेस्तरां में शामिल है।

## अब साइबर लुटेरों के निशाने पर नाबालिग बच्चे भी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही संवाददाता)। कटक में पहली बार एक अलग तरह का साइबर फ्रॉड हुआ है। साइबर लुटेरे उन युवतियों को निशाना बनाते हैं, जो रोजमर्रा की ऑनलाइन चीजें मगाती हैं। पहले इसने अनालाइन डिलीवरी दिया और फिर उसमें से बदबूदार कपड़ा निकला। इसके बाद लुटेरे ने फोनपे लिंक के जरिए पैसे लूट लिया। हालांकि, इस गिरोह की उत्पत्ति पड़ोसी राज्यों में स्पष्ट है, जो सिंपल और भारी ऑनलाइन उपयोगकर्ताओं को निशाना बनाता है, जबकि हाल के दिनों में कई साइबर लूट का सामने आयी हैं, इस तरह की घटना ओडिशा में पहली है।




## अरमा लठदाग में लड़ुवा पूस जतरा का आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लड़ुवा पुस जतरा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मांडर विधानसभा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने फिता काटकर किया। सन्नी टोप्पो ने कहा कि परंपरा के प्रतीक जतरा को हमारे पूर्वजों की देन बताया और इसे इसी स्वरूप में बरकरार रखने का आहवान किया, आदिकाल से जतरा का आयोजन हमारे पूर्वज करते आ रहे हैं, आज समय जरूर बदला है लेकिन हम अपने पुर्वजों की विरासत को बचाये रखने में सफल हुए हैं, उन्होंने युवाओं को नशापान से दुर रहने क सलाह दिये। मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव,आयोजन कमेटी का अध्यक्ष कमलेश गोप, उपाध्यक्ष, कैलाश गोप, सचिव दीपक गोप संरक्षक मदरा मुंडा मांगा तिर्की,चरकू साहू, विजय सिंह,जर्नादन दास,संदीप साहू, महादेव कूजूर, फलींदर ठाकुर, भदइ महली, बंधना उरांव, संतोष बड़ाइक,अजय कुमार, अभिमंत कुमार सिंह, अनुप कुमार, पंकज सिंह, रमेश उरांव, सरोज कुमार गुड़िया, नवोध कुमार सिंह, रंगबहादुर सिंह, राजेंद्र सिंह, अजय कुमार साहू, राजेंद्र गोप सहित हजारों की संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

## सोआ ने वार्षिक बिजनेस कॉन्क्लेव 'स्केलर्ज 2022' का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केपीएमजी के वरिष्ठ एसोसिएट निदेशक साहिल नायर ने शनिवार को कहा कि विश्वविद्यालयों या कॉलेजों में सीखना महत्वपूर्ण है, लेकिन छात्रों को अनिश्चित भविष्य की आवश्यकताओं का सामना करने के लिए पर्याप्त गहराई बनाने और अपने ज्ञान का विस्तार करने की आवश्यकता है। श्री नायर ने सोआ डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के सभागार में वार्षिक व्यापार सम्मेलन सोआ स्केलर्ज 2022' में मुख्य भाषण देते हुए कहा कि हम एक ऐसे युग में रह रहे हैं जिसमें बाधा खेल का नाम है और भविष्य डरावना दिखता है।

सोआ के प्रो-चांसलर प्रोफेसर अमित बनर्जी, जिन्होंने उद्घाटन कार्यक्रम को भी संबोधित किया, उन्होंने कहा कि आज प्रबंधन में डिग्री महत्वपूर्ण है, क्योंकि इंजीनियरिंग, चिकित्सा, फार्मास्यूटिकल्स और कानून जैसे विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर अपने पोर्टफोलियो को और मजबूत करने के लिए अपने करियर में देर से इसकी मांग कर रहे थे।

उपस्थित पैनलिस्टों में सुशांत कुमार इंडिया लीड-यूनिवर्सिटी रिलेशंस- टाटा टेक्नोलॉजीज, देबरघा देब राष्ट्रीय प्रबंधक एचआर डाबर इंडिया लिमिटेड, हर्ष राज जैन टीएजी लीडर एपीएसी-एबिक्स इंक, मृणाल दास निदेशक टीए डिलिवरी प्रमुख- एरिक्सन, अनिंदिता महापात्र पीपल एक्सपीरियंस आर्किटेक्ट-क्योरबे टेक्नोलॉजीज, डॉ तनया मिश्र उपाध्यक्ष और प्रमुख एचटी-एंडो इंटरनेशनल पीएलसी, वीना रामदासानी एसोसिएट डायरेक्टर टीए- यूबीएस, जोशुआ डेविड इंडिया कैंपस लीड-एमफैसिस, राहुल पी एसोसिएट प्रिंसिपल टैलेंट एक्विजिशन- द मैथ कंपनी, अबिनमाश महापात्र प्रमुख केपीआइटी टेक्नोलॉजीज और उज्ज्वल सेनगुप्ता उप महाप्रबंधक एचआर-रिलायंस जियो सामिल थे।

## अच्युत सामंत ने इफू मलिक को वित्तीय सहायता देने के लिए ओड़िशा मुख्यमंत्री की सराहना की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कंधमाल से लोकसभा सांसद डॉ अच्युत सामंत ने कंधमाल जिले के एमबीबीएस छात्र इफू मलिक को वित्तीय सहायता देने के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की ओर से धन्यवाद और गहरा आभार व्यक्त किया है। निट परीक्षा पास करने वाले और कोरापुट के एक मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेने वाले इफू को अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए वित्तीय बाधाओं का सामना करना पड़ा। राज्य सरकार ने उनके पूरे शिक्षा खर्च को आगे बढ़ाने और वहन करने का फैसला किया। सामंत ने कहा कि पूर्ण सहायता से किया गया व्यवहार मुख्यमंत्री की इस पुष्टि की गवाही देता है कि ओड़िशा मो परिवार। सीएम से मुलाकात के बाद शनिवार को इफु ने डॉ सामंत से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डॉ सामंत ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया और उनके विविध खर्चों में सहयोग देने की घोषणा की। किस फाउंडेशन पहले ही उनके खाते में 60,000 रुपये जमा करा चुका है. उनके चिकित्सा पढ़ाई के पूरा होने तक उनका खर्च फाउंडेशन द्वारा वहन किया जायेगा। डॉ सामंत ने यह भी घोषणा की कि इफू के दोनों भाइयों को किस में रोजगार की पेशकश की जाएगी, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा। इफु ने उन्हें और उनके भाइयों को दिये गये समर्थन के लिए डॉ सामंत और किस फाउंडेशन के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**